


दैनिक अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान
पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित




वर्ष 39 | चंडीगढ़, शनिवार, 23 नवंबर, 2024 | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष: अष्टमी विक्रमी संवत-2081 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 324 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ : 12







# गीता जयंती मेले में तंजानिया होगा कंट्री पार्टनर, उड़ीसा बनेगा सहयोगी राज्य: सीएम सैनी

मुख्यमंत्री ने गीता जयंती कार्यक्रमों का किया औपचारिक ऐलान

28 नवंबर से कुरूक्षेत्र में होगा आयोजन

अर्थ प्रकाश/ साजन शर्मा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने ऐलान किया है कि अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का लगातार विस्तार हो रहा है। जिसके चलते इस साल 28 नवंबर से 15 दिसंबर तक आयोजित होने वाले गीता जयंती महोत्सव में अफ्रीकी महाद्वीप का देश तंजानिया जहां कंट्री पार्टनर होगा वहीं उड़ीसा इस बार राज्य पार्टनर की भूमिका में गीता जयंती महोत्सव में शामिल होगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत के दौरान गीता जयंती महोत्सव का औपचारिक ऐलान किया। इस अवसर पर ओडिशा के कैबिनेट मंत्री सूर्यवंशी सूरज और तंजानिया की उच्चायुक्त, अनीसा के. मबेगा तथा गीता



अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की जानकारी देते सीएम नायब सैनी। साथ में तंजानियां की उच्चायुक्त अनीसा के मबेगा, ओडिशा के भाषा. साहित्य और संस्कृति राज्य मंत्री सूर्यवंशी सूरज और गीता स्वामी ज्ञानानंद महाराज। फोटो: अजय गौतम

मनीषी स्वामी ज्ञानानंद भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का इस बार 28 नवंबर से 15 दिसंबर तक आयोजन होगा। यह आयोजन 18 दिन तक चलेगा। 2016 से यह महोत्सव चल रहा है। इस महोत्सव में लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस मेले को देश विदेश में लोकप्रियता मिली है। 2023 में इस महोत्सव में 45 लाख लोगों ने 18 अलग-अलग दिनों में हिस्सेदारी की थी। मुख्यमंत्री ने बताया कि 2019 में मॉरिशस, लंदन, कनाडा, आस्ट्रेलिया, श्रीलंका और इंग्लैंड में भी अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव मनाया गया था। गीता के 5151 वर्ष पूरे होने पर पीएम मोदी ने चिंता जाहिर की थी।

गीता का संदेश पूरी दुनिया में जाना चाहिए। गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज पूरी दुनिया में गीता का संदेश फैला रहे हैं। उन्होंने बताया कि तंजानिया पैवेलियन में संस्कृति, अध्यात्म और वहां के रहन-सहन से लोग रूबरू होंगे। तंजानिया और भारतीय संस्कृति का आपस में गहरा संबंध हैं, तंजानिया में भी प्रवासी भारतीय गीता और रामायण का पाठ करते हैं। इसके साथ ही ब्रह्मसरोवर के तट पर उड़ीसा की शिल्पकला के दर्शन भी होंगे। जगन्नाथ भगवान पुरी के गीता महोत्सव में साक्षात पर्यटक दर्शन कर सकेंगे।

### मंत्रोच्चारण और शंखनाद के साथ गीता महोत्सव की शुरुआत होगी

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बताया कि 28 नवंबर से 15 दिसंबर तक चलने वाले कार्यक्रमों के दौरान मुख्य कार्यक्रमों का आयोजन 5 दिसंबर से होगा। पुरुषोत्तम पुरा बाग में गीता पाठ और गीता पूजन के बीच मंत्रोच्चारण और शंखनाद के साथ गीता महोत्सव की शुरुआत होगी। इसी दिन सहभागी प्रदेश उड़ीसा पैवेलियन का शुभारंभ होगा। अंतरराष्ट्रीय गीता संगोष्ठी का उद्घाटन होगा और भजन संध्या व सांस्कृतिक संध्यान का आयोजन किया जाएगा। 9 दिसंबर को ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग में संत सम्मेलन, 10 दिसंबर को अखिल भारतीय देवस्थानम सम्मेलन और 11 दिसंबर को गीता स्थली ज्योतिसर में श्रीमद्भगवद्गीता का संपूर्ण पाठ एवं यज्ञ, थीम पार्क में 18 हजार विद्यार्थियों द्वारा वैश्विक गीता पाठ, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 48 कोस तीर्थ सम्मेलन और सायं को दीपोत्सव के साथ समापन होगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### सिसोदिया की जमानत में शर्तों में ढील की याचिका पर सीबीआई, ईडी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली (अप्रस)।** उच्चतम न्यायालय ने आबकारी नीति कथित घोटाले के मामलों में जमानत की शर्तों में शामिल जांच अधिकारी के समक्ष हाजिरी लगाने में ढील देने की दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की याचिका पर शुक्रवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने श्री सिसोदिया की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी की दलीलें सुनने के बाद दोनों केंद्रीय एजेंसियों को अपना-अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि वह इस मामले में दो सप्ताह बाद विचार करेगी।? साथ ही, यह स्पष्ट किया कि वह अगली सुनवाई की तारीख पर आवेदन पर फैसला करेगी। सिंघवी ने अपनी दलील में कहा कि वह (सिसोदिया) सम्मानित व्यक्ति हैं। अदालती आदेश का पालन करते हुए वह संबंधित जांच अधिकारी के समक्ष लगभग 60 बार पेश हो चुके हैं। उन्होंने मामले में सुनवाई की नजदीकी तारीख मुकर्रर करने की अदालत से गुहार लगाई, क्योंकि उन्हें डर है कि दूसरा पक्ष (ईडी- सीबीआई) मामले में स्थगन की मांग कर सकता है।

## महाराष्ट्र-झारखंड विधानसभा व पंजाब समेत चार राज्यों की 15 सीटों पर उपचुनाव की मतगणना आज

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** महाराष्ट्र की सभी 288 और झारखंड की 38 विधानसभा सीटों समेत 4 राज्यों की 15 विधानसभा और नांदेड़ लोकसभा सीट पर उपचुनाव की गिनती शुनिवार को होगी। वहीं, पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी सिबिन सी ने बताया कि पंजाब विधानसभा की 4 सीटों के उपचुनाव की गिनती शनिवार सुबह 8 बजे शुरू होगी। इस संबंधी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सभी गिनती केंद्रों की निगरानी सी.सी.टी.वी. कैमरों के जरिए की जाएगी। उन्होंने बताया कि गिनती केंद्रों के चारों और तीन-स्तरीय सुरक्षा प्रणाली गठित की गई है, जिसके लिए पंजाब पुलिस के जवान और अधिकारी तथा केंद्रीय सशस्त्र सैनिक बलों को तैनात किया गया है। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि विधानसभा की 4 सीटों के उपचुनाव में इस बार कुल 45 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। वोटों की गिनती के लिए प्रत्येक विधानसभा हलके में एक-एक केंद्र स्थापित किया गया है।

सिबिन सी ने बताया कि विधानसभा हलका 10-डेरा बाबा नानक में 11 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया और यहां 64.01 प्रतिशत वोटिंग दर्ज की गई। इस हलके की वोटों की गिनती सुखजिंदरा ग्रुव ऑफ इंस्टीच्यूट्स, इंजीनियरिंग विंग, हरदोछन्नी रोड, गुरदासपुर में 18 राउंड में होगी।

## दिल्ली सरकार की कोशिशों से हम संतुष्ट नहीं, ट्रकों की एंट्री बैन पर कुछ नहीं किया: सुप्रीम कोर्ट

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में प्रदूषण को लेकर शुक्रवार को दिल्ली की आप सरकार को फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली सरकार की कोशिशों से हम संतुष्ट नहीं हैं। सरकार ने ट्रकों की एंट्री रोकने के लिए भी कुछ नहीं किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 113 एंट्री पॉइंट पर सिर्फ 13 सीसीटीवी क्यों हैं। केंद्र सरकार इन सभी एंट्री पॉइंट्स पर पुलिस तैनात करे। एक लीगल टीम बनाई जाए जो यह देखे कि क्या वाकई में वाहनों की एंट्री पर रोक लगाई जा रही है या नहीं। इसके लिए हम बार एसोसिएशन के युवा वकीलों को तैनात करेंगे।

जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने प्रदूषण कंट्रोल करने के लिए दिल्ली सरकार के कदम को लेकर आपत्ति जताई है। आदेशों के बावजूद दिल्ली पुलिस ग्रैप-4 के प्रतिबंध समय पर लागू कराने में विफल रही। ग्रैप-4 के प्रतिबंध कम से कम 3 दिन और लागू रहने चाहिए। मामले की अगली सुनवाई 25 नवंबर को होगी।

## सीएम मान ने छोड़ी 'आप' की पंजाब प्रधानगी, अमन अरोड़ा बने नए अध्यक्ष

विधायक कलसी को वर्किंग प्रेसिडेंट बनाया गया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब के सीएम भगवंत मान ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) का प्रदेश अध्यक्ष पद छोड़ दिया। मंत्री अमन अरोड़ा को नया अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि अमनशेर सिंह शैरी कलसी को वर्किंग प्रेसिडेंट बनाया है। सीएम भगवंत मान ने सोशल मीडिया (एक्स) पर पोस्ट डालकर इसकी जानकारी दी। सीएम की तरफ से पहले अमन अरोड़ा को अध्यक्ष व शैरी कलसी को उपाध्यक्ष बनाए जाने की पोस्ट सोशल मीडिया पर डाली गई, लेकिन इसके तुरंत बाद सीएम की तरफ से दोबारा पोस्ट की गई।



जिसमें कहा गया कि शैरी कलसी को वर्किंग प्रेसिडेंट लगाया है।

सीएम मान ने दूसरे पोस्ट में लिखा कि आज मैंने पार्टी अध्यक्ष की जिम्मेदारी अपने 2 करीबी साथी कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा और विधायक अमनशेर सिंह शैरी कलसी को सौंप दी है। पार्टी ने फैसला किया है कि अमन अरोड़ा पार्टी अध्यक्ष और शैरी कलसी वर्किंग प्रेसिडेंट के तौर पर काम करेंगे। मुझे अपने दोनों साथियों पर पूरा विश्वास है कि वे आने वाले समय में पार्टी और संगठन को पंजाब में और मजबूत करेंगे और नई ऊंचाइयों तक लेकर जाएंगे। इससे पहले जून 2023 में प्रोफेसर बुद्ध राम को कार्यकारी प्रधान बनाया गया था।

### तीसरी आंख







कार्यवाही | संसदीय सचिव नियुक्त किए गए विधायकों के खिलाफ अयोग्यता का मामला

## हिमाचल के छह विधायकों पर अयोग्यता कार्यवाही के निर्देश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने हिमाचल प्रदेश में संसदीय सचिव नियुक्त किए गए विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की कार्यवाही शुरू करने के उच्च न्यायालय के हालिया निर्देश शुक्रवार को अगली सुनवाई तक के लिए रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की खंडपीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस बीच विधायकों की सचिव के रूप में कोई नियुक्ति नहीं होनी चाहिए। अदालत ने प्रतिवादियों को अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया और उसके बाद राज्य सरकार को अपना जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया।

शीर्ष न्यायालय के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और ए एम सिंघवी ने हिमाचल सरकार की ओर से दलीलें दीं। उन्होंने कहा कि



पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ सरकारों के फैसलों से उत्पन्न इसी तरह की याचिकाएं इस अदालत के समक्ष लंबित है। वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने इस अंतरिम राहत का विरोध करते हुए कहा कि इससे पहले शीर्ष अदालत ने वर्ष 2022 में मणिपुर सरकार द्वारा पारित इसी तरह के कानून को रद्द कर दिया था।

हिमाचल प्रदेश सरकार ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ शीर्ष न्यायालय में याचिका दायर की, जिसने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा छह मुख्य संसदीय सचिवों (सीपीएस) की नियुक्ति को रद्द करने के साथ ही, उस कानून को भी शून्य घोषित कर दिया था जिसके तहत नियुक्तियां की गई थीं।

राज्य की कांग्रेस सरकार ने अपने मंत्रिमंडल विस्तार से पहले आठ जनवरी, 2023 को छह मुख्य संसदीय सचिवों - अर्की विधानसभा क्षेत्र से विधायक संजय अवस्थी, कुल्लू से सुंदर सिंह, दून से राम कुमार, रोहड़ू से मोहन लाल बराकटा, पालमपुर से आशीष बुटेल और बैजनाथ से किशोरी लाल को नियुक्त किया था। राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत के समक्ष दाखिल अपील में छह संसदीय सचिवों की नियुक्ति को अधिकृत करने की मांग की है और कहा है कि उच्च न्यायालय का आदेश 'कानून की दृष्टि से गलत' है। राज्य सरकार उच्च न्यायालय के उक्त निर्देश पर रोक लगाने की भी गुहार लगाई है। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने 13 नवंबर, 2024 को मुख्यमंत्री सुखू के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा छह मुख्य संसदीय सचिवों की नियुक्ति को रद्द कर दिया और जिस कानून के तहत उन्हें नियुक्त किया गया था उसे शून्य घोषित कर दिया।

# वर्धमान स्टील ग्रुप 1750 करोड़ की लागत से पंजाब में करेगा प्लांट स्थापित: मान

## विशेष अलॉय स्टील के निर्माण के लिए ग्रीनफील्ड यूनिट के रूप में स्थापित होगा प्लांट

- मुख्यमंत्री भगवंत मान ने ग्रुप को दिया पूर्ण सहयोग का आश्वासन
- प्रदेश के 1500 से अधिक युवाओं को मिलेगा रोजगार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शुक्रवार को राज्य में 1750 करोड़ रुपए की लागत से इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस रूट के जरिए विशेष अलॉय स्टील के निर्माण के लिए ग्रीनफील्ड यूनिट स्थापित करने के लिए वर्धमान स्पेशल स्टील्स लिमिटेड (वीएसएसएल) को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को यहां पंजाब सिविल सचिवालय में वीएसएसएल के वाइस चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर सचित जैन के साथ बैठक के दौरान कहा कि पंजाब सरकार राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि वीएसएसएल 1750 करोड़ रुपए की लागत से इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस रूट के जरिए विशेष अलॉय स्टील के निर्माण के लिए ग्रीनफील्ड यूनिट स्थापित कर रहा है। भगवंत सिंह मान ने बताया कि प्रति वर्ष 5 लाख टन क्षमता वाला यह प्रोजेक्ट जापानी कंपनी 'एची स्टील कॉरपोरेशन' के सहयोग से 1750 करोड़ रुपए के निवेश से स्थापित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रोजेक्ट से राज्य के 1500 से अधिक युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है, और कंपनी इस प्लांट में ÷ग्रीन स्टील÷ का उत्पादन करेगी। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट राज्य और देश के लिए बड़ा राजस्व उत्पन्न करेगा क्योंकि उत्पाद का 20 प्रतिशत से अधिक हिस्सा जापानी और यूरोपीय कंपनियों को निर्यात किया जाएगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि वीएसएसएल एक प्रतिष्ठित कंपनी है और इस प्रतिष्ठित की ओर से राज्य में किया गया बड़ा निवेश अन्य कंपनियों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि पंजाब सरकार राज्य में उद्योग और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से अब तक राज्य में टाटा स्टील, सनातन टेक्सटाइल और अन्य अग्रणी कंपनियों द्वारा लगभग 86,000 करोड़ रुपए का निवेश आ चुका है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब में सामुदायिक एकता, शांति और सद्भावना का माहौल है, जो राज्य के सर्वांगीण विकास और समृद्धि का आधार है।

### कारोबार फैलाने के लिए कंपनियां पंजाब में उठा रही सुविधाओं का लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि कंपनियां अपने कारोबार को फैलाने के लिए राज्य में उपलब्ध बेहतरीन बुनियादी ढांचे, सस्ती बिजली, कुशल मानव संसाधन और उत्कृष्ट औद्योगिक संस्कृति का अधिकतम लाभ उठा रही हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब, देश का एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र बनकर उभर रहा है, जहां निवेशकों को अपने व्यापार के विस्तार का भरपूर लाभ हो रहा है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार पंजाब में औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए नए विचारों व प्रयासों के लिए हमेशा तैयार है। इस अवसर पर उद्योग मंत्री तरुणप्रीत सिंह सोंद भी उपस्थित थे।

# गांव घुंगराली के निवासियों ने बायोगैस प्लांट के मुद्दे के उचित समाधान के लिए सीएम का किया धन्यवाद

- निगरानी कमेटी और पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड करेंगे प्रोजेक्ट की निरंतर निगरानी
- सकारात्मक दृष्टिकोण और जनसहयोग के लिए ग्रामीणों का आभार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** लुधियाना जिले के गांव घुंगराली के निवासियों ने आज पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से मुलाकात कर बायोगैस प्लांट के मुद्दे पर सभी संबंधित पक्षों को विश्वास में लेकर समस्या का उचित समाधान करने के लिए उनका धन्यवाद किया। गांव निवासी हरदीप सिंह और नव-निर्वाचित सरपंच अमृतपाल सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पंजाब सिविल सचिवालय में मुख्यमंत्री के कार्यालय में उनसे मुलाकात की।

इस चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बायोगैस प्लांट पूरी तरह प्रदूषण रहित होगा। उन्होंने दोहराया कि पंजाब सरकार राज्य में प्रदूषण को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार की ढील या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भगवंत सिंह मान ने स्पष्ट किया कि प्लांट को पूरी तरह प्रदूषण मुक्त बनाया जाएगा और नियमों के उल्लंघन की अनुमति किसी को भी नहीं दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि परियोजना की नियमित निगरानी के लिए सभी पक्षों की एक निगरानी समिति सक्रिय रहेगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब में किसी भी व्यक्ति की ओर से अब तक होने वाले प्रदूषण के विरुद्ध राज्य सरकार ने किसी भी तरह का लिहाज ना करने की नीति अपनाई हुई है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को नियमों का उल्लंघन करने की आज्ञा नहीं दी जाएगी और इस अपराध में शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध उदाहरणीय कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्लांट मालिकों ने राज्य सरकार के साथ एक लिखित समझौता किया है, जिसमें यह सुनिश्चित किया गया है कि उनका प्लांट पर्यावरण संबंधी सभी नियमों का पालन करेगा। उन्होंने बताया कि पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लांट की सख्त निगरानी करेगा, ताकि संचालन के दौरान कोई भी उल्लंघन न हो। भगवंत सिंह मान ने स्पष्ट किया कि पर्यावरण नियमों का किसी भी प्रकार का उल्लंघन पूरी तरह से अनुचित और अस्वीकार्य है, और इसे किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि ग्रामीणों ने अपनी सकारात्मक सोच के माध्यम से सरकार के कामकाज में पूर्ण सहयोग की एक नई मिसाल पेश की है। भगवंत सिंह मान ने घोषणा की कि युवाओं की अपार ऊर्जा को सही दिशा देने के लिए गांव में एक अत्याधुनिक खेल नर्सरी स्थापित करने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी।

इसी प्रकार, उन्होंने गांव में एक हाईटेक लाइब्रेरी स्थापित करने की भी घोषणा की और कहा कि ग्रामीणों की अन्य सभी उचित मांगों को स्वीकार किया जाएगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

# बैंक के साथ 34 लाख 92 हजार 299 रुपये की हेराफेरी का आरोपी भगौड़ा मैनेजर गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पकड़ा गया आरोपी पूर्व मैनेजर प्रमोद कुमार पुलिस अधिकारियों के साथ

**चंडीगढ़ 22 नवंबर।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने पंजाब ग्रामीण बैंक के गांव भाणोलंगा जिला कपूरथला में स्थित शाखा में 34,92,299 रुपये की हेराफेरी करने के संबंध में बैंक के पूर्व मैनेजर दोषी प्रमोद कुमार, निवासी गांव कुंडल, जिला बीकानेर राजस्थान को गिरफ्तार किया है, जो साल 2022 से फरार चल रहा था।

इस जानकारी देते हुए विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि भ्रष्टाचार रोकथाम कानून की धारा 13 (2) और आईपीसी की धारा 409 के तहत थाना सदर जिला कपूरथला में दर्ज मुकदमा नंबर 58 दिनांक 30/05/2022 में उक्त दोषी प्रमोद कुमार, पूर्व मैनेजर, वांछित था। इस मैनेजर ने पंजाब ग्रामीण बैंक गांव भाणोलंगा में अपनी नियुक्ति के दौरान अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपनी शाखा में तैनात क्लर्क जगदीश सिंह और क्लर्क रजनी बाला के बैंक में उपयोग किए जाने वाले यूजर आई-डी और पासवर्ड का दुरुपयोग करते हुए अपने ही बैंक के अलग-अलग कुल 12 खाता धारकों के विभिन्न बैंक खातों में विभिन्न तारीखों को 26 ट्रांजैक्शनों के माध्यम से कुल 34,92,299 रुपये हेराफेरी से निकाल कर धोखाधड़ी की और फिर इस राशि से 8,16,023 रुपये विभिन्न 05 खाता धारकों के विभिन्न बैंक खातों में वापस जमा करवाकर जांच के दौरान उसके खिलाफ आरोप साबित होने पर उक्त मुकदमा दर्ज किया गया था और यह मुकदमा विजिलेंस ब्यूरो को स्थानांतरित कर दिया गया था। उक्त दोषी प्रमोद कुमार को गिरफ्तार करने के लिए खुफिया स्रोतों से पता लगाकर उसे उसके पैतृक गांव कुंडल, जिला बीकानेर, राजस्थान से विजिलेंस ब्यूरो, कपूरथला द्वारा गिरफ्तार किया गया है। इस मुकदमे की और पड़ताल जारी है।

# समाज के हर वर्ग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते हैं अमन अरोड़ा: दीपक बाली

- अमन अरोड़ा व शैरी कलसी की अगुवाई में सभी पार्टी वर्कर एकजुटता से कार्य करेंगे: राजविंदर थियाड़ा
- अमन अरोड़ा की अगुवाई में हम फिर इतिहास रचेंगे: पवन टीनू

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**जालंधर, 22 नवंबर।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता दीपक बाली, हलका इंचार्ज राजविंदर कौर थियाड़ा एवं प्रवक्ता पवन टीनू ने आज कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा को पंजाब प्रधान एवं विधायक अमनशेर सिंह शैरी कलसी को कार्यकारी प्रधान बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

उन्होंने चंडीगढ़ के आम आदमी ऑफिस में विशेष रूप से बधाई दी। इस अवसर पर दीपक बाली ने कहा कि अमन अरोड़ा एक सूझवान और लोकप्रिय नेता हैं। वह ऐसे नेता हैं जो समाज के हर वर्ग के साथ कंधे से कंधा मिलकर चलते हैं और इसी कारण उन्हें बड़ी जिम्मेवारी सौंपी गई है। दीपक बाली ने कहा कि अमन अरोड़ा के प्रदेश प्रधान बनने पर पार्टी पहले से और मजबूत हुई है और मुख्यमंत्री भगवंत मान व अमन अरोड़ा की जोड़ी पंजाब में विकास की नई गाथा लिखेगी। आज पूरे प्रदेश में आम आदमी पार्टी वर्करों ने लड्डू बांटकर खुशी मनाई है। वहीं राजविंदर कौर थियाड़ा ने कहा कि अमन अरोड़ा जनता और पार्टी से जुड़े हर मुद्दे को बारीकी से समझते हैं और उनकी नियुक्ति में हम सब फिर से एकजुटता से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी आज प्रमाणित कर दिया कि उनका दिल बहुत बड़ा है। प्रवक्ता पवन टीनू ने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी ने सदैव विकास का इतिहास रचा है और अमन अरोड़ा की अगुवाई में पार्टी फिर से इतिहास दोहराएगी। अमन अरोड़ा की मेहनत और निष्ठा को देखते हुए ही पार्टी ने उन्हें यह पद दिया है।

# ईमानदार व्यक्ति को अपने गले में पट्टी लटकाने की जरूरत नहीं: प्रधान मालवा



अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं, 22 नवंबर।** जगराओं में नगर परिषद अध्यक्ष राणा ने जगह-जगह बड़े-बड़े फ्लेक्सी बोर्ड लगवाए हैं, जिन पर लिखा है कि हमारी ईमानदारी की सजा नागरिकों को क्यों? और जिसमें कई पार्षदों और गैग पार्षदों की तस्वीरें भी हैं. इन फ्लेक्सी बोर्ड के बारे में अमरजीत सिंह मालवा ने कहा कि राष्ट्रपति द्वारा अपनी ईमानदारी दिखाने के लिए शहर में फ्लेक्सी बोर्ड लगवाई गई हैं, जो बिना राशिद कांटबा कर के लगाई गई हैं। नगर परिषद अध्यक्ष ने क्या कहा इस संबंध में नगर परिषद जगराओं अध्यक्ष जितिंदर पाल राणा ने कहा कि फ्लेक्सी बोर्ड की अनुमति के बारे में वह किसी को बताना या सबूत देना जरूरी नहीं समझते हैं।

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी ने इस संबंध में कहा कि शहर में बिना अनुमति के ये फ्लेक्सी बोर्ड लगाए गए हैं और इसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

# सरहदी जिले पठानकोट में बनेगा सी-पाइट कैंप: अमन अरोड़ा

- पठानकोट में सी-पाइट कैंप की स्थापना हेतु 5.5 एकड़ भूमि चिन्हित
- कार्यकारी बोर्ड द्वारा सी-पाइट कैंपस में एनएसडीसी प्रमाणित सुरक्षा गार्ड प्रशिक्षण के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास और सॉफ्ट स्किल कोचिंग शुरू करने को मंजूरी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



मंत्री अमन अरोड़ा की अध्यक्षता में हुई सेंटर ऑफ एम्प्लॉयमेंट जेनरेशन एंड ट्रेनिंग के कार्यकारी बोर्ड की बैठक

**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** राज्य के युवाओं को प्रशिक्षण देकर पुलिस, सशस्त्र बलों और सीएपीएफ में रोजगार के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से पंजाब सरकार ने सरहदी जिले पठानकोट में सी-पाइट कैंप स्थापित करने की अनुमति प्रदान की है। यह निर्णय रोजगार सृजन, कौशल विकास और प्रशिक्षण मंत्री अमन अरोड़ा की अध्यक्षता में सेंटर ऑफ एम्प्लॉयमेंट जेनरेशन एंड ट्रेनिंग के कार्यकारी बोर्ड की बैठक के दौरान लिया गया। मौजूदा समय पंजाब में 14 सी-पाइट कैंप चल रहे हैं, और पठानकोट जिले के तंगो शाह में एक नया कैंप बनाया जाएगा, जिसके लिए 5.5 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। मंत्री ने बताया कि इन कैंपों में अब तक 2,57,595 युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा चुका है और 1,14,861 युवाओं को रोजगार प्राप्त हो चुका है।

कार्यकारी बोर्ड ने सी-पाइट के पाठ्यक्रम में नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनएसडीसी) प्रमाणित सुरक्षा गार्ड प्रशिक्षण शुरू करने को भी मंजूरी दी है। यह प्रशिक्षण अधिकृत प्रशिक्षण भागीदारों के माध्यम से प्रदान किया जाएगा, और सी-पाइट से प्रशिक्षित युवाओं की प्लेसमेंट के लिए पैस्को के साथ समझौता भी किया जाएगा।

इस मीटिंग में एक और महत्वपूर्ण निर्णय के बारे में जानकारी देते हुए मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि सी-पाइट कैंपों में व्यक्तित्व विकास और सॉफ्ट स्किल कोचिंग भी शुरू की जाएगी, ताकि युवाओं की रोजगार योग्यता को और बेहतर बनाया जा सके। यह कदम युवाओं में ईमानदारी, आत्मविश्वास, अनुशासन और एकाग्रता को विकसित करने में मदद करेगा। इसके साथ ही, यह प्रशिक्षण उन्हें बेहतर नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित करेगा। रोजगार सृजन, कौशल विकास और प्रशिक्षण विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती जसप्रीत तलवार ने कैबिनेट मंत्री को बताया कि सी-पाइट कैंप युवाओं में अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण जैसे मूल्य विकसित करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

# पीएमआईडीसी का हुडको से आपसी सहमति का समझौता सहीबद्ध

- समझौता प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के क्षेत्र में नजदीकी सहयोग विकसित करेगा: दीपती उप्पल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** पंजाब के शहरों और कस्बों के सर्वांगीण विकास और स्थानीय निकाय विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक चुस्त और सशक्त बनाने के लिए पंजाब म्युनिसिपल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी (पी.एम.आई. डी.सी.) ने केंद्रीय आवास निर्माण और शहरी मामलों के मंत्रालय के हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (हुडको) के साथ आपसी सहमति के समझौते पर (एमओयू) हस्ताक्षर किये।

यहां सेक्टर 35 स्थित पंजाब म्यूनिसिपल भवन में पी.एम.आई.डी.सी. के सी.ई.ओ. दीपती उप्पल और हुडको के डायरेक्टर कॉर्पोरेट प्लानिंग एम. नागराज नसल समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद श्रीमती दीपती उप्पल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों और स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. रवजोत सिंह की अगुवाई में विभाग द्वारा शहरवासियों को बेहतर और गुणवत्ता वाली सेवाएं देने के लिए कार्यप्रणाली में सुधार किए जा रहे हैं, जिनकी कड़ी के तहत आज यह समझौता हुआ है।

इस मौके पर हुडको से क्षेत्रीय मुखी संजय भार्गव, संयुक्त जनरल मैनेजर (प्रोजेक्ट) शोभा कुमार, संयुक्त जनरल मैनेजर (लॉ) संजीव चोपड़ा और वरिष्ठ प्रबंधक (सचिव) आशिष गोयल तथा पी.एम.आई. डी.सी. के जनरल मैनेजर (प्रोजेक्ट) हरसतिंदरपाल सिंह ढिल्लों, मैनेजर (क्षमता निर्माण) डॉ. मनप्रीत धालीवाल और डॉ. सुमित अरोड़ा तथा संस्थागत मजबूती विशेषज्ञ मौजूद थे।


DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES

DRAW TIME: 06:00 PM ONWARDS | DRAW DATE:22/11/2024

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 10 COPPER FRIDAY WEEKLY LOTTERY

MRP Rs 10/- Per Ticket

1st Prize Amount (10)Rs.10,000/-,Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.500/-, Total Prize Amount Rs.10500/- each)

5125

2nd Prize Amount (10)Rs.2000/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.200/-, Total Prize Amount Rs.2200/- each)

7276

3rd Prize Amount (100)Rs.500/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.50/-, Total Prize Amount Rs.550/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1607 | 2041 | 2819 | 4887 | 5267 | 5414 | 5977 | 6263 | 6498 | 8636 |

4th Prize Amount (100)Rs.200/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.20/-, Total Prize Amount Rs.220/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2150 | 2953 | 3677 | 4599 | 4853 | 5802 | 5989 | 7372 | 8894 | 9608 |

5th Prize Amount (2000)Rs.100/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.10/-, Total Prize Amount Rs.110/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0000 | 0012 | 0097 | 0128 | 0154 | 0165 | 0204 | 0310 | 0365 | 0417 |
| 0420 | 0453 | 0477 | 0504 | 0518 | 0542 | 0589 | 0623 | 0651 | 0730 |
| 0741 | 0803 | 0901 | 0929 | 0948 | 1002 | 1013 | 1090 | 1156 | 1234 |
| 1368 | 1402 | 1527 | 1529 | 1604 | 1616 | 1617 | 1699 | 1709 | 1736 |
| 1758 | 1768 | 1774 | 1857 | 1944 | 1956 | 1968 | 1974 | 2299 | 2419 |
| 2493 | 2567 | 2594 | 2685 | 2758 | 2803 | 2995 | 3117 | 3169 | 3198 |
| 3255 | 3281 | 3305 | 3392 | 3438 | 3518 | 3520 | 3610 | 3683 | 3688 |
| 3704 | 3720 | 3745 | 3773 | 3793 | 3884 | 3910 | 3916 | 3928 | 3984 |
| 4009 | 4024 | 4025 | 4186 | 4201 | 4330 | 4497 | 4533 | 4580 | 4595 |
| 4678 | 4793 | 4832 | 4950 | 4972 | 5035 | 5065 | 5081 | 5142 | 5206 |
| 5314 | 5430 | 5448 | 5470 | 5475 | 5588 | 5630 | 5713 | 5878 | 6006 |
| 6022 | 6051 | 6052 | 6075 | 6171 | 6262 | 6343 | 6362 | 6419 | 6443 |
| 6468 | 6511 | 6542 | 6557 | 6592 | 6679 | 6688 | 6705 | 6801 | 6840 |
| 6986 | 7029 | 7060 | 7067 | 7136 | 7159 | 7292 | 7296 | 7299 | 7362 |
| 7477 | 7503 | 7540 | 7541 | 7545 | 7593 | 7672 | 7790 | 7845 | 7853 |
| 7878 | 7942 | 7970 | 7975 | 7976 | 7998 | 8016 | 8071 | 8130 | 8181 |
| 8189 | 8212 | 8224 | 8261 | 8301 | 8388 | 8415 | 8428 | 8455 | 8564 |
| 8690 | 8734 | 8774 | 8782 | 8804 | 8872 | 8964 | 8979 | 8991 | 9037 |
| 9078 | 9122 | 9167 | 9194 | 9262 | 9290 | 9329 | 9372 | 9399 | 9452 |
| 9504 | 9557 | 9633 | 9689 | 9707 | 9715 | 9818 | 9894 | 9936 | 9992 |

Issued by DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES
Kindly Check The Final Result With Official Gazette Notification


# पंजाब ओलंपिक एसोसिएशन ने ओलंपियन मोहिंदर सिंह गिल को 'हॉल ऑफ फेम' से सम्मानित किया

- एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों के ट्रिपल जंप चैंपियन मोहिंदर सिंह गिल ने 'हॉल ऑफ फेम' में अपनी तस्वीर देखी
- 50 साल से अमेरिका में रह रहे मोहिंदर सिंह गिल के जीवन पर लिखी जा रही है एक किताब

अर्थ प्रकाश/जिनेंद्र जैन

**साहिबजादा अजीत सिंह नगर, 22 नवंबर।** अमेरिका से पंजाब आए महान भारतीय एथलीट ओलंपियन मोहिंदर सिंह गिल को उनके मोहाली आगमन पर पंजाब ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा 'हॉल ऑफ फेम' से सम्मानित किया गया।

पंजाब ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव राजा केएस सिद्धू ने ओलंपियन गिल को सम्मानित किया और पंजाब ओलंपिक भवन में 'हॉल ऑफ फेम' जिसमें राज्य को गौरवान्वित करने वाले खिलाड़ियों की उपलब्धियों को दर्शाया गया है, को दिखाया जिस पर महेंद्र सिंह गिल का चित्र बना हुआ है। एसोसिएशन ने गिल को 'हॉल ऑफ फेम' के सम्मान और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। इस मौके पर ओलंपियन गिल की जीवनी लिख रहे एसोसिएशन के मीडिया सलाहकार नवदीप सिंह गिल को भी सम्मानित किया गया। जालंधर के निवासी मोहिंदर सिंह गिल 50 वर्षों से अधिक समय से अमेरिका के स्थायी निवासी हैं। वह भारत के महान एथलीटों में से एक हैं, जिन्होंने 1970 के बैंकॉक एशियाई खेलों में ट्रिपल जंप में स्वर्ण पदक और 1974 तेहरान एशियाई खेल में रजत पदक जीता था। एशियन चैम्पियनशिप में तीन बार स्वर्ण पदक जीता। 1974 क्राइस्टचर्च राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक और 1970 में एडिनबर्ग राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता। 1971 प्री-ओलंपिक में रजत पदक जीता। 1972 म्यूनिख ओलंपिक में भाग लिया। अमेरिका में रहने वाले मोहिंदर सिंह गिल ने लगातार पांच बार एनसीएए जीता।इस चैंपियनशिप सहित 50 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं जीती हैं। भारत सरकार द्वारा अर्जुन पुरस्कार और पंजाब सरकार द्वारा महाराजा रणजीत सिंह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वह अमेरिका की कैली पॉली यूनिवर्सिटी के 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल होने वाले पहले एशियाई एथलीट हैं।

# नगर सुधार ट्रस्टों के लंबित मामलों का तुरंत समाधान किया जाये: डॉ. रवजोत सिंह

- स्थानीय निकाय मंत्री ने नगर सुधार ट्रस्टों के समूह चेयरमैनों और ई.ओज़ के साथ बैठक में तालमेल पर दिया जोर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



डॉ रवजोत सिंह म्यूसिपल भवन में सूबे के समूह नगर सुधार ट्रस्टों के चेयरमैनों और ई.ओज़ से ट्रस्टों से संबंधित अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श करते हुए

**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** स्थानीय निकाय मंत्री डॉ रवजोत सिंह ने सूबे के नगर सुधार ट्रस्टों के लंबित मामलों का तुरंत समाधान करने की बात कही है। इसके साथ ही शहरों के योजनाबद्ध विकास और शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए ट्रस्टों को संबंधित संस्थानों के साथ अच्छे तालमेल पर जोर दिया है।

डॉ रवजोत सिंह ने यहां म्यूसिपल भवन में सूबे के समूह नगर सुधार ट्रस्टों के चेयरमैनों और ई.ओज़ के साथ ट्रस्टों से संबंधित अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान द्वारा जमीनी स्तर पर कुशल प्रशासन मुहैया करवाने की हिदायतों के तहत स्थानीय निकाय विभाग में नगर सुधार ट्रस्ट महत्वपूर्ण कड़ी है। बैठक में डॉ रवजोत सिंह ने नगर सुधार ट्रस्टों के चेयरमैनों से उनके ट्रस्टों से संबंधित समस्याओं को सुना और मौके पर ही उनके ट्रस्टों के विभिन्न मुद्दों का निपटारा करने के लिए सुझाव दिए।

डॉ रवजोत सिंह ने अधिकारियों को कहा कि नगर सुधार ट्रस्टों को मजबूत करने के लिए चेयरमैनों को आवश्यक सहयोग दिया जाए। उन्होंने कहा कि शहरों के विकास के लिए ट्रस्टों को आर्थिक रूप से मजबूत किया जाए। बैठक में स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक गुरप्रीत सिंह खैहरा, संयुक्त निदेशक जगदीप सहगल और विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### गांव पाई में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की रेड



**पुंडरी (अप्रस/कृष्ण प्रजापति)।** हल्के के गांव पाई में आज सुबह भारी संख्या में पुलिस बल ने शराब के अवैध खुर्दों पर छापेमारी की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उन्हें इन अवैध खुर्दों की शिकायतें लगातार मिल रही थीं, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई। हालांकि, इस कार्रवाई से गांव के लोग संतुष्ट नहीं दिखे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस की यह कार्रवाई महज खानापूर्ति है और इससे कोई ठोस परिणाम नहीं निकल रहा। ग्रामीणों ने बताया कि हर बार जब पुलिस रेड करने आती है, तो शराब के अवैध कारोबारियों को पहले ही इसकी जानकारी मिल जाती है। इसके चलते वे मौके से फरार हो जाते हैं और पुलिस को खाली हाथ लौटना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद अब तक इस समस्या का समाधान नहीं हुआ है। गांव के लोगों ने विधायक सतपाल जांबा व जिला प्रशासन से मांग की है कि अवैध शराब के खिलाफ सख्त और प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि गांव से इस समस्या को खत्म किया जा सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो वे इसके खिलाफ प्रदर्शन करने पर मजबूर हो जाएंगे। पुलिस अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि शिकायतों के आधार पर कार्रवाई जारी रहेगी और इस मामले में दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### सत्य भारती स्कूल अढोन में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर




**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अरविंद मोहन शर्मा)।** सत्य भारती स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जिसमें चिराग नर्सिंग होम के निर्देशक डॉ मनीश कुकरेजा द्वारा बच्चो के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसमें लगभग 114 बच्चों के आँख, नाक, कान, गले व अन्य स्वास्थ्य का चैकअप किया गया और बच्चों को स्वास्थ्य से संबंधित छोटी छोटी बातें बताई गई। विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिवावकों ने भी लाभ उठाया। डॉ मनीश कुकरेजा ने बच्चों को आँख, नाक, कान, गले की साफ सफाई कैसे करनी है उसके प्रति जागरूक किया। स्कूल के सभी अध्यापको ने डॉ मनीष कुकरेजा का धन्यवाद किया। इस अवसर पर स्कूल के सभी अध्यापक गीता बठला, जरनैल सिंह, प्रीति रानी, किरण वर्मा ने इस कैंप में सहयोग दिया। इस अवसर पर शिक्षक व बच्चे उपस्थित रहे।

### काल भैरव असीम शक्तियों के देवता हैं: महंत राजेंद्र पुरी



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अर्पण वधवा)।** जग ज्योति दरबार में महंत राजेंद्र पुरी एवं अन्य संतों के सान्निध्य में विधि पूर्वक कालाष्टमी का पूजन किया गया। इस मौके पर कालाष्टमी के पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूजन के उपरांत महंत राजेंद्र पुरी ने कालाष्टमी के पूजन का महत्व बताया कि हिंदू धर्म में कालाष्टमी बहुत महत्वपूर्ण मानी गई है। इस दिन भगवान शिव और काल भैरव की पूजा करने का विधान है। उन्होंने बताया कि कालाष्टमी को काल भैरव जयंती भी कहा जाता है। मार्गशीर्ष मास चल रहा है। इसमें भगवान श्रीकृष्ण की उपासना का भी विधान है। मार्गशीर्ष मास में कई महत्वपूर्ण त्यौहार पड़ते हैं। महंत राजेंद्र पुरी ने बताया कि इन्हीं त्यौहारों में से एक काल भैरव जयंती है। मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर काल भैरव जयंती मनाई जाती है। काल भैरव जयंती का दूसरा नाम कालाष्टमी है। महंत राजेंद्र पुरी ने बताया कि काल भैरव जयंती अर्थात कालाष्टमी के दिन भगवान शिव के रुद्र अवतार कालभैरव देव की पूजा करने का विधान है। उन्होंने बताया कि भगवान काल भैरव की पूजा-अर्चना करने से बुरी शक्तियों से मुक्ति मिलती है। इस दिन काल भैरव का अवतरण हुआ था। काल भैरव असीम शक्तियों के देवता हैं, इसलिए इनकी पूजा से अकाल मृत्यु का भय दूर होता है और नकारात्मक शक्तियों से मुक्ति मिलती है। इस अवसर पर बिट्टू शर्मा, सुरेश शर्मा, सुशील शर्मा, मोहित शर्मा, कृष्ण लाल, यश भारद्वाज, सुशील भारद्वाज, मांगे राम, अजय, विजय राठी एवं मनप्रीत सिंह इत्यादि भी मौजूद रहे।

# विकसित भारत बनाने में युवाओं की होगी अहम भूमिका : मुख्यमंत्री

## राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हरियाणा के युवाओं की रहती है सराहनीय भागीदारी

भारत आज दुनिया का सबसे अधिक युवा शक्ति वाला देश: नायब सिंह सैनी

हमारा लक्ष्य- युवा शक्ति, नारी शक्ति, किसान तथा गरीब वर्ग को सशक्त बनाना

अर्थ प्रकाश/अर्पण वधवा




हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र में आयोजित जिला युवा महोत्सव-2024 के दौरान प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: अजय गौतम

**कुरुक्षेत्र, 22 नवंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प में हमे अपनी पूर्ण आहुति डालनी है। युवाओं को विकसित हरियाणा व विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करना है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी आज कुरुक्षेत्र के मल्टी आर्ट कल्चरल सेंटर में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने मल्टी आर्ट कल्चरल सेंटर के सभागार में साइंस मेले का अवलोकन भी किया और विजेता प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित भी किया।

मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों द्वारा जिला युवा उत्सव में दी जा रही प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि भारत आज दुनिया का सबसे अधिक युवा शक्ति वाला देश है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस युवा शक्ति को देश की शक्ति बनाकर भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने युवाओं को राष्ट का पहला स्तंभ माना है। उनका मानना है कि विकसित, भव्य और दिव्य भारत का निर्माण करने के लिए हमें चार अमृत स्तंभों को और मजबूत करना होगा। ये अमृत स्तम्भ हैं - हमारी युवा शक्ति, हमारी नारी शक्ति, हमारे किसान तथा मध्यम व गरीब वर्ग।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संकल्प पत्र के तहत जो वायदे किए गए हैं, उन्हें पूरा करने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के खरखौदा में आईएमटी की तर्ज पर अगले पांच वर्षों में दस जिलों में आईएमटी स्थापित करने का लक्ष्य है और इन आईएमटी में स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने का काम किया जाएगा। हरियाणा के युवाओं ने अपनी प्रतिभा के बल पर देश-विदेश में धाक जमाई है। युवा राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में बड़ी संख्या में सफल हो रहे हैं। नीट और जे.ई.ई. जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में भी हरियाणा के युवाओं की संख्या उल्लेखनीय रहती है। सी.बी.एस.ई. की 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं में हमारे बच्चे टॉप-10 में ज्यादातर स्थान प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं ने खेलों में भी अपनी उपलब्धियों से देश-विदेश में सफलता के झंडे गाड़े हैं। पेरिस ओलंपिक-2024 में देश के 6 पदकों में से हरियाणा के खिलाडि?ैं के 4 पदक हैं। इसी प्रकार पैरालम्पिक में देश को मिले 29 पदकों में से 8 पदक हरियाणा के खिलाड़ियों के हैं। हमें अपने इन सब बेटे-बेटियों पर गर्व है।

### डंकी रूट की समस्या को किया खत्म

उन्होंने कहा कि विदेशों में रोजगार तलाश करने वाले युवाओं की संख्या बढ़ रही है। युवा कई बार विदेश भेजने का झांसा देने वाले जालसाजों के जाल में फसकर डंकी रूट से विदेश जाते हैं। युवा ऐसे जालसाजों के झांसे में न आएं। प्रदेश सरकार ने डंकी रूट की इस समस्या को जड़ से खत्म करने की दिशा में कार्य किया है। इस दिशा में हमने युवाओं को विदेशों में शिक्षा व रोजगार दिलाने के लिए विदेश सहयोग विभाग बनाया है। हमारा लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक राज्य का हर युवा हुनरमंद हो और वित्तीय रूप से समृद्ध हो। जब हम इस लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे, तब हरियाणा संयुक्त राष्ट्र के वर्ष 2030 तक के सतत् विकास लक्ष्यों को प्राप्त कर लेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने 'हरियाणा कौशल विकास मिशन' के तहत एक लाख से अधिक युवाओं को कौशल प्रदान किया है, ताकि युवा अपने पैरों पर खड़े हो सकें। कौशल प्राप्त युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए उद्योगों को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता है। इसी के तहत राज्य में अलग से एम.एस.एम.ई. विभाग का गठन किया गया है।

### आधुनिक शिक्षा के लिए नई शिक्षा नीति की तैयार

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार को 10 वर्ष हो गए हैं। इन 10 वर्षों में हमने पूरा प्रयास किया है कि युवाओं को सफलता पाने के लिए खुला आसमान दें, ताकि युवा आने वाली हर रुकावट से पार पा सकें। आज चाहे शिक्षा हो, रोजगार हो, स्टार्टअप हो, कौशल या खेल हो, प्रदेश के युवाओं को सपोर्ट करने के लिए हर क्षेत्र में एक आधुनिक डायनामिक इकोसिस्टम सरकार द्वारा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को 21वीं सदी की आधुनिक शिक्षा देने के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की है। युवाओं के लिए हाथ के हुनर से कमाल करने वाले नौजवानों की मदद के लिए जहां पी.एम. विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है, वहीं देश का पहला स्किल विश्वविद्यालय श्री विश्वकर्मा के नाम पर खोला गया है, ताकि प्रदेश के युवाओं को स्किल से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश का मिजाज भी युवा है और अंदाज भी युवा है। जो युवा होता है, वह पीछे नहीं चलता, वह स्वयं लीड करता है। युवाओं के लिए यह समय सपनों को विस्तार देने का है।

### आज युवाओं के सपने हो रहे हैं साकार

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि आज युवाओं के सपने साकार हो रहे हैं। बिना खर्ची-पर्ची के योग्य उम्मीदवारों को सरकारी नौकरी मिल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि युवा आगे बढ़ें, सरकार आपके साथ है। जिस भी चैलेंज को पूरा करना चाहते हैं, हमारी सरकार उसमें आपका पूरा साथ देगी। फिर चाहे शिक्षा की बात हो, स्किल डेवलपमेंट की बात हो, स्वयं रोजगार के लिए मदद की बात हो अथवा विदेश में जाने की बात हो, हर कदम पर सरकार आपको अति-आधुनिक ज्ञान व कौशल प्रदान करने व आर्थिक सहायता भी देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले पांच वर्षों में सरकार ने दो लाख युवाओं को योग्यता के आधार पर पक्की नौकरी देने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास में बहन-बेटियों की बराबर की हिस्सेदारी रही है। सरकार द्वारा उन्हें सशक्त बनाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी के ड्रोन प्रौद्योगिकी और नमो ड्रोन दीदी के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाया जा रहा है। इस दिशा में 'ड्रोन दीदी योजना' के प्रथम चरण में 500 गांवों में 500 स्वयं सहायता समूहों को 8 लाख रुपये तक की कीमत का ड्रोन मुफ्त दिया जाएगा। उन्होंने सभी युवाओं से अपील की है कि वे अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि रखें और समाज को आगे बढ़ाने में योगदान दें।

# ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी भारत के पहले संविधान संग्रहालय का उद्घाटन आज

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी




**सोनीपत, 22 नवंबर।** ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी गर्व के साथ भारत के पहले संविधान संग्रहालय के उद्घाटन शनिवार, को ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी,में आयोजित होगा।आयोजन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय राज्य मंत्री (कानून और न्याय) अर्जुन राम मेघवाल और ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चांसलर एवं सांसद नवीन जिंदल की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न होगा। यह पहल भारतीय संवैधानिक इतिहास में एक मील का पत्थर है।संग्रहालय में 75 वर्षों की संवैधानिक यात्रा को प्रदर्शित करने वाली आकर्षक और इंटरैक्टिव प्रदर्शनियां होंगी। यह संग्रहालय संविधान के हर भाग और उसकी प्रासंगिकता को समझाने का केंद्र होगा। टेक्स्ट, ऑडियो-विजुअल और अनुभवात्मक प्रारूपों के माध्यम से संग्रहालय आगंतुकों की संविधान में रुचि को प्रज्वलित करेगा।

ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के संस्थापक कुलपति, प्रोफेसर (डॉ.) सी. राज कुमार, ने कहा, ÷ 75वीं वर्षगांठ का प्रतीक है। संविधान ने भारत को एक लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित किया। यह संग्रहालय और 'राइट्स एंड फ्रीडम्स अकादमी' इस अद्वितीय दस्तावेज़ को समर्पित है, जो 1.4 अरब लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है।'

संग्रहालय अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी, एआई आधारित इंटरैक्टिव अनुभवों, 3डी इंस्टॉलेशन्स और प्रगतिशील प्रदर्शनों से सुसज्जित होगा।

# खाद की गुणवत्ता को बरकरार रखने के लिए सजगता की राह पर उप मंडल प्रशासन

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला



**कलायत, 22 नवंबर।** कलायत में डीएपी खाद की गुणवत्ता को बरकरार रखने के लिए उप मंडल प्रशासन सजगता की राह पर है। इसके तहत शुक्रवार को कृषि विभाग की तरफ से गुण नियंत्रण अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने टीम के अनाज मंडी में कई स्थानों पर दस्तक दी। इस दौरान दो अलग-अलग स्थानों से खाद के नमूने भरे गए। उन्होंने बताया कि एसडीएम सत्यवान ड्क्षसह मान के सामने डीएपी खाद को गुणवत्ता को लेकर मामला आया। इसमें किसानों की तरफ खाद के रखरखाव में मिलावट व रखरखाव में चूक की शिकायत की गई। इस पर संज्ञान लेते हुए तुरंत प्रभाव टीमों का गठन किया गया। उपरांत टीमों द्वारा अनाज मंडी में खाद विक्रेताओं की दुकानों पर इसके नमूने लिए गए। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि जांच पड़ताल में जो तथ्य सामने आए हैं उसके अनुसार दोनों स्थानों पर सप्लाई एक ही कंपनी व एक समय की है। इसलिए दो सैंपल लिए गए हैं। सैंपलों की रिपोर्ट आने के बाद अगली कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। कलायत अनाज मंडी में पहली बार प्रशासन के निर्देश पर खाद के सैंपल लेने की कार्यवाही देखने को मिली। इस प्रकार की गतिविधियों से साफ है कि प्रशासन किसी स्तर पर खाद प्रति निगरानी में चूक करने के पक्ष में नहीं है।

रजिस्ट्री सं. डी. एल.-33004/99 REGD. NO.D.L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सत्यमेव जयते

सी.जी.-डी.एल.-अ.-20112024-258763
CG-DL-E-20112024-258763
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4582] नई दिल्ली, मंगलवार, नवम्बर 19, 2024/कार्तिक 28, 1946
No. 4582] NEW DELHI, TUESDAY, NOVEMBER 19, 2024/KARTIKA 28, 1946

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**

**अधिसूचना**

**नई दिल्ली, 19 नवंबर, 2024**

**का.आ. 4970 (अ)**--केंद्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 3781 तारीख 03/09/2024, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, ख़ण्ड 3, उपखण्ड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा हरियाणा राज्य के करनाल जिले के गांव-कलरी जागीर, खुखनी (6), तालुक-इंद्री में ग्रीनफील्ड हाईवे के कि.मी. 46.6 से कि.मी. 55.037 तक के राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण (चौड़ा करने/चार लेन का बनाने, आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख "08.09.2024" को " दी टाइम्स ऑफ इंडिया" और "अर्थ प्रकाश" दोनों में प्रकाशित किया गया था

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3-ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

**अनुसूची**

**हरियाणा राज्य के करनाल जिले के गांव-कलरी जागीर, खुखनी (6), तालुक-इन्द्री में ग्रीनफील्ड हाईवे के कि.मी. 46.6 से कि.मी. 55.037 के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।**

**फाइल नंबर: 16002/NHAI/PIU/AMB/3D**
**अभय जैन, निदेशक**

जिला: करनाल
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि: 19/11/2024
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in
नोट: इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

## राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय जोनल यूथ फेस्टिवल

# हम सबको एक लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना चाहिए जब तक आपका कोई लक्ष्य नहीं होगा तब तक आपको कामयाबी नहीं मिलेगी : सुभाष बराला

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



राज्यसभा सांसद सुभाष बराला कार्यक्रम के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति से रूबरू होते हुए। फोटो : अजय गौतम

**नरवाना, 22 नवंबर।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के युवा कल्याण एवं सांस्कृतिक निदेशालय के तत्वावधान में के एम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में नरवाना जोन का दो दिवसीय जोनल युथ फेस्टिवल का आयोजन किया गया कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों से आए हुए छात्र-छात्राओं द्वारा हरियाणवी संस्कृति की छटा विखेरी जिससे देख कर दर्शक भाव विभोर हो गए इस मौके पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की इस यूथ फेस्टिवल में नरवाना जॉन की कुल 8 कॉलेज भाग ले रहे हैं जिनमें प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी कॉलेज जींद, सी आर किसान कॉलेज जींद, राजकीय महाविद्यालय छातर, राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना, एस डी गर्ल कॉलेज उचाना, आरजीएसडी नरवाना, एस डी महिला महाविद्यालय नरवाना व के एम राजकीय कॉलेज नरवाना आते हैं। इस यूथ फेस्टिवल में ग्रुप डांस, सोलो डांस, पॉप सॉन्ग हरियाणवी से लेकर सांग तक की विधाओं का मंचन किया जा रहा है । लगभग 30 विधाओं को डांस, सिंगिंग व थिएटर इवेंट्स के रूप में बांटा गया है।

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चे हमारी हरियाणवी संस्कृति से रूबरू करा रहे है हमारी हरियाणवी संस्कृति के दर्शन करा रहे हैं हरियाणवी संस्कृति का जो एक वास्तविक प्रदर्शन है वह यहां पर किया जा रहा है बहुत अच्छा आयोजन यहां का है यहां के नागरिकों के एक अच्छे भविष्य का कैसे निर्माण हो इस काम में यह लोग संस्था के लगे हुए हैं उन्होंने कहा कि हम सबको एक लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना चाहिए जब तक आपका कोई लक्ष्य नहीं होगा तब तक आपको कामयाबी नहीं मिलेगी इसलिए अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहना चाहिए बराला ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि सालों साल से कांग्रेस पार्टी अपना संगठन नहीं बना पाई है कांग्रेस पार्टी को इस बात पर मंथन करना चाहिए कि किस प्रकार से उनकी लड़ाई वर्चस्व की लड़ाई हुड्डा साहब में रणदीप सुरजेवाला में कुमारी शैलजा में इस प्रकार की वर्चस्व की लड़ाई है कांग्रेस की अंदरूनी फूट जग जाहिर है उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज में एक विकृति बन चुकी थी अगर बच्चा कोई पढ़ता लिखता उसके बाद उसके माता-पिता की चिंता शुरू हो जाती थी कैसे में बेटे को नौकरी दिलवाऊंगा कैसे सिफारिश ढूंढू कहां से मैं पैसा लेकर आऊंगा नौकरी के बदले देने के लिए इस कार्य संस्कृति को बदलने का काम इस विकृति को दूर करने का काम हमारे मुख्यमंत्रियों ने किया है इसी प्रकार किसान के लिए गरीब के लिए मजदूर के लिए जिस प्रकार की योजनाएं सरकार लेकर आई है चहुंमुखी विकास हरियाणा प्रदेश का जो किया है।

संध्याकालीन सत्र में श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश सैनी मुख्य अतिथि के रूप में पधारे तथा अध्यक्षता नरवाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के दंत चिकित्सक डॉ कपिल शर्मा ने की। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ रोहतास नैन, रुचिका जुनेजा, स्वीटी श्योकंद,राजेश श्योकंद व सुल्तान सिंह ने किया।

# जिला परिषद हाऊस की बैठक में नौ करोड़ के विकास कार्यों को दी मंजूरी

## गैर हाजिर रहे चार अधिकारियों को चेरमैन ने भेजे नोटिस, 20 पार्षदों ने लिया एक एक गांव व स्कूल गोद

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



कैथल जिला परिषद हाऊस की बैठक में उपस्थित चेयरमैन, विधायक व पार्षद। फोटो: अजय गौतम

**कैथल, 22 नवंबर।** जिला परिषद भवन में शुक्रवार को 13 महीने के बाद जिला परिषद हाऊस की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद के नवनिर्वाचित चेयरमैन कर्मबीर कौल ने की। इस बैठक में पूंडरी से विधायक सतपाल जांबा ने भी शिरकत की। पूर्व चेयरमैन दीप मलिक जाखौली को छोड़कर सभी 21 में से 20 पार्षदों ने हिस्सा लिया। हाऊस की बैठक में गांवों में विकास की गाति को आगे बढ़ाते हुए नौ करोड़ रुपये के विकास कार्यो को मंजूरी दी गई। वहीं बैठक में गैर हाजिर रहे चार अधिकारियों को अध्यक्ष ने नोटिस भेजा। इन अधिकारियों में बिजली निगम, डीएफएससी, रोजगार कार्यालय सहित अन्य एक विभाग के अधिकारी शामिल रहे। चेयरमैन कर्मबीर कौल ने कहा कि जो अधिकारी इस बैठक को गंभीरता से नहीं लेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। ऐसे अधिकारियों की रिपोर्ट वे मुख्यमंत्री नायब सैनी को सौपेंगे। बैठक में जर्जर सड़कों, गांवों में पानी, बिगड़ी स्वास्थ्य सेवाओं के मुद्दे छाए रहे। बेटियों के स्कूल कॉलेज जाने के लिए बसों की समस्या भी कई पार्षदों ने उठाई। बैठक में पेंशन विभाग पर पैसे लेकर पेंशन बनाने के आरोप भी कई पार्षदों ने लगाए।

**20 पार्षदों ने गोद लिए गांव व स्कूल:** इस बैठक में एक अच्छी बात यह भी रही कि सभी 20 पार्षदों ने अपना स्वयं का गांव छोड़कर एक एक गांव व एक एक स्कूल भी गोद लिया। पार्षदों ने कहा कि वे गोद लिए गांवों को चकाचक करेंगे। वार्ड 7 की पार्षद कमलेश शर्मा ने बेटियों के लिए स्कूल बसों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि युवा नशे की ओर जा रहा है इस पर भी हम सबकों मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने अपने वार्ड में वाटर कूलर न लगाने पर भी नाराजगी जताई।

**ये समस्याएं भी उठी:** वार्ड आठ से पार्षद ममता रानी के प्रतिनिधि बलजीत ने शिक्षा के गिर रहे स्तर को लेकर मांग उठाई। सरकारी स्कूलों से घट रहे बच्चों पर उन्होंने चिंता वक्त की। उन्होंने स्कूलों में अच्छे से काम न करने वाले टीचरों के तबादले की मांग भी की। पार्षद कर्मवीर फौजी ने 22 एकड़ में बने खेल स्टेडियम की दुर्दशा का मुम्दा भी उठाया। पार्षद नेहा तंवर के प्रतिनिधि विकास तंवर ने कहा कि उनके गांव क्योड? में 10 एकड़ में बने एग्रीक्लचर सब सेंटर को लेकर कहा कि उनकी जमीन गई लेकिन सेंटर अब तक शुरू नहीं हुआ जबकि उसका 90 प्रतिशत काम भी हो चुका है। अब वह खंडर में तबदील हो रहा है।

**10 मुद्दों पर हुई चर्चा:** इस बैठक में गांवों में विकास कार्यों को लेकर 10 मुद्दों पर चर्चा हुई। नए अध्यक्ष का चुनाव होने के बाद यह पहली बैठक थी। गौरतलब है कि हाल ही में भाजपा समर्थित कर्मबीर कौल को जिप का नया अध्यक्ष बनाया गया है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कर्मबीर कौल ने पूरी बैठक में गांवों में विकास कार्य करवाने की बात पर जोर दिया। इसके बाद पार्षदों को विकास करवाने को लेकर उनकी शक्तियों के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में पार्षदों की ओर से पानी, सड? और परिवहन संबंधी समस्याओं को सदन के समक्ष रखा। अधिकतर समस्याओं का समाधान करवाने के लिए सदन की ओर से मंजूरी दी गई।

**नौ करोड़ के विकास कार्यों को दी गई मंजूरी:** बैठक में करीब नौ करोड़ रुपये के विकास कार्यों को दी गई मंजूरी के तहत जिला परिषद भवन के जीर्णोद्धार सहित वार्डों में विकास कार्य करवाए जाएंगे। जिला परिषद भवन के जीर्णोद्धार के कार्य को मंजूरी। मुख्य गेट, शौचालय का निर्माण। फास्ट वाईफाई लगाना। मल्टी एलमीरा बनवाना। जिला परिषद परिसर में हेल्प डेस्क और हेल्प लाइन नंबर जारी करना। जिला परिषद की अधिकृत जमीनों की ब्यौरा जारी करना। सरकारी गाड़ी के लिए एचकेआरएन के तहत चालक और सेवादार की भर्ती को मंजूरी। जिला परिषद भवन में वन स्टॉप सेंटर। जिला परिषद भवन में स्थापित कृषि और रोजगार कार्यालय को शिफ्ट करने का प्रस्ताव पास।

**ब्लैकमेल करते हैं आईटीआई एक्टिविस्ट: चेयरमैन–** चेयरमैन कर्मवीर कौल ने कहा कि आरटीआई लगाना गलत है। जानकारी हासिल करना भी कुछ गलत बात नहीं है। लेकिन आरटीआई एक्टिविस्ट बनकर ब्लेकमेल करना करना है। ऐसे लोगों को भी अंकुश लगाना चाहिए। ऐसे लोग सरपंचों, ब्लाक समिति सदस्यों, जिला पार्षदों को ब्लेकमेल करते हैं और विकास कार्यों में रोड़ा अटकाते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### डा. महेन्द्र बागी ने शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य का कार्यभार संभाला



**इन्द्री (अप्रस/सीमा देवी)।** इन्द्री स्थित राजकीय महाविद्यालय में डॉ. महेन्द्र सिंह बाग़ी जी ने प्राचार्य का कार्यभार संभाला है। इस अवसर पर महाविद्यालय में खुशी की लहर है। प्रोफेसर महेन्द्र सिंह बाग़ी इतिहास विभाग से पीएचडी है ओर उन्होंने उच्चतर शिक्षा विभाग में 3 नवंबर 1997 को बतौर सहायक प्रोफेसर, इतिहास कार्यभार संभाला था। प्राचार्य के पद पर उनकी पदोन्नति 10 अक्टूबर, 2023 को हुई। शिक्षा और प्रशासन के क्षेत्र में उनका अनुभव बहुत गहरा है। उनका यह 19वां कॉलेज है। इससे पहले वे डिप्टी डायरेक्टर के पद पर उच्चतर शिक्षा विभाग, पंचकूला में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय काउंसिल के सदस्यों प्रोफेसर डा.राजीव गुप्ता, डा.राजकुमार, डा.अनिला, डा.रणवीर और सभी स्टाफ सदस्यों ने महाविद्यालय पहुंचनें पर उनका हार्दिक स्वागत् और अभिनंदन किया। महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों की ओर से स्टाफ सचिव डॉ. रमेश कुमार ने प्राचार्य के लिए जलपान का आयोजन किया। स्टाफ सचिव ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमें अनुभवी और दूरदर्शी सोच वाले प्राचार्य का सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा। प्राचार्य एस बाग़ी जी ने सबका धन्यवाद किया और कहा कि हमारा ध्येय महाविद्यालय का सर्वांगीण विकास करना है और आगामी दिसंबर माह की 12 एवं 13 तारीख को होने वाले नैक कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराना है और महाविद्यालय के लिए सर्वश्रेष्ठ ग्रेड लेने का प्रयास करना है। उन्होंने कहा नैक का कार्य सामूहिक प्रयास का कार्य है। इस कार्य में हमें व्यक्तिगत रूप से और संस्थागत रूप से कार्य करना है। इस अवसर पर महाविद्यालय का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा।

### विधायक सतपाल जांबा को हाऊस की बैठक में नहीं मिली कुर्सी



**कैथल (अप्रस)।** कैथल में शुक्रवार को जिला परिषद की बैठक हुई। इस बैठक में पूंडरी से भाजपा विधायक सतपाल जांबा भी शामिल हुए, लेकिन कुर्सी न मिलने पर भड़क गए और ना उनके नाम की नेम प्लेट लगी हुई थी। इसके चलते अधिकारियों पर भाजपा विधायक भड़क गए। इसके बाद उन्हें 20 मिनट तक इंतजार करना पड़ा। विधायक सतपाल जांबा ने अधिकारियों से पूछा कि कुर्सी और नेमप्लेट लगाने की जिम्मेदारी किसकी है। इसके साथ उन्होंने चेयरमैन कर्मबीर कौल से कहा कि जब हमारी सीट नहीं लगानी थी तो हमें मीटिंग के लिए लेटर क्यों भेजा। इसके बाद नगर परिषद के अधिकारियों ने तुरंत विधायक के लिए नेम प्लेट के साथ कुर्सी लगवाई और चेयरपर्सन के कहने पर बैठ गए। इसको लेकर जिला परिषद के चेयरमैन कर्मबीर कौल ने कहा कि हमने सभी विधायकों और सांसद साहब की नेम प्लेट बनवाई हुई थी। लेकिन मौजूद नहीं होने पर उनकी नेम प्लेट और कुर्सी हटा दी गई। ताकि स्पेस बन सके। जिला परिषद की बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा की गई। इस बैठक में विधायक सतपाल जांबा के अलावा जिला परिषद सीईओ सुशील कुमार, डिप्टी सीईओ रीतू लाठर सहित सभी पार्षद मौजूद रहे।

### धान, कपास की आवक कम होने से मार्केट फीस बीते साल से 40 लाख आई कम

**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** इस साल धान, कपास की आवक अब तक बीते साल से कम होने के चलते मार्केट फीस के रूप में मार्केट कमेटी की जो इंकम होती थी वो कम हुई है। मार्केट कमेटी में दर्ज आंकड़ों के अनुसार इस बार धान 1121, 1509 की फसल इस साल 318660 क्विंटल आ चुकी है। बीते साल इन दिनों 394478 क्विंटल आई थी। इस साल बीते साल की अपेक्षा 75818 क्विंटल आवक फसल की कम हुई है। आवक कम होने से मार्केट फीस भी कम जमा हुई। इस साल अब तक 1 करोड 59 लाख 25 हजार 624 मार्केट फीस जमा हुई तो बीते साल इन दिनों 1 करोड़ 97 लाख 14 हजार 630 रुपए मार्केट फीस के जमा हुए थे। इस साल 37 लाख 89 हजार 6 रुपए कम जमा हुए है। ऐसे ही इस बार कपास की आवक अब तक 28362 क्विंटल हो चुकी है तो बीते साल इन दिनों 39268 क्विंटल आवक हुई थी। इस साल 10906 क्विंटल आवक कम हुई है। इस साल मार्केट फीस के रूप में 10 लाख 70 हजार 15 रुपए जमा हुए है तो बीते साल इन दिनों 13 लाख 69 हजार 397 रुपए जमा हुए थे। इस साल 2 लाख 99 हजार 382 रुपए की राशि कम जमा हुई है। आवक कम होने के साथ-साथ भाव भी धान के कम रहने से मार्केट फीस कम जमा हुई है। कपास के भाव जरूर बीते साल से अधिक किसानों को मिल रहे है लेकिन आवक कपास की भी कम इस बार है। मार्केट कमेटी सचिव संदीप कासनिया ने बताया कि बीते साल की अपेक्षा मार्केट फीस फसल की आवक, भाव कम होने से कम जमा हुई है।

# राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मेडिकल कालेज मुलाना का किया अवलोकन

अर्थ प्रकाश/सचिन मलिक


हरियाणा के महामहिम राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने शुक्रवार को मैडिकल कालेज मुलाना का अवलोकन के दौरान। फोटो: अजय गौतम

**मुलाना, 22 नवंबर।** हरियाणा के महामहिम राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने शुक्रवार को मैडिकल कालेज मुलाना का अवलोकन किया और यहां पर विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-सथ अन्य क्षेत्र में आगे बढने केलिए जो गतिविधियां की जा रही है उसकी जानकारी हासिल की। इस मौके पर एनसीसी के कैंडिडेट्स की टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया। कार्यक्रम के दौरान मैडिलक कालेज के पदाधिकारी डा. विशाल गर्ग व अन्य मैनेजमैंट द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल व स्मृति चिन्ह देकर उनका यहां पहुंचने पर अभिनंदन किया गया।

हरियाणा के महामहिम राज्यपाल ने मैडिकल कालेज मुलाना का अवलोकन करते हुए यहां पर स्थापित लैब, लाइब्रेरी, रिसर्च सेंटर व हॉस्पिटल का निरीक्षण किया और यहां दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता के बारे जानकारी हासिल की। उन्होने लाइब्रेरी में उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत की। वाईस चासंलर द्वारा राज्यपाल के समक्ष महर्षि मारकण्डेश्वर विश्वविद्यालय की रिपोर्ट प्रस्तुत की। वर्ष 1995 में इंजिनियरिंग कालेज से शुरू होकर महर्षि माकण्डेश्वर ट्रस्ट को विशाल संस्थान का रूप दिया। इस मौके पर यूनिवर्सिटी की मैनजमेंट द्वारा ट्रस्ट, हॉस्पिटल व कॉलेज की स्थापना व कार्यप्रणाली के बारे में राज्यपाल को अवगत करवाया गया।

महामहिम राज्यपाल ने इस मौके पर कहा कि आज का युवा कल का कर्णधार है। युवाओं को दिशा अगर ठीक मिल गई तो देश का विकास निश्चित होगा। युवा देश का भविष्य है, विकसित भारत के निर्माण में युवाओं का अहम योगदान रहेगा। उन्होने कहा कि खेल और शिक्षा दोनों में युवाओं को आगे अग्रसर रहना चाहिए। नशे को रोकने को लेकर हम सब को मिलकर प्रयास करने होंगे तभी नशे को जड़ से खत्म किया जा सकता है। प्रदेश सरकार सरकार द्वारा हर गांव में व्यायमशालाएं बनाई गई हैं ताकि युवा ग्रामीण आंचल से ही खेल जगत के तहत मजबूत प्रशिक्षण हासिल कर सके।

उन्होंने कहा कि अगर देश का विकास करना है तो नई शिक्षा प्रणाली को अपनाना होगा। बेहतर शिक्षा ही देश का विकास कर सकती है। विद्यार्थियों का संकल्प अच्छी शिक्षा पाने का होना चाहिए। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने भी प्रदेश के युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए संदेश दिया और बच्चों को नैतिक शिक्षा प्रदान करने का आहवान किया।

इस अवसर पर एसडीएम अश्वनी मलिक, पुलिस उप अधीक्षक रजत गुलिया, एमएम यूनिवर्सिटी के चांसलर तरसेम गर्ग, वाईस चांसलर एच के शर्मा, डॉ विशाल गर्ग, डॉ मिनाक्षी गर्ग व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## जिला सलाहकार समिति की बैठक
# भ्रूण लिंग की जांच करने वालों पर शिकंजा कसने के निर्देश

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन

**करनाल, 22 नवंबर।** गर्भधारण पूर्व व प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम के तहत आज यहां जिला सलाहकार समिति की एक बैठक सिविल सर्जन डा. लोकवीर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें जिला में लिंगानुपात बढ़ाने के लिये उठाये जाने वाले कदमों पर विचार-विमर्श किया गया।

सीएमओ डा. लोकवीर ने बताया कि इस समय लिंगानुपात मामले में करनाल जिला चौथे नंबर पर है। जिला में एक हजार लडकों के मुकाबले लड़कियों की संख्या 934 है। इस अनुपात को करीब 970 तक पहुंचाने के लिये हर संभव प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि जल्दी ही आशा वर्कर्स और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के बीच तालमेल बढ़ाने के लिए उनके साथ बैठक आयोजित की जायेगी। निचले स्तर पर भ्रूण के लिंग की जांच बारे सूचना उपलब्ध कराने में धरातल पर आशा और आंगनवाड़ी वर्कर्स अहम कड़ी साबित हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि इस समय जिला में 92 अल्ट्रासाउंड सेंटर चालू स्थिति में हैं। पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत जिला की अदालतों में 32 केस लंबित हैं। उन्होंने कहा कि भ्रूण लिंग जांच करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। संबंधित अधिकारियों को छापेमारी बढ़ाने के निर्देश दिये गये हैं।

उन्होंने बताया कि भ्रूण के लिंग का पता लगाने के उद्देश्य से प्रयोगशाला या केंद्र अथवा क्लिनिक अल्ट्रासोनोग्राफी सहित कोई परीक्षण किया जाना निषिद्ध है। इतना ही नहीं अल्ट्रासाउंड जैसी तकनीकों के प्रयोग से व्यक्ति द्वारा गर्भवती महिला अथवा उसके रिश्तेदारों को शब्दों, संकेतों अथवा किसी अन्य तरीके से भ्रण के लिये लिंग की जानकारी नहीं दी जा सकती।

सिविल सर्जन ने लोगों से भी अपील की है कि वे बेटा-बेटी में कोई फर्क न समझें। बेटियों बेटों के मुकाबले हर क्षेत्र में प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। बैठक के एजेंडे में शामिल अल्ट्रासाउंड के लिये नये रजिस्ट्रेशन व नवीकरण के लिये आये आवेदनों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के उप सिविल सर्जन शीनू चौधरी, एसएमओ डॉ. अंजू, डा. प्रिया, विक्रम मित्तल, एडीए सितेंद्र कुमार, आईसीडीएम की पीओ सीमा प्रसाद, संरक्षण अधिकारी सुमन, रजनी परोचा आदि ने भाग लिया।

## अज्ञात हमलावरों ने दो युवकों पर किया हमला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 22 नवंबर।** सेक्टर 8 में दो युवकों पर मोटरसाइकिल पर आए कुछ बदमशों ने हमला कर दिया। वारदात में एक युवक जख्मी हो गया जिसे इलाज के लिए पीजीआई में भर्ती कराया गया। पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी। इंदिरा कालोनी निवासी पंकज ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि वह सेक्टर 8 में एक होटल में काम करता है। उसके साथ वहां विशाल भी कर्मचारी है। बीती 20 नवंबर की रात को वे स्कूटी पर घर लौट रहे थे। विशाल स्कूटी पर पीछे बैठा था। जब वे सेक्टर 17/8 रोड पर जा रहे थे तो पीछे से किसी ने उसके सिर पर डंडा मारा। जिससे वे दोनों सड़क पर गिर गए। उसने देशा कि मोटरसाइकिल पर तीन अज्ञात युवक सवार थे। उनमें से एक हाथ में डंडा लेकर उतरा और विशाल के सिर पर वार किए। हमलावर उन्हें धमकी देकर वहां से फरार हो गए। किसी तरह उसने पुलिस को सूचित किया जिसके बाद घायलों को सेक्टर 6 के सिविल अस्पताल ले जाया गया। वहां विशाल की हालत में सुधार नहीं होने के चलते उसे पीजीआई रेफर कर दिया।

## होम गार्ड जबरन करते हैं ऑटो चालकों का चालान

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ट

**फरीदाबाद, 22 नवंबर।** समस्त हरियाणा आटो रिक्शा यूनियन के आह्वान पर आज फरीदाबाद, पलवल, मेवात जिले के आटो चालकों ने हड़ताल की। हड़ताल की वजह से लोगों को अपना गतंव्य तक पहुंचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

जिसके बाद डीसीपी ट्रैफिक कार्यालय में पुलिस प्रशासन ने समस्त हरियाणा आटो रिक्शा यूनियन के प्रधान वासदेव भील अहेरिया, पं. गोपाल प्रधान, पप्पन प्रधान, कल्लू पंड़ितजी, प्रवीन पंड़ित, धर्मपाल, बाबू प्रधान, हनी, गौरव, अज्जू प्रधान, सतबीर प्रधान, आकाश को बैठक के लिए बुलाया।

बैठक में पुलिस प्रशासन की ओर से एसीपी ट्रैफिक सतेन्द्र सिंह व एचएचओ ट्रैफिक विनोद कुमार मौजूद रहे। इस बैठक में प्रधान वासदेव भील अहेरिया ने बताया कि होम गार्ड आटो ड्राईवरों के ऑनलाईन जबरन चालान करते है, कुछ यातायात पुलिस कर्मी जूते चप्पल के नाम व आटो में सीट बेल्ट का चालान करते है साथ ही पांच सवारियों के नाम पर जो जबरन चालान काटे जा रहे है उनको रोका जाए और आटो चालकों को नाजायज परेशान न किया जाए। साथ ही यूनियन ने कैम्प लगाकर आटो चालकों के लाईसेंस व कागजात बनवाने की भी अपील की।

## इन्द्री की चार छात्राओं विभिन्न प्रतियोगिताओं में हासिल किए पदक


प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राएं टीचर के साथ।

अर्थ प्रकाश/सीमा देवी

**इन्द्री, 22 नवंबर।** जूनियर रैडक्रॉस सोसाईटी करनाल के सौंजन्य से 18 नवंबर से शुरू हुए जिला स्तरीय जागरूकता शिविर का आज समापन हो गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों व शिक्षकों में जागरूकता लाने का रहा। इस शिविर में विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा टीबी, मलेरिया, एचआईवी, प्राथमिक सहायता, बुर्जुगों को आने वाली समस्याओं,अंग व आंख दान आदि के बारे में जानकारी दी गई।

शिविर के अंतिम दिन प्रश्नोत्तरी, सोलो ड़ांस, गीत व स्लोगन सहित कई अन्य प्रतियोगिताओं को करवाया गया। इन्द्री के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने भी इस शिविर में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिविर में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्कूल की चार छात्राओं ने अव्वल प्रदर्शन कर पदक हासिल किए। इन चारों छात्राओं का आज स्कूल में पंहुचनें पर स्वागत किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए स्कूल की मुख्याध्यापिका ज्योति खुराना ने बताया कि इस शिविर में भाषण प्रतियोगिता में ग्यारवीं की छात्रा जैनेफ ने तीसरा स्थान, स्लोगन प्रतियोगिता में महक ने दूसरा व सांतवी कक्षा की छात्रा खुशी ने तीसरा स्थान हासिल किया है।

वही दंसवी कक्षा की छात्रा वंशिका ने जिला स्तर की गणित प्रतियोगिता में माड़ल बनाकर तीसरा स्थान पाया है। मुख्याध्यापिका ज्योति खुराना ने कहा कि हर एक बच्चें में कोई न कोई प्रतिभा अवश्य होती है जिसको केवल निखारने की जरूरत होती है। डीपीई अशोक कुमार ने बताया कि यदि विद्यार्थी ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेते है तो वो अपने आप को बुरी संगत से बचा सकते है। इस मौके पर मैड़म सीमा, निरूक्षमा, काजल, सुमन, आशा ड़ा. रिषी शर्मा व पुनीत सहित कई अन्य मौजूद रहे।

### विधायक देवेंद्र अत्री ने आर्थिक सहायता के तौर पर बांटे 737500 के चैक

**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** मार्केट कमेटी कार्यालय में मुख्यमंत्री किसान खेती हर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत कृषि कार्यों में मौत का ग्रास बनने वालों के परिवार के सदस्य एवं कृषि कार्य के दौरान अंग-भग होने वालों को आर्थिक सहायता के चेक बांटे गए। शुक्रवार को विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा 7 लाख 37 हजार 500 रुपए के चेक वितरित किए। विधायक ने कहा कि समय-समय पर इस योजना के तहत आर्थिक मदद की जाती है। खेत में काम करते हुए मौत का ग्रास होने पर पांच लाख रुपए की सहायता प्रदान की जाती है। शरीर का अंग-भंग होने पर अलग-अलग सहायता राशि दी जाती है। उचाना उपमंडल के 5 गांव के दावेदारों एवं आश्रितों को 7 लाख 37 हजार 500 रुपए की आर्थिक सहायता के चेक बांटे गए। इस तरह की आर्थिक मदद सरकार के माध्यम से की जाती है। सचिव संदीप कासनिया ने बताया कि खेत में मौत होने के बाद विसरा रिपोर्ट, पुलिस रिपोर्ट एवं पोस्टमार्टम एवं अन्य संबंधित कागजात होने जरूरी है।

# मोरनी व रायपुररानी के ग्रामीणों की समाधान शिविर में सुनी गई 6 समस्याएं

## एमसी कार्यालयों में आई चार शिकायतों में से दो का मौके पर हुआ निपटान

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**पंचकूला, 22 नवंबर।** प्रशासन की तरफ से जिले में लगाए जा रहे समाधान शिविरों में लोग अपनी समस्याओं का तुरंत समाधान पाने के उद्देश्य से पहुंच रहे हैं। इस कड़ी में शुक्रवार को चार ब्लाकों के अलावा नगर निगम के सेक्टर 4 स्थित कार्यालय में शिविर में लोग शिकायतों को लेकर पहुंचे। विकास एवं पंचायत अधिकारी राजन सिंगला ने बताया कि आज चारों ब्लॉको में से मोरनी व रायपुररानी में ग्रामीणों द्वारा समाधान शिविर में 6 समस्याएं सुनी गई और संबंधित अधिकारियों को जल्दी से जल्दी समाधान के लिए भेजी गई।

उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा निर्देशित जिले के चारों ब्लॉकों पिंजौर, रायपुररानी, बरवाला व मोरनी में समाधान शिविर का 22 अक्तूबर से लगातार आयोजन किया जा रहा है। श्री सिंगला ने ग्रामीणों से समाधान शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं का शीघ्रता और मौके पर समाधान करवाने की अपील की। उन्होने सभी अधिकारियों से प्राथमिकता के आधार पर लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी ने बताया कि मुख्य रूप से स्वामित्व योजना से जुडी समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक कार्यदिवस को हर ब्लॉक के बीडीपीओ कार्यालय पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। श्री सिंगला ने बताया कि आज ब्लॉक रायपुररानी में 1 व मोरनी में 5 लोगों की समस्याएं समाधान शिविर में प्राप्त हुई, जिनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को भेज दिया गया है।

नगर निगम पंचकूला के कार्यालय व नगर परिषद कालका में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में शहरवासियों द्वारा चार समस्याएं अधिकारियों के सामने रखी गई, इनमें से मौके पर ही दो समस्याओं का समाधान किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त एवं नगर निगम कमीश्नर अपराजिता ने बताया कि शिविर में चार शिकायतें प्राप्त हुई। प्रॉपर्टी आईडी से सम्बन्धित दो शिकायतों का मौके पर ही निपटान कर दिया गया। सेक्टर-16 निवासी विजय गुप्ता ने प्रॉपर्टी आईडी में पता और एरिया अपडेट करने की अपील की। सेक्टर-12ए निवासी संगीता ने नई प्रॉपर्टी आईडी बनवाने की गुहार लगाई। सेक्टर-4 निवासी रंजू ने प्रॉपर्टी आईडी में मालिक का नाम बदलवाने की अपील की। सेक्टर-15 निवासी कुसुम लता ने अपनी प्रॉपर्टी आईडी में एरिया को अपडेट करवाने की गुहार लगाई।

उन्होंने बताया कि सेक्टर-4 स्थित नगर निगम के कार्यालय व नगर परिषद कालका परिसर में प्रत्येक कार्यदिवस पर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन कर शहर के लोगों की समस्याओं व शिकायतों को सुना जाएगा।

▲ अधिकतम 25 डिग्री से.
डिग्री से. 13 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 6.56 बजे
सूर्यास्त 5.22 बजे
सोना 24 कैरेट : 78,970.00
सैंसेक्स : 79,117.11
अमेरिका : 84.44
कैनेडियन : 60.33
आस्ट्रेलिया : 54.90

# चंडीगढ़ में बिजली वितरण का निजीकरण, कर्मचारियों की सेवा शर्तें तय

**यूटी बिजली कर्मचारियों को सभी सेवा लाभ सुरक्षित रहेंगे प्रशासक**

**इंप्लायज मास्टर ट्रस्ट स्थानांतरित कर्मचारियों की सभी टर्मिनल लायबिल्टीज (देनदारियों) देगा, कंपनी इस खाते में 263 करोड़ रुपये की राशि स्थानांतरित करेगी**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** केंद्र की आत्मनिर्भर भारत अभियान की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए चंडीगढ़ में बिजली वितरण उपयोगिताओं का निजीकरण कर दिया गया है। कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए भी कई प्रावधान किये गये हैं। कर्मचारियों को नए चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड में स्थानांतरित किया जाना है। 'चंडीगढ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज मास्टर ट्रस्ट' बनाया गया है जिसे भारतीय ट्रस्ट अधिनियम, 1882 के तहत शामिल किया गया है। इंप्लायज मास्टर ट्रस्ट स्थानांतरित कर्मचारियों की सभी टर्मिनल लायबिल्टीज (देनदारियों) देगा और कंपनी द्वारा इस खाते में 263 करोड़ रुपये की राशि स्थानांतरित की जाएगी। निजीकरण प्रक्रिया में आगे बढ़ने के लिए, चंडीगढ़ प्रशासन ने शुक्रवार को उच्चतम बोली लगाने वाली कंपनी को इंटेंट लैटर (आशय पत्र) जारी किया है। ड्राफ्ट ट्रांसफर स्कीम में स्थानांतरित कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए कई प्रावधान किये गये हैं। स्थानांतरित कर्मियों पर लागू सेवाओं की शर्तें किसी भी तरह से स्थानांतरण तिथि से ठीक पहले उन पर लागू शर्तों से कम अनुकूल या कम नहीं होंगी। ऐसे सभी कर्मियों को सभी मामलों में सेवाओं की निरंतरता



प्राप्त रहेगी। स्थानांतरण तिथि से पहले प्रशासन के तहत उनकी सेवा के दौरान कंपनी को उनके हकदार सरकारी लाभों सहित अर्जित सेवा के सभी लाभों को पूरी तरह से मान्यता मिलेगी और इन्हें संरक्षित किया जाएगा। ऐसे कर्मियों के किसी भी या सभी टर्मिनल लाभों के भुगतान सहित सभी उद्देश्यों के लिए ध्यान में रखा जाएगा। कंपनी द्वारा उनकी पूर्व सहमति के बिना स्थानांतरित कर्मियों को चंडीगढ़ के बाहर तैनात नहीं किया जाएगा। ट्रस्ट से टर्मिनल लाभों को स्वीकृत और वितरित करने की सभी प्रक्रियाएं ट्रस्टी बोर्ड की सिफारिश पर प्रशासन द्वारा निर्धारित की जाएंगी। ट्रस्ट तब तक कार्य करेगा जब तक कि स्थानांतरित कर्मचारियों की टर्मिनल देनदारियों का पूरा भुगतान नहीं हो जाता। इसके लिये चंडीगढ़ विद्युत सुधार स्थानांतरण योजना तैयार की गई है और चंडीगढ़ प्रशासन से 'चंडीगढ़ विद्युत वितरण लिमिटेड' (सीपीडीएल) को कार्यों का हस्तांतरण विद्युत सुधार स्थानांतरण योजना के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए विशिष्ट प्रावधान शामिल किए गए हैं। चंडीगढ़ प्रशासन कंपनी में कर्मियों के स्थानांतरण पर विकल्प/अभ्यावेदन/सुझाव प्राप्त करने के लिए स्थानांतरण तिथि से एक समिति का गठन करेगा और कंपनी में कर्मियों के स्थानांतरण के मामलों में उनकी शिकायतों के संबंध में प्रशासन को सिफारिश करेगा। प्रशासन, समिति की सिफारिशों पर विचार करने के बाद, कंपनी में स्थानांतरित कर्मियों के संबंध में ऐसे आदेश पारित करेगा, जिन्हें वह उचित समझे। पावर डिस्ट्रीब्यूशन आरपीएसजी समूह के अध्यक्ष पीआर कुमार ने कहा कि हम उपभोक्ताओं को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम चंडीगढ़ विद्युत विभाग से कंपनी में स्थानांतरित होने वाले कर्मचारियों की सेवा शर्तों और पेंशन लाभों का अक्षरशः सम्मान करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। चंडीगढ़ में बिजली आपूर्ति और वितरण के निजीकरण से विभिन्न उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। चंडीगढ़ इलेक्ट्रिसिटी डिपार्टमेंट से कंपनी में ट्रांसफर होने वाले कर्मचारियों को भी सभी पेंशनर बेनेफिट मिलेंगे।

### मेसर्स एमिनेंट पावर कंपनी लिमिटेड के हवाले अब विभाग

बिजली क्षेत्र में स्ट्रक्चरल रिफोर्म्स करने को लेकर 2020 में शुरू हुई सुधार प्रक्रिया का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं, ऑपरेशनल इंप्रूवमेंट, डिस्ट्रीब्यूशन में फाइनेंशियल एफीशियेंसी है। सुधारों का मकसद है कि देश के समक्ष यह प्रक्रिया एक मॉडल बने, इसलिये चंडीगढ़ में इसकी शुरुआत हुई। चंडीगढ़ में निजीकरण की प्रक्रिया के तहत मेसर्स एमिनेंट पावर कंपनी लिमिटेड को सफल बोलीदाता के रूप में चुना गया। केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद, 'चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड' (सीपीडीएल) का गठन किया गया।

### प्रशासक के सामने कर्मचारियों के सेवा लाभों पर चर्चा

21 नवंबर 2024 को यू.टी, चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में, नई कंपनी में स्थानांतरित किए जाने वाले कर्मचारियों के सेवा लाभों से संबंधित मामले पर चर्चा की गई। प्रशासक द्वारा यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि कर्मचारियों के सभी मौजूदा सेवा लाभों की सुरक्षा की जाए। प्रशासक ने विशेष रूप से यूटी पावरमैन यूनियन की शिकायतों को ठीक से संबोधित करने का निर्देश दिया है।

बिजली पावर सप्लाई के प्राइवेटाइजेशन व डिस्ट्रीब्यूशन से उपभोक्ताओं को कई तरह के लाभ मिलेंगे। उपभोक्ताओं को इंप्रूव्ड, प्रो-एक्टिव, रिस्पोंसिव व डिजीटली इनेबल्ड कस्टमर सर्विस मिलेगी और साथ ही माडर्न ऑपरेशनल टेक्नोलॉजीस शुरु होने का रास्ता खुलेगा। ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन लॉसिस भी इससे घटेंगे जिससे अंततः कंज्यूमर को लाभ होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### हैड कांस्टेबल के बेटे ने बैडमिंटन में सिल्वर मेडल पर किया कब्जा



**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** 68वी नेशनल स्कूल गेम्स में चंडीगढ़ पुलिस के हैड कांस्टेबल के बेटे ने बैडमिंटन गेम्स में बाजी मार कर सिल्वर मेडल पर कब्जा किया। अपने परिवार और चंडीगढ़ पुलिस का नाम रोशन किया। जानकारी के मुताबिक पता चला कि चंडीगढ़ पुलिस में तैनात हैड कांस्टेबल जसविंदर कुमार वूमेन पुलिस स्टेशन में एएमएचसी के पद पर तैनात है। हैड कांस्टेबल का बेटा रोहित सैक्टर 35 स्थित गुरु गोविंद सिंह पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 12वी कक्षा का छात्र है। 21 नवंबर को मध्य प्रदेश स्थित भोपाल में 68वीं नेशनल स्कूल गेम्स बैडमिंटन में बाजी मारकर सिल्वर मेडल पर कब्जा किया। जिसके चलते परिवार में खुशी की लहर है।

### विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी, मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 26 पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी और जरूरी कागजात ना देने के मामले में आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज किया है ।आरोपीयों की पहचान सेक्टर 7 के रहने वाले संदीप, नवीन और हिमाचल के सोलन के रजत के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता सेक्टर 47 के रहने वाले रजनीश ने पुलिस को बताया कि कुछ समय पहले उसका संपर्क उक्त आरोपियो से हुआ था। उन्होंने पीड़ित को झांसे में लेते हुए कहा था कि वह उसको कनाडा की पीआर दिलवा देंगे पीड़ित उनके झांसे में आ गया और उसने आरोपियो को कुल 5 लाख 50 हजार रुपए दे दिए ।और साथ ही ओर्जिनल पासपोर्ट और जरूरी कागजात भी दिए। जब कुछ दिन बीत जाने के बाद संपर्क किया तो वह टाल मटोल करता रहा। ना तो विदेश भेजा और ना ही लिए गए लाखों रुपए वापस किए। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए उक्त आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विदेश भेजने के दूसरे मामले में थाना 36 पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने के मामले में आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता सैक्टर 23 सोनीपत के रहने वाले नवनीत ने पुलिस को बताया कि उसका कुछ समय पहले एक प्राइवेट इमीग्रेशन कंपनी के ऑनर और कर्मियों से हुआ था। उन्होंने ने पीड़ित को झांसे में लेते हुए कहा था कि वह उसको विदेश का वीजा दिलवा देंगे। पीड़ित उनके झांसे में आ गया ।और उसने कंपनी के उक्त आरोपियो को 16 लाख 05 हजार रुपए दे दिए। जब कुछ दिन बीत जाने के बाद संपर्क किया तो वह टाल मटोल करते रहें। ना तो उसे विदेश भेजा और ना ही लिए गए लाखों रुपए वापस किए। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कर्मचारी आवास योजनाः प्रशासन की उच्च न्यायालय के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**योजना के तहत सरकारी कर्मचारियों के लिए चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड (सीएचबी) की ओर से सेक्टर 52, 53 और 56 में लगभग 4,000 फ्लैट बनाए जाने थे**




अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 21 नवंबर।** पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के चंडीगढ़ प्रशासन को एक वर्ष के भीतर 2008 स्व-वित्तपोषण आवास योजना के तहत पात्र कर्मचारियों को फ्लैट प्रदान करने का निर्देश देने के पांच महीने बाद चंडीगढ़ प्रशासन ने आदेश को चुनौती देते हुए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में एक विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर की है। 30 मई 2024 के अपने आदेश में हाई कोर्ट ने यूटी को 2008 की दरों पर फ्लैट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। निर्माण की लागत का भुगतान कर्मचारियों को वर्तमान दरों पर किया जाना है।

योजना के क्रियान्वयन के लिए पूरी भूमि की लागत 7,920 रुपये प्रति वर्ग गज की दर पर रहेगी, जैसा कि 2008 में घोषणा की गई थी। यूटी ने एसएलपी में तर्क दिया है कि इससे लगभग 2,000 करोड़ का वित्तीय नुकसान होगा। यह भी कहा गया है कि विचाराधीन भूमि यूटी प्रशासन की है और सेक्टर 52, 53 और 56 में चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड (सीएचबी) को औपचारिक रूप से आवंटित नहीं की गई थी। इसके बावजूद, सीएचबी ने यह योजना बनाई थी कि भूमि आवंटित की जाएगी। याचिका में यह भी कहा गया कि सीएचबी ने आवेदकों से केवल पंजीकरण राशि एकत्र की थी। यूटी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हमने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हमें उम्मीद है कि मामला अगले कुछ दिनों में सूचीबद्ध हो जाएगा। परियोजना की नोडल एजेंसी सीएचबी ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका भी दायर की थी, जो सूचीबद्ध होने का इंतजार कर रही है।

इस बीच कर्मचारी संघ ने भी जुलाई में सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल की थी। यह एक चेतावनी और एहतियाती नोटिस के रूप में कार्य करती है। इसमें अदालत से अनुरोध किया जाता है कि वह इसे दायर करने वाले पक्ष को दूसरे पक्ष को सुने बिना कोई राहत न दे।

योजना के तहत फ्लैट के लिए आवेदन करने वाले कर्मचारियों ने देरी पर निराशा व्यक्त की है। उनका कहना है कि नौकरशाही आम आदमी के खिलाफ काम कर रही है। कर्मचारियों को बिना वजह परेशान किया जा रहा है।

उनका कहना है कि हमारी गलती क्या है? हम आखिरी सांस तक लड़ते रहेंगे। हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। न्याय की प्रतीक्षा में 100 से अधिक कर्मचारी पहले ही मर चुके हैं।

### भूमि की लागत 237 करोड़ से बढ़कर 2,200 करोड़ हो गई

रिकॉर्ड के अनुसार, 2019 में, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने योजना के लिए 61.5 एकड़ भूमि की लागत लगभग 2,200 करोड़ निर्धारित की थी, जो 74,131 प्रति वर्ग गज थी। हालांकि, 2008 के कलेक्टर रेट के अनुसार, प्रति वर्ग गज दर 7,920 है, जो 61.5 एकड़ के लिए कुल 237 करोड़ के बराबर है। इस प्रकार, तीन बेडरूम वाले फ्लैट की संशोधित लागत लगभग 50 लाख होगी, दो बेडरूम वाले फ्लैट की कीमत लगभग 40 लाख होगी। एक बेडरूम वाले फ्लैट की कीमत लगभग 35 लाख होगी और एक कमरे वाले फ्लैट की कीमत लगभग 15 लाख होगी। यूं कहें कि यूटी के लिए लगभग 2,000 करोड़ का वित्तीय नुकसान। बता दें कि वर्ष 2008 में शुरू की गई योजना के तहत सरकारी कर्मचारियों के लिए चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड (सीएचबी) द्वारा सेक्टर 52, 53 और 56 में लगभग 4,000 फ्लैट बनाए जाने थे। इस परियोजना में सर्वेंट क्वार्टर के साथ 252 थ्री बीएचके फ्लैट, सर्वेंट क्वार्टर के साथ 168 दो बीएचके फ्लैट, 3,066 एक बीएचके फ्लैट और ग्रुप डी कर्मचारियों के लिए 444 सिंगल-रूम फ्लैट शामिल थे।

# प्रशासक कटारिया ने त्रैमासिक पत्रिका संकल्प का किया विमोचन



पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक गुलाब चंद कटारिया शुक्रवार को एक ज्ञानवर्धक त्रैमासिक पत्रिका पंजाब राजभवन संकल्प का विमोचन करते हुए

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** पंजाब के राज्यपाल और यूटी, चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने शुक्रवार को एक ज्ञानवर्धक त्रैमासिक पत्रिका पंजाब राजभवन संकल्प का विमोचन किया, जिसमें पंजाब और यूटी चंडीगढ़ की विभिन्न गतिविधियों का सार समाहित है। यह पंजाब राजभवन और यूटी, चंडीगढ़ की एक पहल है। यह प्रकाशन न केवल राज्यपाल की दोनों क्षेत्रों में यात्राओं का वृत्तांत प्रस्तुत करता है, बल्कि समुदायों के उत्थान और निवासियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए डिज़ाइन की गई कई कल्याणकारी योजनाओं और जागरूकता कार्यक्रमों पर भी प्रकाश डालता है। पत्रिका का विमोचन राज्यपाल की चल रही पहलों के बारे में जनता को सूचित रखने की प्रतिबद्धता और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रशासन की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। आने वाले संस्करणों में इसमें पंजाब और चंडीगढ़ की कल्याणकारी योजनाओं और पर्यटन आकर्षण के महलों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

# 14वां चंडीगढ़ राष्ट्रीय शिल्प मेला 29 से, एक जगह दिखेगी देश के कोने-कोने की झलक

**पद्मश्री सुरेश वाडेकर और पद्मा वाडेकर, कंवर ग्रेवाल सहित कई नामचीन कलाकर प्रस्तुति देंगे**




अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़। 20 नवंबर।** भारत की संस्कृति के अनेक रंग हैं और हर रंग अपने आप में अनूठा है । ऐसे ही अनेक रंगों को लेकर आ रहा है, 14वां चंडीगढ़ क्राफ्ट मेला। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र और चंडीगढ़ कला एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त आयोजन में होने वाले इस मेले में इस बार पंजाबी के नामचीन गायकों के साथ साथ ही कश्मीरी, डोगरी, हिमाचली और उत्तराखंड के मशहूर गायक भी अपनी प्रस्तुति देंगे। 14वां चंडीगढ़ राष्ट्रीय शिल्प मेला 29 नवंबर से 8 दिसंबर तक कलाग्राम में होगा, जिसमें देश के हर कोने से कलाकार और कारीगर एकत्रित होंगे। आप अलग-अलग राज्यों की विरासत में बसी कला के साथ उनके स्वादिष्ट व्यंजनों का भी मेले में आनंद ले पाएंगे।

इस वर्ष के शिल्प मेले की थीम भी 'भारत के रंग' निश्चित की गई है, जिसके अनुसार बंगाल के कारीगर मेले की साज सज्जा की सामग्री तैयार कर रहे हैं । मेले का प्रारंभ प्रतिदिन सुबह 11 बजे से होगा और रात 9.30 बजे तक यहां के लोग प्रस्तुतियों और प्रदर्शनियों का। प्रातःकालीन सत्र में स्कूली बच्चों के लिए अनेक कार्यक्रम होंगे तथा अलग अलग राज्य से आए लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां भी होंगी। बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी (क्विज़) भी होगी । मेले में खरीददारी हेतु 24 राज्यों से आए हस्तशिल्पी होंगे जो अपने उत्पाद का प्रदर्शन और विक्रय करेंगे। इनमें कई हस्तशिल्पी राष्ट्रीय अवॉर्डी भी होंगे। साथ ही कबीर पुरस्कार प्राप्त कारीगर भी आमंत्रित किए गए हैं। इस बार 20 विशेष स्टाल बनाए जा रहे हैं जिन्हें हेरिटेज लुक में सजाया जाएगा और इसमें शिल्पकार अपनी शिल्पकला को सभी के सामने प्रदर्शित भी करेंगे। चंडीगढ़ के कला प्रेमियों के अलावा आसपास के कलाप्रेमियों को देशभर की कला, शिल्प और सांस्कृतिक आयोजनों का आनंद उठाने का मौका मिलेगा। ट्राई सिटी के लोगों को इस क्राफ्ट मेले का इंतेज़ार रहता है।

शिल्प के साथ 10 दिन के मेले में रोजाना लोक कलाओं की प्रस्तुति के साथ बड़े नामचीन कलाकार अपनी गायकी से लोगों को आनंदित करेंगे । इसमें पद्मश्री अवॉर्डी सुरेश वाडेकर और पद्मा वाडेकर के अलावा हरभजन सिंह, कंवर ग्रेवाल, फिरोज खान, कश्मीर से गुलजार गनई, जम्मू से चमन लेहरी, हिमाचल प्रदेश से गीता भारद्वाज और काकु राम ठाकुर, उत्तराखंड से इंदर आर्य समेत कई अन्य कलाकार शामिल हैं। कुछ और बड़े नाम फाइनल होने की स्टेज पर हैं ।

युवाओं के लिए भी मेले में खास इंतजाम किए गए हैं। इसमें युवा पीढ़ी को जोड़ने के लिए ललित कला अकादमी की ओर से फोटोग्राफी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। जो फोटो बेस्ट चुने जाएंगे उन्हें हर दूसरे दिन इनाम भी दिए जाएंगे। इसमें हमेशा ही बड़ी भागीदारी रहती है और इस बार भी ऐसी ही उम्मीद है।

तरह तरह के व्यंजन व पकवान हर मेले की जान होता है और यहां भी ऐसा ही होगा। देश के अलग-अलग कोने के व्यंजन के स्टॉल मेले में लगाए जाएंगे और शहर के लोग उस जायकों का आनंद ले पाएंगे जो हर राज्य अपने अंदर संजोये हुए है। आप अपने घर के बुजुर्गों, करीबी दोस्तों, परिवार के साथ कला का अनुभव लेते हुए इस भोजन का स्वाद लें और अपने अंदर कला को संजोकर ले जाएं।

## मारपीट कर कार लूटने का मामला दर्ज, लूटी गई गाड़ी जगाधरी के पम्प के पास से बरामद

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** थाना 11 पुलिस ने मारपीट कर कार स्नैचिंग के मामले में आरोपी कॉलेज स्टूडेंट्स युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता पंजाब के जिला मानसा के रहने वाले 25 वर्षीय कुलदीप सिंह ने पुलिस को बताया कि वह उक्त पत्ते पर रहता है।और ड्राइविंग का काम करता है। वह 20 नवंबर को शाम करीब 7 बजे हरियाणा के जिला रेवाड़ी स्थित एक ऑटोमोबाइल कंपनी से एक टेंपरेरी नंबर की जिमनी कार लेकर डिलीवर करने के लिए मनाली के लिए निकला था। जैसे ही वह देर रात चंडीगढ़ स्थित सैक्टर 15/16 लाइट प्वाइंट के पास पहुंचा तो शिकायत कर्ता ने रेड लाइट होने के कारण गाड़ी को रोक लिया। इसी दौरान राइट साइड से एक एक्सयूवी गाड़ी पास आकर रुकी। ड्राइवर वाली सीट से एक युवक बाहर निकला। उसके पास आकर शीशा नीचे करने का इशारा किया। जैसे ही उसने ड्राइवर साइड का शीशा नीचे किया। उसी युवक ने खिड़की में हाथ डालकर खिड़की खोल दी। इसी दौरान एक्सयूवी कार से दो और अन्य युवक निकले। और जबरदस्ती शिकायत कर्ता को गाड़ी से बाहर निकाल लिया। थप्पड़ लात घुस्से मारने लगे। जमीन के नीचे गिरा दिया। जैसे ही वह उठकर गाड़ी में बैठने लगा।तो दो युवकों ने पकड़ लिया।एक युवक शिक़ायत कर्ता जिस गाड़ी में सवार था। उसकी ड्राइवर सीट पर बैठ गया।दो युवकों ने शिकायतकर्ता को थप्पड़ मार कर धक्का देकर नीचे गिरा दिया। और युवक जिमनी गाड़ी लेकर फरार हो गए। जिसके चलते हड़कंप मच गया। आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक पता चला कि स्नैचिंग की गई गाड़ी हरियाणा के जिला जगाधरी पेट्रोल पंप के पास से बरामद की है। पुलिस आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।

## एमसी कार्यालयों में आई चार शिकायतों में से दो का मौके पर हुआ निपटान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 22 नवंबर।** सेक्टर-4 स्थित नगर निगम पंचकूला के कार्यालय व नगर परिषद कालका में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में शहरवासियों द्वारा चार समस्याएं अधिकारियों के सामने रखी गई, इनमें से मौके पर ही दो समस्याओं का समाधान किया गया।

आयुक्त नगर निगम अपराजिता ने बताया कि सेक्टर-4 स्थित नगर निगम के कार्यालय व नगर परिषद कालका परिसर में प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन कर शहर के लोगों की समस्याओं व शिकायतों को सुना जाएगा। अपराजिता ने बताया कि शिविर में चार शिकायतें प्राप्त हुई। प्रॉपर्टी आईडी से सम्बन्धित दो शिकायतों का मौके पर ही निपटान कर दिया गया। सेक्टर-16 निवासी विजय गुप्ता ने प्रॉपर्टी आईडी में पता और एरिया अपडेट करने की अपील की। सेक्टर-12ए निवासी संगीता ने नई प्रॉपर्टी आईडी बनवाने की गुहार लगाई। सेक्टर-4 निवासी रंजू ने प्रॉपर्टी आईडी में मालिक का नाम बदलवाने की अपील की। सेक्टर-15 निवासी कुसुम लता ने अपनी प्रॉपर्टी आईडी में एरिया को अपडेट करवाने की गुहार लगाई।

# निगम के तमाम प्रयासों के बावजूद बड़े डिफाल्टर नहीं आ रहे काबू

**प्रापर्टी टैक्स के करोड़ों के बकायेदारों को भेजा गया है नोटिस**




अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** नगर निगम चंडीगढ़ के कमिश्नर अमित कुमार ने प्रापर्टी टैक्स की मौजूदा दरों की पुनः समीक्षा करने के निर्देश दिये हैं। आखिरी बार प्रापर्टी टैक्स वर्ष 2020 के दौरान बढ़ाये गये थे। उसमें भी मामूली परिवर्तन किये गये थे। कमिश्नर ने टैक्स के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया है कि पड़ोसी राज्यों में लगने वाली प्रापर्टी टैक्स की समीक्षा करें और फिर उसके अनुसार चंडीगढ़ में नई दरों पर विचार करने की आवश्यकता है। इस पर निगम की तरफ से अन्य राज्यों की संपत्ति करों का अध्ययन किया जा रहा है। वहीं स्कूलों पर प्रापर्टी टैक्स लगाने का मामला भी लंबित है। एमसी ने विभागों को लिखा था, इस पर विभाग ने जवाब दिया है कि लगभग 70 स्कूल प्रापर्टी टैक्स के लगने से पहले से संचालित हो रहे हैं। इस प्रकार यह नियम उन पर लागू नहीं होता।

इसके बाद एमसी ने पूछा है कि कौन-कौन से स्कूल कब-कब शुरू किए गए थे, ताकि नियमों के अनुसार उनसे प्रापर्टी टैक्स वसूला जा सके।

### वसूली के सभी प्रयास विफल

उल्लेखनीय है कि नगर निगम चंडीगढ़ बड़े-बड़े डिफाल्टरों से प्रापर्टी टैक्स वसूलने में असफल रहा है। किसी भी बड़े मगरमच्छ ने नगर निगम को प्रापर्टी टैक्स की बकाया रकम नहीं अदा की है। कुछ छुटभैये बकायेदारों से ही कुछ पैसों की वसूली हो पायी है, जो 'ऊंट के मुंह में जीरा' वाली कहावत को चरितार्थ करती प्रतीत होती है। इस प्रकार लगभग 50 लाख रुपये ही अब तक वसूले जा सके हैं।

### पीजीआई, पीयू बड़े डिफाल्टर

इस प्रकार पीजीआई को 41.53 करोड़ रुपये टैक्स का नोटिस भेजा गया था। अब नगर निगम ने पंजाब विश्व विद्यालय और पंजाब इंजीनियरिंग कालेज (पेक) से करीब 81.6 करोड़ रुपये वसूलने के लिए नोटिस जारी किया है। पंजाब विश्वविद्यालय समेत अन्य संस्थानों के साथ एमसी कमिश्नर अमित कुमार ने बैठक की थी। पंजाब यूनिवर्सिटी सहित कई संस्थानों का कहना है कि उन पर जो प्रापर्टी टैक्स लगाया गया है। वह ठीक नहीं है, उसकी समीक्षा की जानी चाहिए। उन्होंने फिर से अपने प्रापर्टी टैक्स का आंकलन करने की मांग की है। इस पर एमसी ने भी हामी भरी है, लेकिन कहा है कि जो नोटिस उन्हें भेजे गये हैं, वह सारा गलत नहीं हो सकता, इसलिए उन्हें बकाया राशि का शीघ्र भुगतान कर देना चाहिए। एमसी ने इसके लिए केवल एक सप्ताह तक का समय दिया था, किंतु कई दिन हो गये हैं, बड़े मगरमच्छों की तरफ से अभी तक कोई प्रापर्टी टैक्स जमा कराये गये हैं।

### पार्षदों ने दिये थे सुझाव

नगर निगम की विगत मासिक बैठक में पार्षदों की तरफ से कहा गया था कि शहर के स्कूलों से यदि प्रापर्टी टैक्स की वसूली की जाये तो नगर निगम का वित्तीय संकट काफी हद तक सुधर सकता है। किंतु वहां से भी नगर निगम के हाथ अब तक निराशा ही लगी है।

सम्पादकीय

# दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण की रोकथाम के लिए सख्त कदम जरूरी

देश की राजधानी दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में आजकल प्रदूषण की वजह से जैसे गंभीर हालात हैं, वे निश्चित रूप से किसी समाधान की मांग कर रहे हैं। बेशक, राज्य सरकारों की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन वे नाकाफी प्रतीत हो रहे हैं। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर दिल्ली सरकार को इसके निर्देश दिए हैं कि दिल्ली में प्रवेश के सभी 113 बिंदुओं पर तुरंत चेकपॉइंट स्थापित किए जाएं। इन चेकपॉइंट पर तैनात कर्मियों को आवश्यक वस्तुओं की जानकारी होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 13 प्रमुख प्रवेश बिंदुओं पर मुख्य रूप से निगरानी रखी जाएगी। इसका अभिप्राय यह है कि दिल्ली में प्रदूषण के कारकों की रोकथाम में पुलिस और सरकार गंभीर नहीं रही है। दरअसल, आजकल पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़ समेत पूरे क्षेत्र में प्रदूषण की वजह से हालात बेकाबू हो चुके हैं। हरियाणा में तो प्राइमरी कक्षाओं की छुट्टियां तक करनी पड़ी हैं, हालांकि अदालत ने बड़ी कक्षाओं के बच्चों के संबंध में ऐसा सोचने को कहा है। दिल्ली में प्रदूषण एक बार फिर राजनीतिक गरमा-गर्मी का विषय हो चुका है। यहां जल्द ही विधानसभा प्रस्तावित हैं, ऐसे में निश्चित रूप से प्रदूषण का मामला भी गंभीरता से सामने आएगा, इसकी संभावना है।

**गौरतलब है कि दिल्ली सरकार ने दिवाली से पहले पटाखों पर प्रतिबंध का निर्देश जारी किया था। हालांकि इसके बावजूद दिवाली पर खूब पटाखे छूटे और पटाखों पर प्रतिबंध का या तो बहुत कम या कई जगहों पर बिल्कुल प्रभाव नहीं पड़ा। इस पर दिल्ली पुलिस के आयुक्त ने हलफनामा दाखिल कर सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पटाखों के उत्पादन और निर्माण को लेकर क्या-क्या कदम उठाए गए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट तर्कों से संतुष्ट नहीं हुआ। मालूम हो, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की ओर से भी बयान आया था, जिसमें उसने कहा था कि दिल्ली एनसीआर में नवंबर महीने में पराली के धुएं से जिस प्रकार गैस चैंबर जैसे हालात बनते हैं, उसके लिए अकेले एक राज्य जिम्मेदार नहीं है।**

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिवाली के समय पटाखों पर प्रतिबंध को सख्ती से लागू न कराने के लिए फटकार लगाई गई थी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट का कहना था कि इस बार पटाखों पर प्रतिबंध पूरी तरह से लागू नहीं किया गया और महज दिखावा किया गया। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली पुलिस से उसके आदेश के पूर्ण पालन के लिए स्पेशल सेल बनाने का निर्देश दिया। साथ ही यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि बिना लाइसेंस के कोई भी पटाखों का उत्पादन और उनकी बिक्री न कर सके। सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए यह भी कहा था कि ऐसा माना जाता है कि कोई भी धर्म किसी भी ऐसी गतिविधि को बढ़ावा नहीं देता, जो प्रदूषण को बढ़ाती है या लोगों की सेहत को नुकसान पहुंचाती है। पीठ का कहना कि अगर पटाखे इसी तरह से फोड़े जाते रहे तो इससे नागरिकों का सेहत का मौलिक अधिकार प्रभावित होगा। इस भी दिवाली के बाद विभिन्न शहरों में एक्यूआई का स्तर इतना गिर गया कि सांस लेने में दिक्कत महसूस की गई और उसके बाद से हालात जस के तस बने हुए हैं। लोग घुट रहे हैं और अदालतों में सरकारें सिवाय समय मांगने के और कुछ नहीं कर पा रही।

गौरतलब है कि दिल्ली सरकार ने दिवाली से पहले पटाखों पर प्रतिबंध का निर्देश जारी किया था। हालांकि इसके बावजूद दिवाली पर खूब पटाखे छूटे और पटाखों पर प्रतिबंध का या तो बहुत कम या कई जगहों पर बिल्कुल प्रभाव नहीं पड़ा। इस पर दिल्ली पुलिस के आयुक्त ने हलफनामा दाखिल कर सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पटाखों के उत्पादन और निर्माण को लेकर क्या-क्या कदम उठाए गए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट तर्कों से संतुष्ट नहीं हुआ। मालूम हो, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की ओर से भी बयान आया था, जिसमें उसने कहा था कि दिल्ली एनसीआर में नवंबर महीने में पराली के धुएं से जिस प्रकार गैस चैंबर जैसे हालात बनते हैं, उसके लिए अकेले एक राज्य जिम्मेदार नहीं है। प्रत्येक वर्ष पंजाब, हरियाणा के किसानों पर आरोप लगते हैं कि उनकी वजह से राजधानी दिल्ली में धुएं की वजह से समस्या पैदा हो जाती है। क्या हरियाणा पर इसका दोषारोपण किया जाए या फिर यूपी पर। या फिर किसी अन्य राज्य पर। बेशक, हरियाणा की ओर से तमाम प्रयास किए गए हैं, वहीं पंजाब ने भी सक्रियता दिखाई है, लेकिन फिर भी पराली जलाने से हुए संकट का समाधान नहीं हो पाता। दरअसल, यह मामला जिस प्रकार गोल-गोल घूम रहा है, उस के स्थायी समाधान की जरूरत है।

वास्तव में आज के समय में महज पटाखे ही प्रदूषण का कारक नहीं हैं, अपितु रोजाना फैक्ट्रियों और कारखानों से निकलने वाला जहरीला धुंआ भी लोगों के लिए कहर बन गया है। निर्माण कार्यों की वजह से भी हालात गंभीर हो रहे हैं। देश की राजधानी दिल्ली प्रत्येक की जरूरत है, इस शहर की आबादी एक तरफ है, लेकिन यहां रोजाना जितने लोगों का आना- जाना होता है, उसके हिसाब से भी यहां प्रदूषण की समस्या का बढ़ना लाजमी है। हालांकि अब वह समय आ गया है, जब पर्यावरण और प्रदूषण की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाने होंगे।

# जीवन का आनंद

दैनिक अर्थ प्रकाश

स्पिरिचुअल हीलर
**सिद्ध गुरू प्रमोद निर्वाण**
*गिनीज़ विश्व रिकॉर्ड विजेता लेखक*



कहा जाता है कि चौरासी लाख योनियों का कष्ट भुगतने के बाद हमें मानव रूप में जन्म लेने का सौभाग्य प्राप्त होता है। यही कारण है कि ज्यादातर धर्मों में मानव जीवन की बहुत महत्ता गाई गई है और यह कहा गया है कि मानव रूप में परमात्मा का भजन करके जीवन को सफ़ल बनाना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। बहुत से ज्ञानी जन यह मानते हैं कि मनुष्य रूप में भी हमारे कई-कई जन्म होते हैं और जब तक हम शुद्ध होकर परमात्मा में विलीन होने के काबिल नहीं हो जाते, तब तक जन्म मरण का चक्कर चलता रहता है। ऐसे सभी धर्म और ये ज्ञानी जन इस एक बात पर सहमत हैं कि आत्मा अजर, अमर है और शरीर का नाश होता है, आत्मा न मरती है न उसका नाश संभव है, लेकिन बहुत से अन्य धर्म ऐसे भी हैं जो पुनर्जन्म में विश्वास नहीं करते, वे सिर्फ़ सात्विक जीवन की बात करते हैं, परमात्मा के भजन की बात करते हैं, समाज सेवा की बात करते हैं, पर पुनर्जन्म को नहीं मानते। शब्द कुछ भी हों, भाव यही होता है। विज्ञान पुनर्जन्म को नहीं मानता। विज्ञान और वैज्ञानिक इस विचार को पूरी तरह से नकारतेहैं, और यह सच भी है कि अभी तक पुनर्जन्म के किसी साक्ष्य पर दुनिया भर में वैज्ञानिक ढंग से कोई शोध करके इसकी सच्चाई को सिद्ध नहीं किया जा सका है। यही नहीं, जिन देशों में या जिन धर्मों में पुनर्जन्म की धारणा को नहीं माना जाता, वहां ऐसा कोई ठोस मामला भी कभी सामने नहीं आया जब किसी ने अपने किसी पिछले जन्म का जिक्र किया हो। धार्मिक आस्था वाले लोग और आध्यात्मिक लोग यह कहकर अपना पीछा छुड़ा लेते हैं कि विज्ञान की बहुत सी सीमाएं हैं और विज्ञान कभी भी अध्यात्म की गहराइयों, या यूं कहिए कि अध्यात्म की ऊंचाइयों तक नहीं पहुंच सकता।

प्रसिद्ध मनोचिकित्सक और आज की दुनिया में सर्वाधिक प्रतिष्ठित हिप्नोथेरेपिस्ट, अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त लेखक डॉ. ब्रायन वीज़ ने पश्चिमी जगत में पुनर्जन्म की धारणा को सच मानने का अभियान चलाया है। उल्लेखनीय है कि वे एक ईसाई हैं और ईसाई धर्म में पुनर्जन्म की धारणा नहीं है। उनका दावा है कि एक मनोचिकित्सक और हिप्नोथेरेपिस्ट के रूप में काम करते हुए अपने मरीजों का इलाज करने के दौरान उन्हें कई अलौकिक अनुभव हुए और उनके मरीजों ने अपने पिछले जीवन की घटनाएं देखीं। परंतु विज्ञान जगत उनके इस दावे से सहमत नहीं है। वैज्ञानिक इस दावे को दिमाग की कल्पना मानते हैं कि कोई व्यक्ति ट्रांस की स्थिति में अपने पिछले जीवन को देख सकता है। डॉ. ब्रायन वीज़ एक शिक्षित एवं अनुभवी मनोचिकित्सक हैं, और वे खुद भी यही कहते हैं कि विज्ञान को इस दिशा में काम करना चाहिए। यानी, अभी तक पुनर्जन्म को वैज्ञानिक ढंग से सिद्ध नहीं किया जा सका है।

स्वर्गीय लेखक खुशवंत सिंह ने एक बार दलाई लामा का इंटरव्यू किया था। उस बातचीत के दौरान खुशवंत सिंह ने पूछा कि ऐसा क्यों है कि पश्चिमी देशों में, जहां ईसाई धर्म की मान्यता है, वहां कभी किसी व्यक्ति ने अपने पिछले जीवन की दास्तान नहीं सुनाई है, ऐसा क्यों है कि पिछले जीवन की घटनाओं की खबरें सिर्फ उन्हीं देशों से आती हैं जहां पुनर्जन्म की धारणा पर विश्वास किया जाता है। जवाब में दलाई लामा ने जो कहा उसका सार यह है कि आपका यह कथन सत्य है कि पुनर्जन्म को लेकर जितनी भी घटनाएं सामने आई हैं, वैज्ञानिक शोध में उनकी सच्चाई सिद्ध नहीं हो सकी है पर मेरे धर्म में पुनर्जन्म की धारणा है, अतः पुनर्जन्म में मेरी आस्था है और मैं यह मानता हूं कि आप मेरी आस्था पर सवाल नहीं कर रहे हैं।

लब्बोलुबाब यह कि पुनर्जन्म आज भी विवाद का विषय है। अगर हम यह मान लें कि पुनर्जन्म नहीं होता, आत्मा नाम की कोई चीज़ नहीं है, और स्वर्ग-नरक भी कहानियों का विषय है जिसे धर्मावलंबियों ने अपनी दुकान चलाने के लिए गढ़ रखा है तो भी एक बात से तो कोई इन्कार नहीं कर सकता कि हम सब एक सुखी, खुशहाल और खुशियों से भरपूर जीवन जीना चाहते हैं। एक शब्द में कहें तो हम सब ''आनंद'' चाहते हैं।



अब अगर हम अपने चारों ओर देखें तो हम यह पाते हैं कि कोई भी व्यक्ति सुखी नहीं है, खुश नहीं है, और आज लगभग हर व्यक्ति किसी न किसी संघर्ष से गुज़र रहा है और तनाव भरा जीवन जी रहा है। तनाव की स्थिति इतनी भयानक है कि समाज का हर वर्ग इससे ग्रसित है, परेशान है और दुख भोग रहा है। अमीर हो या गरीब, राजा हो या भिखारी, मालिक हो या कर्मचारी, सभी किसी न किसी तनाव से ग्रसित हैं। गलाकाट प्रतियोगिता, आगे बढ़ने की उत्कट चाह, सबसे अलग दिखने की इच्छा, पड़ोसी के सुख में दुखी, क्रोध, ईर्ष्या, डर, ग्लानि आदि से पीड़ित मानव समाज एक ऐसे चक्रव्यूह का शिकार है जिससे निकलने की कोई राह उसे नहीं सूझ रही है।

मनोविज्ञान यह मानता है कि कृतज्ञता की भावना, प्रेमपूर्ण दृष्टिकोण, सेवा के कार्य और प्रार्थना से युक्त जीवन हर संकट की रामबाण औषधि है। इन मान्यताओं से वैज्ञानिक भी सहमत हैं। यहां मनोविज्ञान, विज्ञान और अध्यात्म में कोई विवाद नहीं है। अध्यात्म भी कहता है कि पूजा सिर्फतभी पूजा है जब हम प्रेममय हो जाते हैं, देश, धर्म, जाति, लिंग, क्षेत्र की बात छोड़करहर व्यक्ति से प्रेम करने लगते हैं, बिना कारण प्रेम करने लगते हैं। हम पूजा करें या न करें, पर यदि हम प्रेममय हो जाएं और किसी का दुख बांट लें, किसी की सहायता कर दें, किसी को मार्गदर्शन दें तो हमें अलौकिक खुशी मिलती है। हमें जो प्राप्त है, उसे ही पर्याप्त मानकर संतुष्ट हों, जीवन के प्रति कृतज्ञ हों तो फिर हम पूजा करें या न करें, हम एक परिपूर्ण और सुखी जीवन जी सकते हैं। यह जीवनशैली अपना लें तो मानसिक रोग नहीं होते और मन हमेशा प्रसन्न-प्रफुल्लित रहता है। अध्यात्म कहता है कि हम दुनियादारी के सारे काम करें, ईर्ष्या, द्वेष और लालच से मुक्तहोकर अपनी ज़िम्मेदारियां निभायें, फिर हमारा मन ही मंदिर हो जाता है।

जब हम सब इस बात पर एकमत हैं कि हम जीवन में आनंद चाहते हैं और यदि हम ''जो प्राप्त है, पर्याप्त है'' की धारणा से संतुष्टि भरा जीवन जिएं, अपनी ज़िम्मेदारियां ईमानदारी से निभाएं, सदा सच ही बोलें और किसी का दिल न दुखाएं तो हम एक स्वस्थ जीवन जीते हुए सदैव आनंदित रह सकते हैं। सवाल यह है कि जब यह इतना आसान है तो लोग इसे अपनाते क्यों नहीं? जवाब यह है कि हम अक्सर उस बात की उपेक्षा कर देते हैं जो सामान्य है, और आसान नज़र आता है, तो सबक यही है कि हम इस ''आसान'' मंत्र की उपेक्षा न करें, इसे जीवन में उतारें और सचमुच एक आनंद भरा जीवन जीने की राह प्रशस्त करें।

अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

## छात्रों का आरक्षण विरोधी आंदोलन जारी, ट्रैफिक रहा जाम

**चंडीगढ़।** आरक्षण विरोधी छात्रों ने आज कक्षाओं का बहिष्कार करते हुए अपना आंदोलन जारी रखा तथा सड़कों पर रास्ता जाम किया व नारेबाजी की। प्राप्त जानकारी के मुताबिक छात्रों ने बजवाड़ा चौक पर इकट्ठे होकर कुछ समय के लिए ट्रैफिक के आवागमन में बाधा डाली। सेक्टर 21, 46, 47, चौक पर भी छात्रों ने झुण्डों में इक्ट्ठे होकर नारेबाजी की तथा रास्ता रोका जिससे आने जाने वालों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। आरक्षण विरोधी छात्रों के इस आंदोलन में लड़कियां भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही है। छात्रों के आंदोलन से कुछ देर के लिए बस सेवा भी प्रभावित हुई।

### काम का मौका दें

एम वीरप्पा मोइली को कर्नाटक कांग्रेस विधायक दल का सर्वसम्मति से गुरुवार को नेता निर्वाचित कर लिया गया है। वे पूर्व मुख्यमंत्री एस. बंगरप्पा के उत्तराधिकारी है। जिन्हें मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलायी गई है। इससे कई मास से चल रहे असंतोष का समाप्त होगा। कांग्रेस विधायक दल की बैठक में निर्वतमान मुख्यमंत्री एस बंगारप्पा ने ही श्री मोइली के नाम का प्रस्ताव किया और मुख्यमंत्री पद के एक दावेदार के.एम. रंगनाथ ने इसका अनुमोदन किया। श्री मोइली ने बाद में कहा कि उनका प्रयास स्वच्छ और सक्षम सरकार देने का होगा। वह कांग्रेस का चुनाव घोषणा पत्र लागू करने और भ्रष्टाचार मिटाने का निष्ठापूर्वक काम करेंगे। यदि उनके कथनानुसार ही कर्नाटक में कार्य सम्पन्न होता है तो यह अत्यंत संतोष का विषय होगा क्योंकि गत मासों से सरकार की अस्थिरतापूर्ण स्थिति से असंतोष और असंतुलन व्याप्त था। गत चुनावों के पश्चात आशा यह थी कि अब स्थिर सरकार की स्थापना होगी और कांग्रेस विधायक दल एक स्थायी और कुशल प्रशासन प्रदान करने में सफल होगी। श्री पी.वी. नरसिंह राव ने कांग्रेस अध्यक्ष और कांग्रेस संसदीय दल के नेता के तौर पर केंद्र में तो निश्चय ही एक अच्छी सरकार प्रदान की है, लेकिन राज्य कांग्रेस विधायल दल में व्याप्त असंतोष को काबू करने में सफल नहीं हो पाए।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1705- निकोलस रोवे का प्ले युलिसेस का लंदन में प्रीमियर किया गया।
1808- टूडेला की लड़ाई- फ्रेंच मार्शल लेंस ने स्पैनिश सेना को हराया।
1810- अंग्रेजी अभिनेत्री सारा बूथ ने अपने हॉलीवुड करियर की शुरुआत थिएटर रॉयल, कोवेन्ट गार्डन में की थी।
1848- महिला मेडिकल शैक्षिक सोसाइटी बोस्टन में स्थापित की गयी।
1857- कोलिन कैंपबेल की अगुवाई में अंग्रेजों ने लखनऊ को क्रांतिकारियों के कब्जे से मुक्त कराया
1863- पहली बार रंगीन फोटो बनाने की प्रक्रिया के लिए पेटेंट दी गयी।
1876- पोर्फिरियो डीआज़ मेक्सिको के राष्ट्रपति बनाये गये।
1890- नीदरलैंड के राजा विलियम तृतीय की मौत हुई।
1890- इटली में पहली बार आम चुनाव हुआ।
1892- लोमानी कांगो के युद्ध में बेल्जियम ने अरब को हराया। युद्ध में करीब 3000 लोग मारे गये।
1909- राइट बंधुओं ने विमानों के उत्पादन के लिए 10 लाख डॉलर की पूंजी से कंपनी की स्थापना की।
1926- आध्यात्मिक गुरु सत्य साईं बाबा का जन्म।
1927- ऑटोमेटेड म्यूजिकल इंस्ट्रुमेंट नाम की कंपनी ने पहला ज्यूक बॉक्स तैयार किया।
1936- फोटो पत्रकारिता में एक अलग पहचान रखने वाली पत्रिका लाइफ का पहला अंक प्रकाशित हुआ।
1937- देश के प्रख्यात भौतिक विज्ञानी, जीवविज्ञानी और पुरातत्वविद् जगदीशचंद्र बसु का निधन।
1946- वियतनाम के हैफ्योंग शहर में फ्रांसीसी नौसेना के जहाज में लगी भीषण आग में 6000 लोग मारे गए।
1967- दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन का जन्म हुआ। उनकी कोचिंग में भारतीय टीम ने 2011 में विश्व कप जीता था।
1971- चीन यूएन की सुरक्षा परिषद का सदस्य बना।
1980- इटली में भूकंप के चलते 2600 लोग मारे गये।
1983- देश में पहली बार नयी दिल्ली में राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन का आयोजन हुआ।
1984- लंदन के व्यस्ततम ऑक्सफोर्ड सर्कस स्टेशन पर आग लगने से क़रीब एक हज़ार लोग तीन घंटे तक धुएं से भरी सुरंग में फंसे रहे।
1990- बीसवीं सदी के सबसे महान लेखकों में शुमार रोल्ड डाल का निधन।
1992- आईबीएम ने साइमन, एक हैंडहेल्ड, टचस्क्रीन मोबाइल फोन और पीडीए की शुरुआत की, जिसे पहला स्मार्टफोन माना जाता है।

## बोल ब्यूटीफुल



**स्मिता प्रकाशः** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 11 प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। इस तरह दिल्ली में भी आइएनडीआइए के घटक दलों के बीच समन्वय की संभावनाएं बनती नहीं दिखतीं।

**राहुल राजः** अगर आप भारत में नागरिक समस्याओं के कारणों का विश्लेषण करना शुरु करें, तो पाएंगे कि इनसे ज्यादातर लोगों में एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति की कमी के कारण है। अगर खुद से कोई लेना-देना नहीं है तो अक्सर लोग दूसरों की समस्याओं की परवाह नहीं करते है।

**हर्ष वर्धन त्रिपाठीः** अदाणी पर लगे आरोपों का सच सामने आना चाहिए। जिन राज्य सरकारों को महंगी बिजली बेचने के लिए रिश्वत देने का आरोप अदाणी पर है उनके बारे में भी लिखा है-ओडिशा (बीजेडी), तमिलनाडु (डीएमके), छत्तीसगढ़ (कांग्रेस), आंध्र प्रदेश (वाईएसआरसीपी)। आरोप 2021-2022 के बीच बताए जा रहे है।

अपराध  कथा

# नशा तस्करों के सीमा पार पाकिस्तान से जुड़ रहे हैं तार







पंजाब पुलिस ने अलग-अलग मामलों में पांच नशा तस्कर गिरफ्तार किए हैं, जिनमें एक आरोपी अंतरराष्ट्रीय हेरोइन तस्कर भी है। अमृतसर जिला पुलिस ने बल लंबे दरिया गांव से फरेको मसीह और कुरलिया गांव से अर्ष मसीह को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 32 बोर का देसी पिस्तौल, एक मैगजीन और चार कारतूस बरामद किए गए हैं।

आरोपियों के तार हथियारों की अवैध तौर पर तस्करी करने वाले गिरोह के साथ जुड़े हुए हैं। थाना रमदास में केस दर्ज कर इनसे पूछताछ की जा रही है। इस मामले में और भी कई खुलासे होने की संभावना है।

पकड़ा गया हथियार तस्कर फरेको मसीह के खिलाफ पहले अमृतसर सिटी के थाना मजीठा रोड में वाहन चोरी का केस दर्ज है। जेल में उसकी मुलाकात अपराधियों के साथ हुई और जेल से बाहर आते ही वह हथियारों का तस्कर बन गया।

एसएसपी अमृतसर देहाती चरणजीत सिंह के मुताबिक ने पुलिस टीम ने सूचना के अधिकार पर अलग-अलग गांव में नाशक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की। इसी तरह थाना लोपोके पुलिस ने सूचना के आधार पर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्कर बच्ची विंड का मलकीत सिंह और मक्खनपुरा गांव के बलजिंदर सिंह उर्फ तोता से 2 किलो हेरोइन बरामद की गई है।

एक अन्य मामले में थाना लोपोके पुलिस ने कक्कड़ कलां गांव के गुरभेज सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी अंतरराष्ट्रीय हेरोइन तस्कर है और पाकिस्तान से हेरोइन मंगवा कर सप्लाई करता है। उसके कब्जे से 3 किलो हेरोइन, दो मोबाइल बरामद किए गए हैं। बरामद किए गए मोबाइल से नशा तस्करी में शामिल भारत और पाकिस्तान के कई तस्करों का खुलासा हो सकता है। थाना घरिंडा की पुलिस ने भी तस्कर धान्नोए गांव के जगरूप सिंह उर्फ साजन को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान उससे एक किलो 498 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार पुलिस द्वारा पकड़े तस्कर बलजिंदर सिंह उर्फ तोता के खिलाफ एक साल पहले थाना रोपड़ में नशा तस्करी का केस दर्ज किया गया था। गुरभेज सिंह के खिलाफ भी स्पेशल टास्क फोर्स के मोहाली स्थित थाने में दो साल पहले नशा तस्करी का केस दर्ज किया गया था। इसके अलावा हथियार तस्कर फरेको मसीह के खिलाफ भी एक केस दर्ज है।

उधर, चंडीगढ़ पुलिस की अपराध शाखा ने रिटायर जवान को उसके साथी समेत नशा तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस कर्मी कुलदीप कुमार मोहाली के मुल्लांपुर का रहने वाला है, जबकि उसका साथी कुलविंद्र सिंह खुड्डा अलीशेर गांव का रहने वाला है। सारंगपुर थाना पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

इससे पहले कुलदीप कुमार साल 2023 में अपने तीन अन्य साथियों के साथ कार चोरी के मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है। गश्त के दौरान जब पुलिस ने शक के आधार पर रोककर जब इन जवानों से पूछताछ शुरू की तो एक ने अपना नाम कुलदीप और दूसरे ने कुलविंद्र बताया। कुलदीप ने आईडी कार्ड दिखाते हुए कहा कि वह चंडीगढ़ पुलिस का जवान है और आईआरबी में तैनात है।

पुलिस ने कुलदीप कुमार के बारे में पता किया तो जानकारी मिली कि कुछ महीने पहले उसे चंडीगढ़ पुलिस से रिटायर किया जा चुका है। तलाशी लेने पर उसके पास 19 ग्राम हेरोइन पाई गई। इसके बाद कुलदीप व कुलविंद्र सिंह को गिरफ्तार कर सारंगपुर थाने में केस दर्ज किया गया।

हेड कांस्टेबल कुलदीप कुमार को पिछले साल जनवरी में पुलिस ने कार चोरी के एक मामले में मोहाली के अमित कुमार, फरीदाबाद के नजर हुसैन और पानीपत के प्रकाश उर्फ पिंटू के साथ गिरफ्तार किया था।

पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने रिश्वतखोरी के खिलाफ अभियान के दौरान श्री मुक्तसर साहिब जिले में मलोट सीआईए स्टाफ के एएसआई बलजिंदर सिंह और सीनियर सिपाही गुरप्रीत सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार-रोधी कानून के तहत मामला दर्ज किया है। सीनियर सिपाही गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है।

प्रवक्ता ने यहां यह जानकारी देते हुए बताया इन पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ सेरावाला गांव के बलवीर सिंह ने शिकायत दी थी. इसकी जांच के बाद मामला दर्ज किया गया।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि नशीली गोलियां और हेरोइन की बरामदगी का डर दिखाकर उससे झूठा मामला दर्ज नहीं करने के एवज में ढाई लाख रुपए की रिश्वत मांगी गई और बाद में 60 हजार रुपए रिश्वत पर सहमति हो गई। जांच के दौरान शिकायतकर्ता ने रिकॉर्डिंग भी पेश की, जिसमें सीनियर सिपाही गुरप्रीत सिंह और एएसआई. बलजिंदर सिंह के स्पष्ट रूप से रिश्वत की मांग करना साबित होता है।

जांच रिपोर्ट के आधार पर बठिंडा रेंज के विजिलेंस ब्यूरो थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार-रोधी कानून के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। सीनियर सिपाही गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर आगे जांच की जा रही है। दूसरे आरोपी बलजिंदर सिंह को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं।

दरअसल, नशा तस्कर यह जानते हुए भी कि वे एक नई पीढ़ी को बर्बाद कर रहे हैं, मोटी कमाई के चक्कर में इस धंधे को छोड़ने की इच्छा नहीं रखते। पुलिस को ही देखना होगा कि कैसे नशा तस्करों पर नकेल डाली जाये, ताकि इस जान लेवा नशे से युवा पीढ़ी को बचाया जा सके।

**रिपोर्टः सुमित्रा**

# कालभैरव जयंती व्रत से प्राप्त होते हैं सभी प्रकार के सुख



हर साल मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर काल भैरव जयंती मनाई जाती है। काल भैरव जयंती का दूसरा नाम कालाष्टमी है, इसे भैरव अष्टमी या महाकाल भैरव जयंती भी कहा जाता है। बाबा काल भैरव भगवान शिव का क्रोधित या रुद्र रूप अवतार हैं। पंडितों के अनुसार काल भैरव जी की पूजा आराधना करने से भक्तों को भय से मुक्ति मिलती है। सनातन धर्म में काल भैरव जयंती का बड़ा धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। इस शुभ दिन पर लोग भगवान शिव के उग्र स्वरूप काल भैरव जी की पूजा करते हैं। इस साल यह 22 नवंबर, 2024 को मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस शुभ तिथि पर पूजा-पाठ और व्रत करने से जीवन की सभी बाधाओं का अंत होता है।

पंडितों के अनुसार काल भैरव जयंती के दिन जो लोग व्रत रखने वाले हैं उनको सुबह उठकर स्नान-ध्यान करने के बाद व्रत का संकल्प लेना चाहिए। काल भैरव जी की पूजा रात्रि के समय की जाती है, इसलिए रात्रि के समय पूजा स्थल पर काल भैरव जी की प्रतिमा रखें। फिर आपको पूजा-आराधना शुरू करनी चाहिए, आप घर के पास के मंदिर में भी जाकर पूजा कर सकते हैं। आप काल भैरव के मंदिर में चौमुखी दीपक जलाकर काल भैरव जी की पूजा कर सकते हैं। घर में पूजा कर रहे हैं तो काल भैरव जी की प्रतिमा के सामने फूल-अक्षत आदि अर्पित करें। फिर इसके बाद कालभैरव अष्टकम का पाठ और मंत्रों का जप करें। भैरव जी को आप इमरती, पान, नारियल आदि का भोग लगा सकते हैं। इस दिन कुत्तों को रोटी खिलानी चाहिए।

शिव पुराण के श्री शातरुद्र संहिता का 8वें अध्याय भैरव अवतार में काल भैरव की उत्पत्ति का वर्णन मिलता है। शिव पुराण की कथा के अनुसार, एक बार ब्रह्मा जी सुमेरु पर्वत पर बैठकर ध्यान में लीन थे। देवता उनके पास आए और हाथ जोड़कर नमस्कार किया। उसके बाद पूछने लगे कि इस संसार में अविनाशी तत्व क्या है। जिसपर ब्रह्मा जी बोले कि मुझसे बढ़कर कोई भी नहीं है मुझसे ही संसार उत्पन्न हुआ है, मेरे ही कारण संसार प्रवृत और निवृत होता है। पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार ब्रह्मा, विष्णु और शिव तीनों में इस बात को लेकर बहस हो रही थी, कि तीनों में सर्वश्रेष्ठ कौन है। सभी देवताओं ने अपने-अपने मत रखें, जिससे शिवजी और भगवान विष्णु तो संतुष्ट हो गए लेकिन ब्रह्मा जी ने इससे खुश नहीं थे। वो कुछ न कुछ बोल रहे थे, जिसके बाद शिवजी को बहुत क्रोध आ गया। भगवान शिव के इसी क्रोध से काल भैरव की उत्पत्ति हुई। कालभैरव का रुद्र अवतार देख सभी देवता भयभीत हो गए और शिव से शांत रहने की विनती करने लगे। लेकिन कालभैरव ने क्रोध से ब्रह्मा जी पांच मुख में एक मुख को काट दिया था। जिसके बाद ब्रह्मा जी ने शिवजी के इस रौद्र अवतार काल भैरव से माफी भी मांगी जिसके बाद शिवजी शांत हो गए। कथाओं के अनुसार काल भैरव पर ब्रह्म हत्या का पाप भी लग चुका था, इसका प्रायश्चित भी करना था। तब शिवजी ने उन्हें तीर्थ भ्रमण का सुझाव दिया और काल भैरव धरतीलोक पर तीर्थ भ्रमण के लिए निकल पड़े.धरतीलोक पर भिखारी के रूप में काल भैरव सैंकड़ों सालों तक भटके, ऐसा कहा जाता है कि आखिरकार शिव की नगरी काशी में पहुंचकर उनका दोष समाप्त हुआ।

काल भैरव की पूजा तंत्र और साधना पद्धति में विशेष महत्व रखती है। वे समय, मृत्यु, और सुरक्षा के देवता माने जाते हैं। भक्तों का मानना है कि उनकी उपासना से भय, पाप, और बुरी शक्तियों का नाश होता है। काशी में उनकी विशेष आराधना होती है, और हर मंगलवार और शनिवार को उनके भक्त उन्हें शराब, नारियल, और काले तिल अर्पित करते हैं। पंडितों के अनुसार इनके भक्तों का अनिष्ट करने वालों को तीनों लोकों में कोई शरण नहीं दे सकता । काल भी इनसे भयभीत रहता है इसलिए इन्हें काल भैरव एवं हाथ में त्रिशूल,तलवार और डंडा होने के कारण इन्हें दंडपाणि भी कहा जाता है । इनकी पूजा-आराधना से घर में नकारात्मक शक्तियां,जादू-टोने तथा भूत-प्रेत आदि से किसी भी प्रकार का भय नहीं रहता बल्कि इनकी उपासना से मनुष्य का आत्मविश्वास बढ़ता है।

**काल भैरव जयंती पर करें ये उपाय:** काल भैरव को सरसों का तेल अत्यंत प्रिय है। जयंती के दिन उनके मंदिर में या घर में उनकी मूर्ति या चित्र के सामने सरसों के तेल का दीपक जलाएं। इस दीपक को रातभर जलते रहने दें। यह उपाय विशेष रूप से शत्रुओं से रक्षा करने, धन हानि रोकने और परिवार में सुख-शांति बनाए रखने में सहायक होता है। पंडितों के अनुसार भगवान काल भैरव की सवारी कुत्ता है। जयंती के दिन काले कुत्तों को मीठा रोटी, दूध, या पेड़े खिलाना शुभ माना जाता है। इससे न केवल काल भैरव की कृपा प्राप्त होती है, बल्कि जीवन में आने वाले अनहोनी घटनाओं से बचाव भी होता है।

**कालाष्टमी व्रत से जुड़ी पौराणिक कथा:** प्राचीन कथा के अनुसार, एक समय ऐसा आया जब भगवान ब्रह्मा, भगवान श्री हरि विष्णु और भगवान महेश के बीच श्रेष्ठता को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ। यह विवाद धीरे-धीरे बढ़ता गया, जिससे सभी देवताओं को एकत्रित कर एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी देवताओं की उपस्थिति में यह प्रश्न उठाया गया कि इनमें से श्रेष्ठ कौन है? सभी ने अपने विचार प्रस्तुत किए और उत्तर की खोज की, लेकिन भगवान शिव शंकर और भगवान श्री हरि विष्णु ने एक पक्ष का समर्थन किया, जबकि भगवान ब्रह्मा ने भोलेनाथ के प्रति अपशब्द कहे, इस पर महादेव अत्यंत क्रोधित हो गए। कहा जाता है कि भगवान शिव के इस क्रोध से काल भैरव का अवतार हुआ, भोलेनाथ के इस रूप का वाहन काला कुत्ता माना जाता है। उनके एक हाथ में छड़ी होती है। इस अवतार को 'महाकालेश्वर' के नाम से भी जाना जाता है, इसलिए इन्हें दंडाधिपति भी कहा जाता है।

# जीवन में दूसरों के महत्व को पहचाने : मुनिश्री विनय कुमार जी



**चंडीगढ़।** आपके जीवन में कौन महत्त्व रखता है इसके बारे में आपको विचार करने की आवश्यकता है। उसने आपके जीवन की अलग-अलग परिस्थितियों में आपका साथ दिया है। आपको उसका आभारी होना चाहिए। ऐसा व्यक्ति आपके परिवार, दोस्त या कोई करीबी हो सकता है। आपको उसे अपने जीवन में महत्वता देने की आवश्यकता है। ये शब्द मनीषी संत श्रीमुनि विनयकुमार जी आलोक ने सैक्टर-24 सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार में सभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषी संत ने आगे कहा सभी अपने जीवन में एक अलग नजरिया रखते है। उनके नजरिये को अपने से तुलना न करें, जो जैसा है उसे वैसे ही स्वीकार करें। जीवन में कुछ अच्छा न होने पर आप दूसरों को दोष देते है, लेकिन वास्तव में यह आपकी केवल एक सोच है। किसी भी चीज में गलती दुसरे की नहीं आपकी ही होती है। इसलिए हमें अपने सोच को बदलने की आवश्यकता हैं। हमें हमेशा सकारात्मक पहलुओं पर ही ध्यान देने की आवश्यकता हैं न की नकारात्मक पहलुओं पर। नकारात्मक पहलू हमारे जीवन के अनेक कार्यो को और उलझा सकती है और यह हमारे जीवन को और कठिन बना सकती हैं। सकारात्मकता के साथ किसी भी कार्य को करने से हर पहलू धीरे-धीरे हल होती जाएगी और यह आपको खुद को बदलने में सहायता करेगी। सकारात्मक सोच आपके जीवन के हर चीज को आसान बना देगी और इससे आप अपने आसपास के लोगों की सोच को भी प्रभावित कर सकते हैं। इस प्रकार आपकी सोच दुनिया को बदलने में सहायक सिद्ध होगी।

मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया जब आपके पास उत्कृष्ट मूल्यों का ठोस आधार होता है, तो आप जीवन को अलग तरह से देखते हैं। वे मूल्य आपकी सोच का आधार बन जाते हैं! जब आप उन मूल्यों पर विचार करने के लिए धीमे हो जाते हैं, तो आपका जीवन बेहतर हो जाएगा। जब आप बुरे मूल्यों के बजाय महान मूल्यों को चुनते हैं, तो आप अपनी सोच, कार्यों और भावनाओं को नियंत्रित करते हैं। अगर आप अपने जीवन पर चिंतन करने के लिए समय नहीं निकालते हैं तो यह मुश्किल हो सकता है। अगर आप चिंतन करते हैं, तो अगली बार जब आप उदास महसूस करें, तो रुकें और चिंतन करें कि आप क्या सोच रहे हैं । सबसे अधिक संभावना है कि यह कुछ ऐसा है जो सुखद नहीं है, कुछ गलत हो रहा है, कुछ ऐसा है जिसके बारे में आप निराश महसूस करते हैं, आदि। ये बातें वास्तविकता हो सकती हैं, लेकिन जितना अधिक आप खुद को उन विचारों के साथ रहने देंगे, उतना ही बुरा महसूस करेंगे। क्या होगा यदि आप उन बुरी स्थितियों में से किसी के संभावित समाधान के बारे में सोचना शुरू कर दें? उस सोच में थोड़ा सा भी बदलाव, दया शहर के गड्ढे में गिरने की गति को धीमा करने या रोकने में महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। और, यदि आप उन चीजों के प्रति अपनी सोच को पूरी तरह बदल सकें जिनके लिए आप आभारी हैं, तो आप और भी अधिक महत्वपूर्ण सकारात्मक परिवर्तन देखेंगे।

# हरियाणा खेल विश्वविद्यालय में 5वीं हरियाणा सीनियर योग चैंपियनशिप का शुभारंभ

कुलपति और पूर्व आईपीएस अशोक कुमार रहे मुख्य अतिथि

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**राई।** सोनीपत स्थित प्रदेश के एकमात्र खेल विश्वविद्यालय में शुक्रवार को हरियाणा योग खेल एसोसिएशन द्वारा 5वीं हरियाणा सीनियर योग चैंपियनशिप का शुभारंभ किया गया। 2 दिवसीय इस प्रतियोगिता का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति और पूर्व आईपीएस अधिकारी अशोक कुमार ने किया। राष्ट्रीय योग एसोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त प्रदेश की योग एसोसिएशन की यह 5वीं चैंपियनशिप है। इस अवसर पर हरियाणा योग एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री जयदीप आर्य, सेक्रेटरी श्री सुनील शर्मा और अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में भाग लेने की लिए सभी 22 जिलों की यूनिट के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

इस अवसर पर पूरे प्रदेश से भाग लेने आए खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री अशोक कुमार जी ने कहा कि योग ने केवल एक खेल या क्रिया है अपितु यह समाज और खिलाड़ी को आपस में जोड़ने का काम करता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों का खेल विश्वविद्यालय में अभिनंदन किया और चैंपियनशिप के लिए जीत की शुभकामनाएँ और बधाइयाँ दी।

## डॉ. अरविंद शर्मा 25 को करेंगे शुगर मिल सोनीपत के पिराई सत्र का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** उपायुक्त एवं शुगर मिल्स सोनीपत के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा 25 नवंबर को प्रातः 10 बजे चीनी मिल, सोनीपत के पिराई सत्र 2024-25 का बतौर मुख्यातिथि शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर सोनीपत से विधायक निखिल मदान, राई से विधायक कृष्णा गहलावत, खरखौदा से विधायक पवन खरखौदा तथा गन्नौर से विधायक देवेन्द्र काद्यान मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि पिराई सत्र की अवधि में मिल में पहुंचने वाले सारे गन्ने की पिराई की जाएगी।

## ज्ञान की दौलत के सहारे सारे संसार को मालामाल करना है



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

भक्तजन-महापुरुष-सन्तजन यही कार्य युगों से करते आ रहे हैं और जो भी इस कार्य में अपना योगदान देते हैं, उन्हीं को विवेकशील माना गया है। वही विवेक से कार्य कर रहे होते हैं। वही वास्तव में इस धरती को सजाने-संवारने का कार्य कर रहे होते हैं। यही कार्य करने योग्य है और इसी कार्य को प्रत्येक ने करना है। हर किसी ने सच्चाई के साथ, उत्तम भावना से यह कार्य करना है ताकि चारों तरफ हमें खिली हुई गुलजार, खुशी, चैन नज़र आये। इसके लिए निश्चय ही भक्तजनों-सन्तजनों ने ज्ञान की दौलत को अपनाना है, उसी दौलत के सहारे सारे संसार को मालामाल करना है।

हिन्दुस्तान के बारे में हम कहते हैं कि अनेक सन्तजन, गुरु-पीर-पैगम्बर इस धरती पर आये तो उनकी शिक्षा रुपी दौलत हमें प्राप्त हुई। उस दौलत को, उस विरासत को अगर हम इस्तेमाल में लायें तो उसके कारण ही हम सही मायनों में शाह कहलाये जा सकते हैं। जो दौलत महापुरुषों-सन्तजनों ने इस धरती को प्रदान की, अगर उस दौलत को हम अपनाते नहीं बल्कि उसका दुरुपयोग करेंगे तो हम अविवेकशील होंगे। हम चारों तरफ हाहाकार मचाने वाले बनेंगे। अगर ऐसी दौलत से युक्त होकर अमीर होने का प्रमाण देते चले जाएं, शाह होने का प्रमाण देते चले जायें, तो संसार के लिए सुखदायी सिद्ध होंगे। केवल बोलों से कुछ नहीं होगा। बोलों से तो हम दोहरा देंगे, वेदों में लिखा है पढ़कर सुना देंगे, शास्त्रों में लिखा है हम पढ़कर, बोलकर सुना देंगे। लेकिन उससे कोई बात बनने वाली नहीं है। यहाँ इस बात की ओर ध्यान दिलाया जा रहा है कि वैसा कार्य हमने करना है। केवल बोलों द्वारा नहीं वास्तविक कर्म के द्वारा करके दिखाना है कि वाकई हम उन सन्तजनों-भक्तजनों, गुरु-पीर-पैगम्बरों के प्रति सही मायनों में समर्पित हैं। सही मायनों में उनका आदर-सत्कार करते हैं और हम पूरी तरह से उनके उपदेशों को महत्ता प्रदान करते हैं। तो यह हमारे कर्म के द्वारा ही होगा।

## पंचांग

शनिवार, 23 नवम्बर, 2024, सूर्योदयः 06:50 ए एम, सूर्यास्तः 05:25 पी एम, चन्द्रोदयः 12:36 ए एम, नवम्बर 24, चन्द्रास्तः 01:06 पी एम, शक सम्वतः 1946 क्रोधी, विक्रम सम्वतः 2081 पिङ्गल, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः कार्तिक, पूर्णिमान्त महीनाः मार्गशीर्ष, वारः शनिवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः अष्टमी - 07:56 पी एम तक, नक्षत्रः मघा - 07:27 पी एम तक, योगः इन्द्र - 11:42 ए एम तक, करणः बालव - 06:57 ए एम तक, द्वितीय करणः कौलव - 07:56 पी एम तक, सूर्य राशिः वृश्चिक, चन्द्र राशिः सिंह, राहुकालः 09:29 ए एम से 10:48 ए एम, गुलिक कालः 06:50 ए एम से 08:10 ए एम, यमगण्डः 01:27 पी एम से 02:46 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:46 ए एम से 12:29 पी एम, दुर्मुहूर्तः 06:50 ए एम से 07:33 ए एम, दुर्मुहूर्तः 07:33 ए एम से 08:15 ए एम, अमृत कालः 04:49 पी एम से 06:35 पी एम, वर्ज्यः 04:24 ए एम, नवम्बर 24 से 06:11 ए एम, नवम्बर 24

## भविष्य फल



**मेषः** आपकी इनकम में बढ़ोतरी होगी और कुछ अपने मित्रों की सहायता से भी आप को आर्थिक तौर पर मदद मिलेगी।

**वृषः** आज आपका ध्यान अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। घर में धार्मिक समारोह का आयोजन कर सकते हैं।

**मिथुनः** विद्यार्थी वर्ग पठन-पाठन व लेखन इत्यादि में लगन व उत्साह से कार्य कर पाएगा। आज के दिन करीबी रिश्तेदारों के साथ वाद-विवाद होने की आशंका है।

**कर्कः** आप आमतौर पर काम के दौरान बहुत डरपोक होते हैं, लेकिन आज जो अलग होने जा रहा है। आप अपने आप को बहुत शांत और एकत्रित पाएंगे, और आप अपना काम आसानी से कर पाएंगे।

**सिंहः** आपके लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। मानसिक रूप से आप काफी खुश और मजबूत रहेंगे। मन में प्रसन्नता होगी।

**कन्याः** अचानक से धन लाभ हो सकता है। आज शाम तक किसी समारोह में शामिल होंगे। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा।

**तुलाः** आज आपका मन सकारात्मक से भरपूर रहेगा। कुछ मामूली झटकों के बावजूद आप अच्छी प्रगति करेंगे।

**वृश्चिकः** आज आप एक ऐसे दौर से गुज़र सकते हैं, जहां आपको काम करने का मन करेगा। आप अनपेक्षित महसूस कर सकते हैं।

**धनुः** आज का लेन-देन सही रहेगा और ट्रैवलिंग में समय बीतेगा। किसी खास के साथ खुशनुमा यात्रा पर जा सकते हैं, जिससे आपको नई ताजगी का एहसास होगा और आपका प्रेम संबंध मजबूत होगा।

**मकरः** सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। आज कोई बड़ी सफलता मिल सकती है। आज लोग आपकी बात से सहमत हो सकते हैं।

**कुंभः** आज आपको पैसों के क्षेत्र में कुछ नए मौके मिलने के योग बन रहे हैं। धन तथा कीमती सामानों को सुरक्षित रखनें का प्रयास करें।

**मीनः** पैसों के मामले में सावधानी रखें, आपके काफी खर्चे होंगे। कुछ लोग किसी यात्रा पर जा सकते हैं, जिनमें अत्यधिक धन भी खर्चा होगा और वह आपको परेशान करेगा।

## इंडियन बैंक चंडीगढ़ अंचल ने बद्दी के एमएसएमई ग्राहकों के लिए ग्राहक संगोष्ठी का किया आयोजन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। इंडियन बैंक चंडीगढ़ अंचल ने बद्दी के एमएसएमई ग्राहकों के लिए ग्राहक संगोष्ठी एवं वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया जिसमें स्वस्थ्य ऋण प्रस्तावों पर चर्चा की गयी। इसमे इंडियन बैंक के द्वारा के तहत दिये जाने वाले लाभ तथा ब्याज में छूट के बारे मे विस्तार से चर्चा की गयी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता चंडीगढ़ क्षेत्र के क्षेत्र महाप्रबन्धक संदीप कुमार घोसाल ने की। इस अवसर पर चंडीगढ़ के अंचल प्रबंधक शंकर राजू वी , एम ए पी सी चंडीगढ़ प्रमुख शिवनीत शर्मा (एजीएम) द्वारा बैंक की विभिन्न स्वस्थ्य योजनाओ के बारे में ग्राहको को अवगत कराया गया। श्री विनोद कुमार भट्ट (एजीएम) तथा बद्दी, नालागढ़, गरखल, सोलन, पिंजोर शाखाओं के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे। इस संगोष्ठी में हिमाचल प्रदेश, हरियाणा से आये ग्राहक सम्मिलित हुए जिन्हें बैंक के एमएसएमई स्कीम के साथ साथ भारत सरकार की अन्य स्कीमो की भी जानकारी प्रदान की गई। सभी ग्राहक इन सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए नजदीकी शाखाओं से संपर्क कर सकते हैं।

## घसौली गांव के अड्डे से कैंटर चोरी

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। घसौली गांव में गत बुधवार की रात अड्डे पर खड़ा एक कैंटर चोरी हो गया। कैंटर मालिक ने इसकी शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में घसौली गांव के हरिओम ने बताया कि उसने अपना कैंटर 20 नवंबर की रात 8 बजे गांव के अड्डे पर खड़ा किया था। अगली सुबह 21 नवंबर को उसे कैंटर नहीं मिला। उसने कैंटर की खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आखिरकार पांच साल इंतजार के बाद बैडमिंटन हाल के निर्माण की जगी उम्मीद, नपा ने फिर लगाया टेंडर

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

**गनौर।** पांच साल लंबे इंतजार के बाद नगरपालिका खेल स्टेडियम के निकट बैडमिंटन हाल के निर्माण की उम्मीद अब फिर से जगी है। नगरपालिका ने बैडमिंटन हाल के अधूरे निर्माण को पूरा करवाने के लिए फिर से टेंडर लगा दिया है। इससे पहले जिस एजेंसी को टेंडर दिया गया था, वह निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी स्टेडियम का निर्माण कार्य पूरा नहीं कर पाई। जिस वजह से एजेंसी का टेंडर कैंसल कर उसे ब्लैकलिस्ट कर दिया था। अब नगरपालिका ने अधूरे पड़े निर्माण को पूरा करने के लिए फिर से टेंडर लगा दिया गया है।



नगरपालिका खेल स्टेडियम के निकट निर्माणाधीन बेडमिंटन हाल।

**निर्माण पर 85 लाख रुपये होंगे खर्च:** पहली एजेंसी द्वारा बैडमिंटन हाल के निर्माण पर 73 लाख रुपये खर्च कर चुकी थी, लेकिन बार-बार काम रोकने की वजह से एजेंसी को नगरपालिका कई नोटिस जारी कर चुकी थी। जब एजेंसी ने काम पूरा नहीं किया तो टेंडर को निरस्त कर दिया गया। अब स्टेडियम में निर्माण पर 85 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इस बैडमिंटन हाल में 4 कोर्ट बनाए जाएंगें, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों के साथ-साथ बाहरी खिलाड़ियों को भी किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। हाल में बैठने के लिए सीढ़ियों पर ग्रेनाइट पत्थर लगाया जाएगा और सुरक्षा के दृष्टिगत फायर सिस्टम भी लगाए जाएंगे।

**मुरथल विश्वविद्यालय में तैयार होगा डिजाइनः** मुख्यमंत्री द्वारा बैडमिंटन हाल की घोषणा करने के बाद नगरपालिका द्वारा मुरथल विश्वविद्यालय के आर्केटेक्टों से हाल का डिजाइन तैयार करवाया गया था। इसके लिए 2 लाख रूपये नगरपालिका द्वारा खर्च किए गए थे। अब स्टेडियम का छत के निर्माण कार्य शुरू होने वाला है, लेकिन छत के डिजाइन में कुछ बदलाव किए जाने हैं, जिसके चलते फिर से मुरथल विश्वविद्यालय के आर्केटेक्टों की मदद ली जा रही है।

**अगले सप्ताह होगा टेंडर का आवंटन**

पालिका अभियंता जयदेव शर्मा ने बताया कि अगले सप्ताह टेंडर खोला जाएगा, जिसके बाद एजेंसी को टेंडर आवंटित किया जाएगा। 1 करोड 49 लाख की लागत से बन कर तैयार होने वाले इस बैडमिंटन हाल की छत के डिजाइन मुरथल विश्वविद्यालय के आर्केटेक्ट से बनवाया जा रहा है। डिजाइन जल्द ही आ जाएगा। जिसके बाद बैडमिंटन हाल का निर्माण कार्य निर्धारित समय पर पूरा करवा दिया जाएगा।

## कपिल शर्मा मेनिफेस्टेशन के किंग, गीता बसरा ने 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में खोले राज

**अमृतसर।** नेटफ्लिक्स के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में इस बार नवजोत सिंह सिद्धू और उनकी पत्नी नवजोत कौर, साथ ही हरभजन सिंह और उनकी पत्नी गीता बसरा मेहमान बनकर आएंगे। यह एपिसोड पुराने दिनों की यादों से भरा होगा, जिसमें हमारे खास मेहमान अपनी दिलचस्प कहानियां शेयर करेंगे। ऐसी ही एक कहानी गीता बसरा ने शेयर की, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे कपिल ने अनजाने में, सिर्फ अपनी शुभकामनाओं के जरिए, हरभजन और उनके चार सदस्यीय परिवार को 'मेनिफेस्ट' कर दिया।गीता बसरा ने कपिल से कहा,जब पहली बार हम आपके शो पर आए थे, हमारी नई-नई शादी हुई थी। तब आपने कहा था कि, 'अगली बार जब हम आपको बुलाएंगे, तो आप दो से तीन हो जाएंगे।' और सचमुच, जब हम वापस आए, तो हम तीन हो गए। उस शो पर आने पर आपने कहा था कि जब अगली बार हम आपको बुलाएंगे, तो आप तीन से चार हो जाएंगे। और देखिए, ऐसा ही हुआ! लेकिन इस बार, प्लीज ऐसा कुछ मत बोलिएगा ।जब हम पहली बार आपके शो पर आए थे, तब हम नए-नए शादीशुदा थे। तब कपिल ने कहा था, 'अगली बार जब हम आपको बुलाएंगे, तो आप दो से तीन का परिवार बन जाएंगे!' और सचमुच, अगली बार जब हम कपिल के शो पर आए, तो हम दो से तीन का परिवार बन गए। उस बार भी, आपने यह मेनिफेस्ट किया कि अगली बार जब हम आपके शो पर आएंगे, तो हम तीन से चार का परिवार बन जाएंगे।

## गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

**गन्नौर (अप्रस)।** तेवड़ी गांव के पास बाइक सवार दंपति को तेज रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दंपति सड़क पर गिर कर घायल हो गए। घायलों को राहगीरों ने अस्पताल में दाखिल कराया। घायल ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। शिकायत में गांव महमूदपुर निवासी संजुपाल ने बताया कि वह 19 नवंबर की सुबह बाइक पर अपनी पत्नी कविता के साथ पानीपत जा रहा था। जब वह तेवड़ी गांव के पास पहुंचे तो सामने से आ रही तेज रफ्तार गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। गन्नौर थाना प्रभारी जसपाल ने बताया कि पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महिला की हत्या और शव जलाने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



गनौर। क्राइम यूनिट गन्नौर पुलिस टीम ने महिला की हत्या कर शव जलाने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित उपकार निवासी षि कालोनी, सोनीपत का रहने वाला है।

जानकारी अनुसार गत 26 अक्टूबर को पंजाब के जिरकपुर निवासी त्रिशला ने थाना सिविल लाइन सोनीपत में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया कि उसकी बहन सरिता, जिसकी शादी 2004 में कपिल से हुई थी। 2018 में तलाक के बाद उसकी बहन ने उपकार से लव मैरिज कर ली और उसके साथ सोनीपत में रहने लगी। शादी के कुछ समय बाद से ही उपकार और सरिता में विवाद होने लगे, क्योंकि उपकार शराब पीने का आदी था और सरिता के साथ मारपीट करता था। 20 अक्टूबर को उपकार ने सरिता को फोन कर पैसे और सामान मांगने के साथ जबरदस्ती घर बुला लिया। 25 अक्टूबर को सरिता ने उसे फोन पर बताया कि उपकार उसका गला दबा रहा है, जिसके बाद फोन कट गया। उसी रात सरिता के घर में आग लगने की सूचना मिली, जिसमें सरिता की मौत हो गई। त्रिशला ने आरोप लगाया था कि उपकार ने रंजिशन सरिता की हत्या कर शव को जलाया। पुलिस ने आरोपित उपकार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस मामले में क्राइम यूनिट गन्नौर के जांच अधिकारी उप निरीक्षक रोहित ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# बिना लाइसेंस क्लब में परोसी जा रही थी शराब,संचालक गिरफ्तार

बिना लाइसेंस चंडीगढ़ मार्का की शराब भी बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** शहर में अवैध शराब कौर नशा तस्करी को फैल करने में जुटी पंचकूला पुलिस ने सेक्टर 9 के रूमरोज प्ले एंड पॉज क्लब में रेड कर अवैध शराब बरामद की गई। मौके पर रेड पर सेक्टर 10 चौकी इंचार्ज गुरपाल सिंह एएसआई बृजेश कुमार, एक्साइज इंस्पेक्टर राजीव कपूर मौजूद रहे। पंचकूला पुलिस ने आबकारी विभाग के साथ मिल कर रेड की। गुप्त सूचना मिलने के आधार पर पुलिस ने जब रेड की तो मौके पर से चंडीगढ़ की शराब भी परोसी जा रही थी। मौके से पुलिस ने अवैध रूप से शराब अपने कब्जे में ली और क्लब को चला रहे अखिल नामक युवक को गिरफ्तार करके मामला दर्ज किया गया।

सेक्टर 10 के चौकी इंचार्ज गुरपाल सिंह का कहना था कि गुप्त सूचना मिली कि सेक्टर 9 के एक क्लब रुमरोज क्लब बिना लाइसेंस के क्लब और शराब पिला रहे है। जब हमने मौके पर जाकर रेड की तो मौके पर चंडीगढ़ की शराब चल रही थी। जब संचालक से हमने शराब पिलाने का और क्लब का लाइसेंस मांगा तो दोनों लाइसेंस न होने पर मामला दर्ज किया गया। मौके से रेड लेबल दो बोतले, 12 बोतले थंडर बोल्ट बियर चंडीगढ़ की बियर, किंग फिशर की बोतल 5 फार सेल इन हरियाणा, क्रोना एक्स्ट्रा बीयर 6 बोतले, मैजिक मूवमेंट एक बोतल खुली हुई। पुलिस ने अपने कब्जे में सारी शराब और बियर की बोतलें ली। मौके पर क्लब चला रहे अखिल को गिरफ्तार किया गया जो हरियाणा के सोनीपत का रहने वाला है।



क्लब में छानबीन करती पुलिस।

## ड्रग तस्कर को 24.37 ग्राम हेरोइन सहित किया काबू

**पंचकूल।** क्राइम ब्रांच की टीम ने पीएसआई सौरव रावत के नेतृत्व में ड्रग तस्करी के मामले में 1 आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान रॉकी निवासी गांव मुबारकपुर थाना डेराबस्सी जिला मोहाली, पंजाब के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर 26 क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर दलीप सिंह सिंह ने सूचना मिलने के बाद टीम तैयार की। टीम गश्त पर थी। पुलिस को सूचना मिली कि रॉकी हेरोइन बेचने का काम करता है और वह बैलेस्टिक्स विद्यालय रामगढ़ के पास पुल के नीचे हेरोइन बेचने के लिए खड़ा है। जिसके आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने दबिश करते हुए आरोपी को बताए गए स्थान से घेरा डालते हुए काबू किया। पूछताछ करने और आरोपी की तलाशी लेने पर 24.37 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। वह पुलिस को कोई लाइसेंस आदि पेश नहीं कर सका। आरोपी के खिलाफ थाना चंडीमंदिर में एनडीपीएस की धारा 21 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गई। आरोपी को जिला अदालत में पेश कर 2 दिन का पुलिस रिमांड लिया गया।

## लोगों की आवाज उठाने के कारण ही हुआ मेरे ऊपर मामला दर्ज : नवतेज नवी

जीरकपुर (राजेश गर्ग )। जीरकपुर के वार्ड नंबर 30 के पार्षद नवतेज नबी ने अपने खिलाफ दर्ज हुए मामले संबंधी बात करते हुए कहा कि उनके खिलाफ दर्ज हुआ मामला बिल्कुल झूठ तथा बेबुनियाद है। उन्होंने इसको लोकतंत्र का कत्ल बताया। उन्होंने कहा कि इस सरकार में अगर कोई जनता की आवाज को बुलंद करता है तथा कोई धरना प्रदर्शन करता है तो उसे डराया धमकाया जाता है और उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया जाता है।



उन्होंने कहा कि वह इन केसों से डरने वाले नहीं है बल्कि सरकार तथा प्रशासन की धक्केशाही का डटकर मुकाबला करेंगे। उन्होंने कहा कि वह अपनी पार्टी तथा अपने नेताओं दीपेंद्र सिंह ढिल्लों तथा उदयवीर सिंह दिलों का साथ कभी भी नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि वह सदा अपने वार्ड के लोगों के साथ खड़े रहेंगे, इसके लिए बेशक उन पर कोई केस दर्ज हो अथवा जेल जाना पड़े। उन्होंने एक बात और स्पष्ट की के उनके द्वारा किसी भी प्रशासनिक अधिकारी को बंधक नहीं बनाया गया।

# डंपिंग ग्राउंड को अलीपुर टाऊन में शिफ्टिंग के मुद्दे पर लामबंद हुए कांग्रेसी

बोल- एनजीटी के आदेश का उल्लंघन कर डंपिंग ग्राउंड में बना दिया एमआरएफ केंद्र

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** डंपिंग ग्राउंड झूरीवाला की गांव अलीपुर में शिफ्टिंग की तैयारी कर रहे नगर निगम के इस फैसले के खिलाफ अब कांग्रेसी पार्षद भी लामबंद हो गए हैं। शुक्रवार को पार्षदों ने निगम कार्यालय में मेयर कुलभूषण गोयल को ज्ञापन सौंप कर वार्ड नंबर 20 के अलीपुर में शिफ्टिंग पर तुरंत रोक लगाए जाने की मांग की। वार्ड 20 के पार्षद सलीम डबकोरी, वार्ड 17 के पार्षद अक्षयदीप चौधरी, वार्ड 9 से पार्षद राजेश, वार्ड 6 से पार्षद पंकज, वार्ड 15 से गौतम प्रसाद, वार्ड नंबर 18 से संदीप सोही, वार्ड नंबर 10 से पार्षद गुरमेल कौर, वार्ड नंबर 7 से उषा रानी ने मेयर के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि डंपिंग ग्राउंड को अब अलीपुर टाऊन, वार्ड नंबर 20 में स्थानांतरण की बात सामने आई है। अलीपुर टाऊन के वासी पहले से ही पोल्ट्री फार्म के कारण उत्पन्न हुई मक्खियों की समस्याओं से पहले ही परेशान है। अब यदि वहां डंपिंग ग्राउंड स्थानांतरण किया जाता है तो आम जन का जीना मुहाल हो जाएगा।



### एनजीटी के आदेश का उल्लंघन कर बनाया एमआरएफ केंद्र

पार्षदों ने कहा कि एनजीटी न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन करते हुए झूरीवाला में एमआरएफ केंद्र का निर्माण किया गया। जहां पर हर रोज पूरे पंचकूला शहर और गांवों का कूड़ा गिराया जाता है। वहां न ही सूखे और गीले कूड़े को अलग-अलग किया जाता है। 3-3 दिन तक कूड़ा पड़ा रहने के कारण आसपास के गांवों व सेक्टरों में बहुत गंदगी रहती है। जिससे निवासियों को बहुत समस्या है।

### कूड़ा पटवी में भेजा जाए

पार्षदों ने कहा कि उनके समेत विधायक चंद्रमोहन अलीपुर टाऊन में डंपिंग ग्राउंड के स्थानांतरण करने का पुरजोर विरोध करते है। पार्षद सलीम डबकोरी ने कहा कि सभी पार्षद पहले से ही डंपिंग ग्राउंड को आबादी या शहर से दूर करने की मांग नगर निगम, पंचकूला को करते आए है ताकि आस-पास रह रहे आम जन के जीवन पर बुरा असर ना पड़े। उन्होंने मांग की कि एनजीटी के आदेशों का पालन करते हुए यहां से जल्द से जल्द एमआरएफ केंद्र हटाया जाए और यहां से जो कूड़ा इकट्ठा होता है वह अंबाला के पटवी में भेजा जाए। उन्होंने अनुरोध किया कि डंपिंग ग्राउंड को अलीपुर टाऊन में स्थानांतरित नहीं किया जाए और इसे शहर, गांव एवं आबादी से दूर स्थापित किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### विज्ञान प्रदर्शनी का सफल आयोजन



**कालका (अप्रस)।** राजकीय महाविद्यालय कालका की प्राचार्या प्रोमिला मलिक की अध्यक्षता तथा प्रोफेसर डॉक्टर रामचंद्र, डीन विज्ञान संकाय के दिशा निर्देशन में विज्ञान प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में वनस्पति विज्ञान विभाग, प्राणी विज्ञान विभाग, भौतिक विज्ञान विभाग, रसायन विज्ञान विभाग, भूगोल विभाग और कंप्यूटर विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने विभिन्न मॉडल बनाएं और प्रदर्शित किये। विज्ञान प्रदर्शनी में प्राचार्या प्रोमिला मलिक मुख्य अतिथि रही। उन्होंने मॉडल्स की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास होता है। विज्ञान समिति की प्रभारी प्रोफेसर डॉक्टर नीरू ने विद्यार्थियों को विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। भौतिक विज्ञान के विद्यार्थियों ने ऑटोमेटिक हाइट एडजस्टिंग स्मार्ट ब्रिज, इंटेलिजेंट वाटर एग्रीकल्चर, एंटी स्लिप अलार्म, स्मार्ट वेस्ट मैनेजमेंट, स्मार्ट रोड सेफ्टी एट माउंटेन, गार्डलेस रेलवे क्रॉसिंग, लेजर सिक्योरिटी मॉडल्स बनाएं। रसायन विभाग के विद्यार्थियों ने कंबुजा ए हेल्थ ड्रिंक, एक्सट्रैक्शन ऑफ़ सिलिका एंड इट्स यूजेस, जियोथर्मल एनर्जी, अल्टरनेटिव आफ केमिकल्स, पेरासिटामोल एंटीपायरेटिक एनाल्जेसिक, यूस फिटकरी मॉडल्स बनाएं। वनस्पति विज्ञान विभाग और प्राणी विज्ञान विभाग ने मस्सल डिस्ट्रॉफी, टविनिंग बायोलॉजिकली, फाइटरस इन ब्लड, एंटीबॉडीज एंड देयर रोल्स, वंडर्स ऑफ़ बायोएंजाइम्स, इन्सुलिन रेसिसटेंस एन अनसीन पेनडेमिक, मशरूम कल्टीवेशन, अर्बन फार्मिंग बाए हाइड्रोपोनिक मॉडल्स बनाएं।

### विद्यार्थी रहें बुराइयों से दूर और बनें अच्छे नागरिक :राजबाला



**कालका (जग्गी)।** आईटीआई फॉर वूमेन बिटना (कालका) में विद्यार्थियों में जागृति लाने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ब्रह्मकुमारी संस्थान से बहन और भाई उपस्थित हुए। संस्थान में पहुंचने पर प्रधानाचार्या राजबाला वर्मा सहित वर्ग अनुदेशिकाओं चंद्रलता, राजबाला, रेणु, सुमन आदि ने ब्रह्मकुमारी बहनों और भाइयों का भावपूर्ण स्वागत किया। प्रधानाचार्या राजबाला वर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि कोई इंसान एक बार नशे की दलदल में फंस जाए तो उससे बाहर निकलना बहुत मुश्किल हो जाता है। नशे के आदी इंसान का पूरा परिवार हमेशा इस पीड़ा से दु:खी रहता हुआ जीवनयापन करता है इसलिए जीवन में इस बुराई की शुरुआत ही नहीं करनी चाहिए ताकि जीवन में अच्छे नागरिक बनने की दिशा में कदम बड़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन काल में ही अच्छाई और बुराई के दोराहे में से अच्छाई का मार्ग चुनते हुए समाज के अच्छे नागरिक बनने की नींव डाली जा सकती है ताकि सफल और सुखी जीवन जिया जा सके। ब्रह्मकुमारी बहन रेणु ने छात्राओं को सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की प्रेरणा दी।

### अखिल भारतीय अंतर-राज्यीय अंतर-विद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** वीरवार को भी सेक्टर 8 स्थित डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल लाहौर द्वारा 55वीं अखिल भारतीय अंतर-राज्यीय अंतर-विद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं का आयोजन किया गया। पंडित नानक चंद मेमोरियल स्किट और मोनो-एक्टिंग प्रतियोगिता। मुख्य अतिथि संदीपा माथुर, सहायक सचिव आरओ सीबीएसई। मोनो एक्टिंग प्रतियोगिता। **प्रथम पुरस्कार-** हर्षद (आर्मी पब्लिक स्कूल, चंडीमंदिर, चंडीगढ़ ) **दूसरा पुरस्कार-** परिशा (डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, (लाहौर) सेक्टर 8 सी, चंडीगढ़ **तीसरा पुरस्कार-** मोनीश (द ट्रिब्यून स्कूल, चंडीगढ़ ) 3 मनिषका विग (डीएवी पब्लिक स्कूल, ब्लॉक-सी, बीआरएस नगर, लुधियाना) सांत्वना पुरस्कार (1) - तुषार सैनी (डीएवी पब्लिक स्कूल, डेराबस्सी) सांत्वना पुरस्कार (2) - कोनिका (सोहन लाल डीएवी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अंबाला शहर) **भाग लेने वाली टीमें** -08 **स्किट प्रतियोगिता रनिंग ट्रॉफी-** डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, (लाहौर) सेक्टर 8सी, चंडीगढ़ लेकिन स्थानांतरित हो गया - इंस्टीट्यूट फॉर सेक्टर 26, चंडीगढ़। **प्रथम पुरस्कार-** हरमन सिंह एवं ग्रुप (डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, (लाहौर) सेक्टर 8सी, चंडीगढ़) **दूसरा पुरस्कार-** वंशिका एंड ग्रुप संस्थान, सेक्टर 26, चंडीगढ़ ) **तीसरा पुरस्कार-** शरण्या गर्ग एवं ग्रुप (आर्मी पब्लिक स्कूल, चंडीमंदिर, चंडीगढ़ ) **सांत्वना पुरस्कार** (1 )- महक अरोड़ा एंड ग्रु ( डीएवी पब्लिक स्कूल, बीआरएस नगर, लुधियाना ) **सांत्वना पुरस्कार (2)-** फतेहबीर सिंह एवं ग्रुप ( डीएवी पब्लिक स्कूल, डेराबस्सी )।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा वार्षिक स्कूल पत्रिका 'दीपायन' के 23वें संस्करण का विमोचन



पत्रिका का विमोचन करते हुए सीएम नायब सिंह सैनी व अन्य।

अर्थ प्रकाश /जग्गी

**कालका।** सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल, एच.एम.टी. टाउनशिप, पिंजौर की वार्षिक पत्रिका 'दीपायन' का 23वां संस्करण हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह के कर कमलों द्वारा उनके निवास स्थान, सैक्टर-3, चंडीगढ़ में बड़े गर्व और सम्मान के साथ अनावरण किया गया। विमोचन समारोह में स्कूल प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष डॉ के.एम. पाठक, कर्नल एन.आर. बबरवाल (सेवानिवृत्त) सदस्य, स्कूल के प्राचार्य डॉ. पीयूष पुंज, मुख्य संपादक श्रीमती परमजीत कौर, श्री निखिल, स्कूल के मुख्य छात्र प्रिंस और मुख्य छात्रा मृदुला भी उपस्थित थे। पत्रिका का यह संस्करण 'द्रित्याधरोहर - समग्र विकास की विरासत शीर्षक के अंतर्गत प्रस्तुत किया गया है। इस संस्करण में स्कूल के समग्र विकास की विरासत के संरक्षण पर जोर दिया गया है, जो टीमवर्क और सामूहिक प्रयासों के महत्व को उजागर करता है।

## सतलुज पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक समारोह का शानदार आगाज

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** सतलुज पब्लिक स्कूल, सेक्टर-2, पंचकूला में तीन दिवसीय वार्षिक समारोह का शुभारंभ उत्साह, रचनात्मकता और प्रतिभा के साथ हुआ। 'भारत समृद्धम धरोहर' नामक वार्षिक समारोह का एयर मार्शल मानवेंद्र सिंह, गुर के. सेराई (डायरेक्टर प्रिंसिपल/को-चेयरमैन) और मधुरिमा सेराई ने दीप प्रज्ज्वलन किया। सतलुज गान के बाद कार्यक्रम की शुरुआत एलकेजी के नन्हे-मुन्नों द्वारा एक शानदार प्रस्तुति 'व्हिसपर्स ऑफ वृंदावन' से हुई। इस शानदार नृत्य के बाद नर्सरी के नन्हे-मुन्नों द्वारा एक खजाने की खोज, लमैप टू द मैजिक' का प्रदर्शन किया गया, जो दर्शकों को समुद्री डाकुओं और खजाने की खोज की दुनिया में ले गया। नन्हे विद्वानों ने 'व्यक्तिगत सीमाओं को समझना' के माध्यम से हमें एक-दूसरे के स्थान का सम्मान करने के महत्व को पहचाना। नर्सरी के विद्वानों के साथ हमारे सबसे छोटे कोकून सितारों ने रिंग और रिम्स नृत्य 'स्टेलर स्टेपर्स' प्रस्तुत किया। एलकेजी के विद्वानों ने 'सेलेब्रेट्री रिदम- एथोस ऑफ हेरिटेज' पर अपनी सुंदर हरकतों और लयबद्ध बीट्स के माध्यम से सभी को हमारी विरासत की आत्मा से जोड़ा। यूकेजी के सुपर स्टार्स ने 'एंडलेस ग्रैटिट्यूड' के माध्यम से माता-पिता और 'टाइमलेस टैलेंट' के माध्यम से सिनेमा के दिग्गजों को श्रद्धांजलि दी। अंत में, गतिशील युवा कलाकारों ने अपने पैर थिरकाने वाले नृत्य प्रदर्शन से मंच को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसने %डिस्को रेट्रो रिवाइवल% द्वारा सभी को 90 के दशक के जीवंत दशकों में पहुंचा दिया।

समारोह में शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक क्षेत्रों में विद्वानों को सम्मानित किया गया। समारोह के सबसे यादगार क्षण माता-पिता और विद्वानों को संबोधित करते हुए सम्मानित अतिथियों द्वारा ज्ञान और प्रशंसा के अनमोल शब्द थे। इस कार्यक्रम ने मंच को हमारे सबसे छोटे विद्यार्थियों के असीम उत्साह और रचनात्मकता से जगमगा दिया।



सतलुज पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक समारोह के शुभारंभ पर गुर के. सेराई (डायरेक्टर प्रिंसिपल/को-चेयरमैन) और मधुरिमा सेराई बच्चों के साथ।

## हरियाणवी भाषा में तैयार व्याकरण पुस्तक को किया विमोचन

**पंचकूला (अप्रस)।** डा. जयभगवान शर्मा द्वारा हरियाणवी भाषा में तैयार हरियाणवी व्याकरण पुस्तक का विमोचन किया। जो पहले संस्कृत तथा हिंदी के कई व्याकरण लिख चुके लिख चुके हैं और अब हस्तलिखित व्याकरण नवाचारी प्रारूप में दिया है। विमोचन समारोह में हरियाणा साहित्य अकादमी के कार्यकारी उपाध्यक्ष डा. कुलदीप चन्द अग्निहोत्री, एडवोकेट रमन शर्मा, नरेश कुमार, डा. धर्मदेव विद्यार्थी, डा. बिजेन्द्र शामिल रहे। डा. जयभगवान शर्मा ने बताया कि हरियाणवी बोली प्राचीन काल से ही बेहद समृद्ध रही है। इसमें सभी विधाओं में विपुल साहित्य रचा गया है। इसका क्षेत्र भी बेहद विस्तृत रहा है। हरियाणवी व्याकरण पर अनेक विद्वानों ने काम किया है। उन्होंने बताया कि इस ग्रंथ की सबसे बड़ी खूबी इसका हस्तलिखित होना है, जिसमें सभी अध्यायों में विषयों तथा उप-विषयों के बहुआयामी पक्षों को अपने सुलेख की त्रुटि रहित वर्तनी से लिखकर इस व्याकरण को जीवंत दस्तावेज बनाया है।

# जेल लोक अदालत में चार अभियुक्त रिहा

अंबाला सेंट्रल जेल में 4 अलग अलग मामलों में थे बंद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव अजय कुमार घनघस ने लोक अदालत में 4 मामलों

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव अजय कुमार घनघस ने अंबाला सेंट्रल जेल में लोक अदालत का आयोजन किया। इस विशेष पहल का उद्देश्य न्याय प्रदान करने में तेजी लाना और विशिष्ट श्रेणियों के मामलों में शामिल विचाराधीन कैदियों को राहत प्रदान करना है।

जेल लोक अदालत के दौरान 4 मामलों की महत्वपूर्ण संख्या की समीक्षा की गई, जिसके परिणामस्वरूप उन मामलों का समाधान किया और 4 अभियुक्तों की रिहाई हुई। इस कार्यवाही में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं जैसे 379 चोरी, 380 आवास गृह में चोरी, 411 बेईमानी से चोरी की गई संपत्ति प्राप्त करना, 174-ए उद्घोषणा के जवाब में गैर-हाजिर होना और 201 साक्ष्य को गायब करना या गलत जानकारी देने के मामले शामिल थे।

प्राधिकरण के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव अजय कुमार घनघस ने बताया कि यह जेल लोक अदालत कानूनी सहायता और समय पर न्याय प्रदान करने, न्यायिक प्रणाली में विश्वास को बढ़ावा देने और कैदियों के पुनर्वास और समाज में उनके पुनः एकीकरण को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। उन्होंने कहा कि हलसा अनुसूची के अनुसार जेल लोक अदालतें हर महीने पहले और तीसरे बुधवार को जेल में दो बार आयोजित की जा रही हैं।

विचाराधीन कैदियों ने अपने अपराध कबूल कर लिए, जिससे पीठासीन न्यायाधीश को सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने और उनकी रिहाई में सहायता मिली। जेल लोक अदालत छोटे-मोटे अपराधों और समझौता योग्य आपराधिक मामलों से जुड़े मामलों को संभालने के लिए एक प्रभावी तंत्र के रूप में कार्य किया है। आपराधिक प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों के तहत पंजीकृत विचाराधीन कैदी जो न्यायिक मजिस्ट्रेट के अधिकार क्षेत्र में आते हैं, जिसमें छोटी-मोटी चोरी, घर में जबरन घुसना और धोखाधड़ी के कृत्य शामिल हैं, ऐसी सुनवाई के लिए पात्र हैं। इसके अतिरिक्त, आबकारी अधिनियम और रेलवे अधिनियम जैसे विशेष कानूनों के तहत झगड़े या उल्लंघन जैसे छोटे-मोटे अपराधों के लिए निवारक प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किए गए व्यक्ति भी इन कार्यवाहियों से लाभान्वित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि मामलों के कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए, जेल अधीक्षक जेल अदालतों के लिए उपयुक्त मामलों की पहचान करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव के साथ मिलकर काम करते हैं। यह प्रक्रिया उन विचाराधीन कैदियों तक भी विस्तारित होती है जो दलील सौदेबाजी में रुचि व्यक्त करते हैं, जिससे उन्हें त्वरित न्याय और संभावित रिहाई का अवसर मिलता है।

## पेंटिंग में ईशा और रिमी भाषण प्रतियोगिता में प्रिया और पलक चमके



पंचकूला में आयोजित जिला युवा महोत्सव में भाग लेने वाले राजकीय महाविद्यालय रायपुर रानी के विद्यार्थी।

**पंचकूला (अप्रस)।** राजकीय महाविद्यालय रायपुर रानी पंचकूला के लिए बड़े ही हर्ष की बात है कि 21 व 22 नवंबर को पंचकूला में आयोजित जिला युवा महोत्सव में महाविद्यालय की सांस्कृतिक कमेटी की संयोजक डॉक्टर रितु ने दस विद्यार्थियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता भाग दिलवाना सुनिश्चित किया। 21 नवंबर को पेंटिंग प्रतियोगिता में बीकॉम (वोकेशनल ) तृतीय वर्ष की छात्रा ईशा और बीए द्वितीय वर्ष से रिम्मी ने भाग लिया। गत 22 नवम्बर को भाषण प्रतियोगिता में बीकॉम तृतीय (वोकेशनल)वर्ष से प्रिया व द्वितीय वर्ष पलक ने भाग लिया। कविता लेखन में अभिषेक भट्ट,सपना, एवं निष्ठा ने अपनी भूमिका अदा की। इसके साथ ही साथ कहानी लेखन में ने बीकॉम तृतीय वर्ष से अरुणा ने भाग लिया।

# हफ्ते में 2 दिन आने वाले बिल्डिंग इंस्पेक्टर के क्षेत्र में अवैध निर्माणकर्ताओं की चांदी

जीरकपुर में अवैध निर्माण रोकना अधिकारियों के लिए बनी टेढ़ी खीर

अर्थ प्रकाश /राजेश गर्ग

**जीरकपुर ।** किसी समय 1 लाख से भी कम आबादी वाला जीरकपुर शहर आज 6 लाख से अधिक आबादी वाला शायर बन गया है। यहां पर लगातार निर्माण कार्य चल रहे हैं। लगातार हर तरफ निर्माण कार्य चलने के साथ-साथ बीच में बहुत से निर्माण अवैध रूप से भी किए जा रहे हैं जिनको रोकने के लिए सीधी सीधी नगर कौंसिल जीरकपुर की ही जिम्मेदारी बनती है। हर रोज शिकायतें आने के बावजूद भी नगर कौंसिल द्वारा अवैध निर्माणों पर काबू पाना टेढी खीर बना हुआ है। इसके कई कारण हो सकते हैं।

**जीरकपुर में 8 की जगह पर काम कर रहे हैं मात्र एक बिल्डिंग इंस्पेक्टर, दूसरे को दिया गया 2 दिन का अतिरिक्त प्रभार :** नगर कौंसिल जीरकपुर के एसडीओ सुखविंदर सिंह से ली गई जानकारी के अनुसार नगर कौंसिल में बिल्डिंग इंस्पेक्टरों की कुल सीटें आठ हैं, लेकिन यहां पर मात्र एक बिल्डिंग इंस्पेक्टर कम कर रहे हैं और दूसरे को दो दिन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जैसे के बिल्डिंग इंस्पेक्टर अजय बराड यहां पर स्थाई तौर पर काम कर रहे हैं और बिल्डिंग इंस्पेक्टर शिवानी बंसल को जीरकपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया हुआ है जो कि यहां पर हफ्ते में मात्र दो दिन मंगलवार तथा वीरवार को ही आती हैं। इस बात से कोई भी आसानी से अंदाजा लगा सकता है कि इतने कम बिल्डिंग इंस्पेक्टर होने के चलते शहर में चल रहे अवैध निर्माण कैसे रोके जा सकते हैं।



### अवैध निर्माण रोकने के लिए दोनों बिल्डिंग इंस्पेक्टरों की लगाई गई 5 जोन में ड्यूटी

नगर कौंसिल द्वारा अवैध निर्माणों को रोकने के लिए जीरकपुर शहर को 5 जोन में बांटा गया है और इनमें दो बिल्डिंग इंस्पेक्टर तथा तीन ड्राफ्ट्समैन की ड्यूटी लगाई गई है। नगर कौंसिल के कार्यकारी अधिकारी द्वारा 5 नवंबर 2024 को एक पत्र जारी करके बिल्डिंग इंस्पेक्टर अजय बराड़ को जोन ए, बी और सी दिए गए हैं तथा बिल्डिंग इंस्पेक्टर शिवानी बंसल को जोन डी तथा ई दिए गए हैं। यहां पर एक बड़ा सवाल उठता है कि यह दोनों बिल्डिंग इंस्पेक्टर पूरे शहर में चल रहे अवैध निर्माण कैसे रोक सकते हैं।

### जोन डी तथा ई में अवैध निर्माणकर्ताओं की चांदी

जीरकपुर शहर में अवैध निर्माणों को रोकने के लिए शहर को 5 जोन में बांटा गया है। जोन ए, बी और सी को तो बिल्डिंग इंस्पेक्टर अजय बराड़ देख रहे हैं। जोन डी तथा ई में अवैध निर्माणों को रोकने के लिए बिल्डिंग इंस्पेक्टर शिवानी बंसल की ड्यूटी लगी हुई है लेकिन जो हालात आजकल इन दो जोन में चल रहे हैं इनको देखते हुए कहा जा सकता है कि यहां पर अवैध निर्माण कर्ताओं की चांदी बनी हुई है क्योंकि उन्हें रोकने वाला यहां पर कोई नहीं है। शहर का पॉश इलाका वीआईपी रोड इस बिल्डिंग इंस्पेक्टर के अधिकार क्षेत्र में ही आता है, जिनकी ड्यूटी हफ्ते में मात्र दो दिन होती है और कई बार तो वह इन दिनों में भी यहां पर मौजूद नहीं होते। अगर कोई अवैध निर्माण संबंधी शिकायत करने की कोशिश करता है तो बिल्डिंग इंस्पेक्टर शिवानी बंसल द्वारा उसका फोन नहीं उठाया जाता और अगर किसी अन्य अधिकारी को मिलकर इस क्षेत्र की कोई शिकायत देने की कोशिश करता है तो उसे यही जवाब मिलता है कि आप संबंधित बिल्डिंग इंस्पेक्टर के पास जाओ। अवैध निर्माण संबंधी अगर कोई पत्रकार जानकारी लेने के लिए बिल्डिंग इंस्पेक्टर शिवानी बंसल को फोन करता है तो उसका भी फोन नहीं उठाया जाता। उनकी ऐसी कार्य प्रणाली अब संदेह के घेरे में है। इसलिए जोन डी तथा जोन ई में चल रहे अवैध निर्माणों पर अब अंकुश लगाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन लग रहा है।

# मुख्य संसदीय सचिव के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का स्वागत : मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश में मुख्य संसदीय सचिव के रूप में नियुक्त विधायकों के विरूद्ध अयोग्यता कार्यवाही शुरू करने के हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देश पर रोक लगाने के सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का स्वागत किया है। मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में मीडिया के प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने मामले की कानूनी व्याख्या पर स्पष्टता प्रदान की है, जो उच्च न्यायालय के निर्णय के पैराग्राफ 50 से भिन्न है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दी गई राहत महत्वपूर्ण है और प्रदेश सरकार सभी कानूनी पहलुओं पर विचार करने के बाद अगली रणनीति पर विचार-विमर्श करेगी।

विपक्ष के गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार की आलोचना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष प्रदेश हित में काम करने के बजाय अन्य मामलों पर राजनीति करने में मशगूल है। उन्होंने कहा कि हर मामले को विवाद के रूप में उछालना विपक्ष के स्वभाव बन चुका है जिससे उनकी बौखलाहट प्रदर्शित हो रही है। भाजपा जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभाने के बजाय कभी शौचालय कर और कभी समोसा राजनीति से अपनी राजनीतिक रोटियां सेक रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों ने भाजपा के 'ऑपरेशन लोटस' को नकार दिया है और कांग्रेस ने विधानसभा में अपनी 40 सीटों को सफलतापूर्वक बरकरार रखा है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों के दौरान राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वित की गई कल्याणकारी योजनाओं से लोगों का ध्यान हटाने के लिए जानबूझकर कर विपक्ष उनके खिलाफ व्यक्तिगत हमले करने का प्रयास कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष को जिम्मेदारी से कार्य करना चाहिए और आमजन के हित के मुद्दे उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सुविधा से वंचित लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में अनेक सकारात्मक कदम उठाए गए हैं और अनेक महत्वपूर्ण पहल की गई है। वर्तमान कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान समाज के वंचित लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

# शिमला पहुंची सोनिया गांधी, राहुल भी पहुंचेंगे

**महाराष्ट्र-झारखंड के चुनाव नतीजों पर रखेंगे नजर, प्रियंका भी आ सकती है**





अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी शिमला पहुंच गई हैं। उनका काफिला पौने सात बजे शिमला से छराबड़ा के लिए रवाना हुआ। कुछ देर बाद केंद्र में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी शिमला पहुंचने वाले हैं। दोनों नेता शिमला से महाराष्ट्र और झारखंड के चुनावी नतीजों पर नजर रखेंगे। सूत्रों की माने तो राहुल और सोनिया अगले कुछ दिन शिमला के छराबड़ा में रुकेंगे। एक-दो दिन बाद प्रियंका गांधी भी छराबड़ा आ सकती हैं।

**प्रियंका ने छराबड़ा में बना रखा अपना घर :** बता दें कि शिमला से करीब 14 किलोमीटर दूर प्रियंका गांधी ने पहाड़ी शैली में अपना घर बना रखा है। प्रियंका गांधी साल में सात-आठ बार यहां आती रहती है। राहुल और प्रियंका गांधी भी बीच बीच में यहां आते रहे हैं।

**प्रियंका ने छराबड़ा में मनाई थी दिवाली :** जब किसी राज्य में चुनाव संपन्न होते है तो उस दौरान भी तीनों नेता खासकर प्रियंका गांधी चुनावी थकान मिटाने छराबड़ा पहुंचते हैं।

## प्रदेश के मुख्यमंत्री के इस्तीफे की झूठी खबर प्रसारित करने के मामले में एफआईआर दर्ज

**शिमला (अप्रस)।** सोशल मीडिया पर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के इस्तीफे की झूठी खबर प्रसारित किए जाने के मामले में साइबर अपराध पुलिस स्टेशन शिमला में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि झूठी खबर प्रसारित किए जाने से सरकार की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## गहरी खाई में गिरी गाड़ी, एक की मौत

**मनाली (अप्रस)।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के क्वारिंग लिंक रोड के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान सोनम होजर (64) पुत्र तेनजिन छकडूर निवासी क्वारिंग डाकघर कोलंग तहसील केलांग के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार वाहन (संख्या एचपी 42-3302) मो?ते समय खाई में गिर गया जिस कारण चालक सोनम होजर घायल हो गया। उसे क्षेत्रीय अस्पताल केलांग ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# सीपीएस मामले में सुप्रीम कोर्ट से राज्य सरकार को मिली सुप्रीम राहत : नरेश चौहान

छः विधायकों को अयोग्य ठहराने की चर्चा पर लगा पूर्ण विराम

प्रदेश होईकोर्ट पर्यटन निगम के नौ होटलों को शुरू करने के दिए आदेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान ने आज यहां कहा कि सी.पी.एस. मामले को लेकर माननीय उच्चतम न्यायालय से जो निर्णय आया है, उसका हम स्वागत करते हैं। यह निर्णय वह प्रदेश के लिए राहत की बात है और साथ ही यह हमारे लोकप्रिय मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू और प्रदेश के लोगों की भी जीत है।

प्रदेश के भाजपा नेताओं पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के कुछ नेता पैरा-50 का हवाला देते हुए प्रदेश के चुने हुए विधायकों को अयोग्य करार देने को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रहे थे लेकिन उन्हें इन आदेशों के बाद मूँह की खानी पड़ी है। माननीय सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से इन भाजपा नेताओं की बोलती बन्द हो गई है और इस चर्चा पर पूर्ण विराम लग गया है। हमारी सरकार ने इस बात पर भी सहमति व्यक्त की है कि हम सीपीएस की आगामी नियुक्तियां नहीं करेंगे। उच्चतम न्यायालय में हिमाचल के मामले को दूसरे राज्यों के लम्बित मामलों के साथ जोड़ कर देखा गया है। अब यह सारे मामले इकठ्ठे चलेंगे और अगली सुनवाई 20 जनवरी निर्धारित की गई है। सुप्रीम कोर्ट में यह मामला भी सामने आया कि मणिपुर राज्य के मामले में जो फैसला हुआ था उसमें भी सीपीएस मामले में विधायकों को अयोग्य घोषित नहीं किया गया था और उसी पैटर्न पर हिमाचल प्रदेश के मामले को भी सुरक्षित रखा है।

मीडिया सलाहकार ने कहा कि प्रदेश की चुनी हुई सरकार पूरी तरह से सुरक्षित है और उसे किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं है। उन्होंने भाजपा नेताओं पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा के कुछ लोग प्रदेश की चुनी हुई सरकार को निरन्तर अस्थिर करने का प्रयास कर रहे हैं

**हिमाचल हाईकोर्ट से सरकार को राहत**

# घाटे में चल रहे 9 होटलों को खुले रहने का आदेश



अर्थ प्रकाश संवादाता

**शिमला।** हिमाचल हाईकोर्ट से प्रदेश सरकार और हिमाचल पर्यटन विकास निगम को मिली बड़ी राहत मिली है। राज्य सरकार के आग्रह पर हाईकोर्ट ने पर्यटन निगम के 9 होटलों को 31 मार्च 2025 तक खुला रखने के दिए आदेश पारित किए है। कोर्ट ने बीते शुक्रवार को 18 होटलों को 25 नवंबर तक बंद करने के आदेश दिए थे।

न्यायाधीश अजय मोहन गोयल की बैंच ने शुक्रवार को होटल चायल, चंद्रभागा केलांग, खज्जियार, मेघदूत, लॉग होटल मनाली, कुंजम, भागसू, कैसल नागर और धौलाधार की खुले रखने की इजाजत दे दी है। इस दौरान कोर्ट ने 18 में से 9 होटलों को 31 मार्च तक खुला रखने की इजाजत दे दी है।

बता दें कि हाईकोर्ट ने एचपीटीडीसी के पेंशनर की याचिका पर सुनवाई करते हुए घाटे में चल रहे 18 होटलों को 25 नवंबर तक बंद करने को कहा था। एचपीटीडीसी के एमडी को इन होटलों को बंद करने संबंधी आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए कहा गया था।

इसके बाद राज्य सरकार ने कोर्ट के आदेशों में संशोधन का आग्रह किया था, इस पर आज फिर से सुनवाई हुई।

**कोर्ट ने बताया था सफेद हाथी :** कोर्ट ने घाटे में चल रहे इन होटलों को सफेद हाथी बताते हुए कहा, ऐसा करना इसलिए जरूरी है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पर्यटन निगम इनके रखरखाव में सार्वजनिक संसाधनों की बर्बादी न करें। ये होटल राज्य पर बोझ हैं। कोर्ट ने कहा, निगम अपनी संपत्तियों का उपयोग लाभ कमाने के लिए नहीं कर पाया है। इन संपत्तियों का संचालन जारी रखना राज्य के खजाने पर बोझ के अलावा और कुछ नहीं है और न्यायालय इस तथ्य का न्यायिक संज्ञान ले सकता है कि राज्य सरकार अदालत के समक्ष आए वित्त से जुड़े मामलों में दिन प्रतिदिन वित्तीय संकट की बात कहती रहती है।

### प्रदेश में एचपीटीडीसी के 56 होटल

प्रदेश में एचपीटीडीसी के कुल 56 होटल चल रहे है। मगर ज्यादातर होटल कई सालों से घाटे में है। इससे निगम अपने कर्मचारियों की सैलरी और पेंशनर को पेंशन नहीं दे पा रहा। पेंशनर के सेवा लाभ का मामला कोर्ट में भी विचाराधीन है। इसकी सुनवाई करते हुए अदालत ने यह फैसला सुनाया है।

# हिमाचल के ऊंचे इलाकों में आज बर्फबारी की संभावना

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला** हिमाचल के ऊंचाई वाले इलाकों में कल मौसम बदल सकता है। इसके चलते चंबा, लाहौल स्पीति, कांगड़ा और कुल्लू जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी का अनुमान है। प्रदेश के अन्य इलाकों में मौसम साफ रहेगा। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले तीन दिन मंडी और बिलासपुर जिलों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। जब तक बारिश नहीं होती, कोहरा लोगों को परेशान करता रहेगा। प्रदेश के लोग 52 दिनों से बारिश और बर्फबारी का इंतजार कर रहे हैं।

लेकिन अभी सूखे का दौर टूटने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 दिनों तक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ (डब्ल्यूडी) की संभावना नहीं है। इसके चलते लोगों को अभी सूखे से राहत मिलने के आसार नहीं है।

**पोस्ट-मानसून सीजन में 98 फीसदी कम बादल बरसे :** प्रदेश में बरसात बीतने के बाद यानी पोस्ट मानसून सीजन में सामान्य से 98 प्रतिशत कम बारिश हुई है। मानसून सीजन में भी इस बार सामान्य से 19 प्रतिशत कम बादल बरसे है। इससे सूखे जैसे हालात पैदा हो गए है। इसकी सबसे ज्यादा मार गेंहू उत्पादक किसानों पर पड़ी है।

नदी-नालों में पानी का स्तर कम होने लगा है। इससे गेंहू की बुवाई, बिजली उत्पादन और पेयजल योजनाओं में पानी कम होने लगा है। नदियों में पानी का स्तर घटने के कारण विद्युत उत्पादन गिर गया है।

### गेंहू की बुवाई नहीं कर पाए किसान

कृषि विभाग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, इस बार मुश्किल से 37 प्रतिशत जमीन पर गेंहू की बुवाई हो गई है। वहीं पर्वतीय क्षेत्रों में गेंहू की बुवाई का उचित समय 1 नवंबर और मैदानी इलाकों में 15 नवंबर को बीत गया है। जाहिर है कि इससे गेंहू के उत्पादन में कमी आएगी। लंबे ड्राइ स्पेल के कारण पेयजल स्त्रोत भी सूखने लगे है। इनमें पानी का स्तर कम होने लगा है। जल शक्ति विभाग ने फील्ड से सूखे के असर को लेकर रिपोर्ट तलब कर दी है।

# होटल वुड विला कांड का क्यों नहीं करते भाजपा नेता राजिंदर राणा खुलासा : सुरेश कुमार

अर्थ प्रकाश /शिल्पा शर्मा



**लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में पत्रकारों को संबोधित करते हुए भोरंज के विधायक सुरेश कुमार।**

**हमीरपुर।** पूर्व विधायक राजेंद्र राणा अब बेकार हो गए हैं लिहाजा बौखलाहट में आकर वह आए दिन कोई ना कोई उल्टी सीधी बयान बाजी करते रहते हैं । ज्ञानचंद को लेकर मुख्यमंत्री पर जो बयान वह आए दिन दे रहे हैं उसकी पहले उन्हें खुद सच्चाई पता होनी चाहिए । यह बात भोरंज के विधायक सुरेश शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कही। मुख्य संसदीय सचिव मामले पर उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में संबंधित विधायकों को राहत मिली है। विधायक सुरेश ने राणा को घेरते हुए हुए कहा कि ज्ञानचंद मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखते हैं और ऐसे सैकड़ो लोग रोजाना मुख्यमंत्री के साथ उनके इलाके के मिलते हैं इसका मतलब यह नहीं हो गया कि मुख्यमंत्री भी किसी ऐसे मामले को लेकर अपराधी हैं अगर ऐसा ही है तो राजेंद्र राणा आज तक वुड विला होटल कांड का खुलासा क्यों नहीं करते । उन्होंने कहा कि वहां भी उनके साथ महिलाएं देखी गई थी अब इस सारे मामले का क्या अर्थ निकाला जाए । राजेंद्र राणा को छोटी बातें नहीं करनी चाहिए। विधायक सुरेश ने कहा कि भाजपा में आज हर नेता नेतृत्व की लड़ाई लड़ने में लगा हुआ है । भाजपा प्रदेश में आर्थिक आपातकाल की बातें कर रही है लेकिन भाजपा नेताओं को पहले यह जान लेना चाहिए कि संविधान में आपातकाल का मतलब क्या होता है जब उन्हें संविधान का ही पता नहीं है तो वह लोगों को गुमराह क्यों कर रही है ।

# कर्नल संजय शांडिल ने गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल सोलन की उत्कृष्ठ शिक्षा के लिए सराहना की

अर्थ प्रकाश /यशपाल कपूर



**कक्षा प्री - नर्सरी से लेकर कक्षा पाँचवी तक के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉक्टर पी. के. खोसला भी उपस्थित रहे।**

**सोलन।** गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोलन के दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य अतिथि कर्नल संजय शांडिल ने कहा कि गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ठता और अनुशासन के साथ सराहनीय कार्य कर रहा है। मुख्य अतिथि ने विद्यालय के छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन स्कूल का एक बेहतरीन प्रयास है, इस प्रकार के कार्यक्रमों में सभी बच्चे एक अनूठी मुस्कान के साथ भाग लेते दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने विद्यालय के प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्या, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं की मेहनत की भी सराहना की । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से किया गया, जिसके बाद देवी वंदना प्रस्तुत की गई। आज के कार्यक्रम में कक्षा प्री - नर्सरी से लेकर कक्षा पाँचवी तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्री-नर्सरी और नर्सरी के बच्चों द्वारा स्वागत नृत्य किया गया। विद्यालय के छोटे बच्चों की अत्यधिक उत्साह के साथ प्रस्तुतियाँ देते देख सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही उन छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार दिए गए जिन्होंने विद्यालय के लिए जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में शूलिनी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉक्टर पी. के. खोसला भी सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के निदेशक सुनील गर्ग, दिनेश गर्ग और विद्यालय प्रबंधन समिति के अन्य गणमान्य सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## बैंक खातों के माध्यम से होगी भूतपूर्व सैनिकविधवाओं की पैशन

**ऊना (अप्रस)।** भूतपूर्व सैनिकों व सैनिक विधवाओं को राज्य सरकार द्वारा दी जानेवाली आर्थिक सहायता व पैंशन बैंक खाते के माध्यम से दी जाएगी। यह जानकारी देतेहुए जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त लै0 कर्नल एसके कालिया ने बताया कि इससेपहले यह पैंशन डाक द्वारा मनीआर्डर के रूप में राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाती थी। अबसरकार ने इन पैंशनभोगियों को पैंशन का भुगतान बैंक के माध्यम से करने कानिर्णय लिया है। इसलिए जिला ऊना से सम्बधित समस्त भूतपूर्व सैनिकों व वृद्धावस्थापेंशनधारकों से अपील की है कि वे अपना बैंक का खाता न0, आईएफएससी कोड व अपनामोबाइल न0 सहित उपनिदेशक, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, ऊना में उपलब्ध करवाएं ताकि भविष्य में पेंशन की राशिसीधे बैंक खाते में डाली जा सके।

# सुजानपुर बाजार में रेडीमेड की दुकान में आग



तीसरी मंजिल पर धुआं देख लोगों ने किया शोर; फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने पाया काबू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सुजानपुर।** हमीरपुर जिले के सुजानपुर मुख्य बाजार में रेडीमेड की दुकान में आग लग गई। शुक्रवार सुबह 11.45 बजे के करीब दुकान की तीसरी मंजिल से धुआं उठा। जिसे देखकर मौके पर फायर ब्रिगेड को बुलाया गया और आग पर काबू पाया गया। मुख्य बाजार स्थित दुकान की तीसरी मंजिल से जब लोगों ने धुआं देखा तो शोर मचा दिया। जिस पर दुकानदार के साथ अन्य लोग तीसरी मंजिल पर पहुंचे। लेकिन वहां पर आग फैली चुकी थी।जिसके तुरंत बाद फायर ब्रिगेड का सूचना दी। लोगों ने बताया कि तीसरी मंजिल बहुत फैल चुकी थी। जिससे वहां पहुंच पाना मुश्किल था। स्थानीय युवकों ने हिम्मत दिखाई और अंदर रखे समान को बाहर निकाला। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

# हताश और निराश है हिमाचल की कांग्रेस सरकार : अनुराग सिंह

अर्थ प्रकाश /शिल्पा शर्मा



**अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर कार्यालय पर स्थानीय निवासियों व पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट कर जनसमास्याओं की सुनवाई**

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने अपने हमीरपुर कार्यालय पर स्थानीय निवासियों व पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट कर जनसमास्याओं की सुनवाई की व अपने संसदीय क्षेत्र के ज़िला हमीरपुर में ÷जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति÷ दिशा कमेटी की बैठक के दौरान ज़िले में चल रहे विकास कार्यों पर सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की व इसके समुचित क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब देते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ÷ हिमाचल प्रदेश की मौजूदा कांग्रेस सरकार हताश और निराश है। सीपीएस का मामला कोर्ट में है और न्यायालय का जो निर्देश होंगे वह सब को सर्वमान्य होंगे। अगर आप हाईकोर्ट का निर्णय देखें तो स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि जो नियुक्तियां थी वह असंवैधानिक तौर पर थी और नियमों के अनुसार नहीं थी और राज्य के सरकार के करोड़ों रुपए इन सीपीएस की नियुक्तियों पर लगाए गए। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर सरकारी कर्मचारी अपने 8 के लिए भाग रहे हैं, पेंशनरों को समय पर पेंशन नहीं मिल पाती है, आम जनता के ऊपर कभी बिजली के दाम बढ़ा दिए कभी पानी पर सर चार्ज लगा दिया कभी पेट्रोल डीजल पर पेट्रोल का दिया। अब तो और तो और कई ऐसे अनेक निर्णय प्रदेश सरकार के हैं जिसके कारण दिखता है कि सरकार में हताशा और निराशा पूरी तरह से है÷

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि ÷ कांग्रेस सरकार अपने 2 वर्ष का कार्यकाल मनाने वाली है लेकिन इनके अपने ही सरकार के मंत्रियों को ही जानकारी नहीं है। और अगर कोई इनकी नाकामी पर सवाल खड़ा करता है तो इसका गुस्सा वो मीडिया कर्मियों पर भड़क कर निकालते हैं। ये सरकार ना जनभावनाओं पर ना ही अपने वादों पर खरी उतर पाई, और तो और कांग्रेस सरकार कार्यप्रणाली से आज हिमाचल की चारों ओर जगहंसाई हो रही है। कभी शौचालय पर टैक्स की बात, कभी समोसे की सीआईडी जाँच और अब हिमाचल भवन की कुर्की के आदेश से साफ़ है कि ये सरकार पूरी तरफ़ दिशाहीनता व दिवालियापन की शिकार हो चुकी है।

# आईटीआई रामपुर बुशहर व निरमंड में 25 व 26 नवंबर को बेरोजगार युवाओं के लिए लगेगा रोज़गार मेला

**कैंपस इंटरव्यू में देश की नामी कंपनी प्रदान करेगी रोज़गार के अवसर**

अर्थ प्रकाश /आत्मा सिंह

**रामपुर बुशहर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) रामपुर बुशहर के प्रिंसिपल एम. याकूब अली ने आज यहां जारी प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि 25 नवंबर को आईटीआई रामपुर बुशहर में व 26 नवंबर को आईटीआई निरमंड में देश की नामी कंपनी वर्धमान टेक्सटाइल्स लिमिटेड की बद्दी स्थित इकाई ऑरू टेक्सटाइल्स द्वारा फिटर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, कोपा,एसओटी, सिलाई प्रौद्योगिकी व्यवसाय में आईटीआई पासआउट/ड्रॉपआउट तथा 10वीं, 12वीं पास लड़के/लड़की उम्मीदवारों के लिए कैम्पस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है।उम्मीदवार की आयु 18 से 26 वर्ष के बीच होनी चाहिए। साक्षात्कार का समय सुबह 10 बजे है।इसके अंतर्गत कम्पनी लगभग 100 उम्मीदवार चयनित करेगी। इच्छुक उम्मीदवार कैम्पस इंटरव्यू मे भाग लेने हेतू नीचे दिए गए दस्तावेजों के साथ आईटीआई रामपुर बुशहर में 25 नवंबर को व 26 नवंबर को आईटीआई निरमंड में सुबह 10 बजे उपस्थित हों। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार में शामिल होने वाले प्रत्येक उम्मीदवार अपने साथ 10वीं,12वीं के सर्टिफिकेट/मार्कशीट की मूल प्रतियां और 2 फोटो कॉपियां, आईटीआई सर्टिफिकेट/मार्कशीट की मूल प्रतियां और 2 फोटो कापियां,लोक मित्र केंद्र/सुविधा केंद्र से अपने आधार कार्ड के नवीनतम प्रिंटआउट व 4 पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आएं।चयनित होने वाले प्रत्येक उम्मीदवार को वेतन-भतों के रूप में प्रति माह 13064 रूपए मासिक वेतन के रूप में तथा सरकार व कम्पनी की पालिसी के अनुसार पीएफ, ईएसआई,बोनस तथा ग्रेच्युटी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा चयनित उम्मीदवारों को 390 रूपए प्रतिमाह पर आवासीय सुविधा भी कंपनी द्वारा प्रदान की जाएगी।

# शनिवार-रविवार को तीव्र सदस्यता अभियान चलाकर दो दिन में 20 लाख सदस्य बनाएगी भाजपा

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के 316 मंडलों पर होंगे चाय के कार्यक्रम, प्रत्येक कार्यकर्ता 10 परिवारों को पार्टी से जोड़ेगा
- ज्यादा सदस्य बनाने वाले को मिलेगा महत्व
- प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली के पास प्रदेश के सभी जिलों से रोजाना पहुंच रही रिपोर्ट



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** भाजपा का सदस्यता अभियान हरियाणा में जोरों पर है और अब तक लगभग 12 लाख का आंकड़ा छू भी लिया है। अब भाजपा 23 और 24 नवंबर को विशेष तीव्र अभियान चलाकर 20 लाख लोगों को दो दिनों में पार्टी से जोड़ेगी। इन दो दिनों तक चलने वाले अभियान पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली की कड़ी नजर रहेगी। मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष समेत तमाम बड़े नेता पर्यवेक्षक के रूप में हर जिले में मौजूद रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष का दावा है कि हम जल्द ही 50 लाख का आंकड़ा पार करेंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा के 20 हजार 629 बूथों पर कार्यकर्ताओं को 250 लोगों को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य दे रखा है। हमारे कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को पार्टी से जोड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि 23 और 24 नवंबर को प्रदेश के 316 मंडलों पर कार्यकर्ताओं के साथ चाय के कार्यक्रम होंगे। पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता 10-10 घरों में जाकर लोगों को पार्टी की नीतियां बताएंगे और भाजपा से जोड़ेंगे। इन दो दिनों में अब तक जितने सदस्य बनें है उसकी समीक्षा भी होगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का ध्येय वाक्य है, देश प्रथम, पार्टी द्वितीय और हम या हमारा परिवार बाद में। इसी मंत्र पर भाजपा के कार्यकर्ता सदस्यता अभियान में जुटे हैं। मोहनलाल बडौली ने दावा करते हुए कहा कि हरियाणा में 50 लाख से अधिक लोग भाजपा से जुड़कर एक रिकार्ड बनाएंगे। कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि सक्रिय सदस्य बनने के लिए सभी को आगे आकर कार्य करना जरुरी है। जो भी भाजपा से जुड़ना चाहते सभी को सदस्य बनाने के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश भी हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दो दिवसीय सदस्यता के सघन अभियान के प्रवास के दौरान भाजपा के नेता अभियान में जुटे कार्यकर्ताओं के घर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि दो दिनों के विशेष अभियान के बाद भी सदस्यता अभियान जारी रहेगा और हम कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर 50 लाख का आंकड़ा सफलतापूर्वक पार कर लेंगे।

### सांसदों, विधायकों और चुनाव लड़ें प्रत्याशियों पर पार्टी की विशेष नजर

50 लाख सदस्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वैसे तो भाजपा का हरेक कार्यकर्ता जुटा है, लेकिन इस अभियान में सबसे ज्यादा जिम्मेदारी सांसदों, विधायकों और चुनाव लड़ें प्रत्याशियों की है। सांसदों को 30 हजार, विधायकों को 20 हजार का लक्ष्य दिया हुआ है। मुख्यमंत्री नायब सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने सभी को जल्दी अपना लक्ष्य पूरा करने के लिए कहा है। इसके अलावा विभिन्न विभागों के चेयरमैन व राजनीतिक दायित्व वाले सभी कार्यकर्ताओं को भी सदस्य संख्या बढ़ाने वाले अभियान में हिस्सा लेने के लिए बोला गया है। प्रदेश के मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि सदस्यता अभियान की रोजाना की रिपोर्ट जिलों से प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली के पास पहुंच रही है। सदस्यता अभियान के संयोजक वेदपाल एडवोकेट सभी जिला अध्यक्षों और प्रदेश पदाधिकारियों से रोजाना बात कर रोजाना की रिपोर्ट लेते हैं।

### संगठन में बड़े पद देने के साथ सम्मानित भी किए जाएंगे कार्यकर्ता

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सदस्यता अभियान के बाद सक्रिय सदस्य बनाने का काम शुरू किया जाएगा। सक्रिय सदस्य बनाने लिए टीम गठित कर दी गई है। इस टीम में शंकर धूपड़ और प्रतिभा सुमन समेत पांच नेताओं को जिम्मेदारियां दी हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के जो भी कार्यकर्ता दिए गए तय लक्ष्य से अधिक लोगों को भाजपा परिवार में शामिल करेंगे उन्हें सम्मानित करने के साथ-साथ संगठन में दायित्व देते समय भी उनका ध्यान रखा जाएगा।

## एचएसजीपीसी के चुनावों के लिए बनाया सुविधा केंद्र
# मतदाता सूची के लिए टारगेट रखा पांच लाख मतदाता : पन्नू

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन



**करनाल, 22 नवंबर।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के आगामी चुनावों की वोट बनवाने के लिए आज डेरा कार सेवा में एक सुविधा केंद्र की शुरुआत की गई। हरियाणा सिख एकता दल की और से बाबा सुखा सिंह के सहयोग से शुरू किए गए इस सुविधा केंद्र में करनाल जिला के सभी वार्डों की गुरुद्वारा चुनाव के लिए वोट बनवाने में सहयोग किया जाएगा। हरियाणा सिख एकता दल की और से जगतार सिंह सुबह 10 बजे से 5 बजे तक इस सुविधा केंद्र में उपलब्ध रहेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए हरियाणा सिख एकता दल की और से प्रीतपाल सिंह पन्नू, जगदीप सिंह औलख, गुरतेज सिंह खालसा व अमृत पाल सिंह बुग्गा ने बताया कि इन चुनावों के लिए दस गुरु साहिबान व गुरु ग्रंथ साहिब में ही आस्था रखने वाले केस धारी सिख अपनी वोट बनवा सकते हैं। एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु के सभी सिख गुरुद्वारा चुनाव के लिए वोट बनवाकर अपने मत का प्रयोग कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों हरियाणा सिख एकता दल के डेलीगेशन के साथ हुई बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री व गुरुद्वारा चुनाव के आयुक्त जस्टिस (रिटायर्ड जज) एच एस भल्ला ने जनवरी तक चुनाव करवाने का वायदा किया था व विगत दिनों हरियाणा विधान सभा में भी मुख्यमंत्री ने चुनाव जल्दी करवाने की बात दोहराई थी। अभी तक हरियाणा गुरुद्वारा चुनाव के लिए लगभग तीन लाख वोट बनाये गए हैं जो सिखों की हरियाणा में वास्तविक संख्या से बहुत कम हैं। प्रीतपाल सिंह पन्नू ने कहा कि हर सिख को आगे आकर वोट जरूर बनवानी चाहिए क्योंकि यह हमारे अस्तित्व और पहचान के लिए बेहद जरूरी है। लोकतंत्र में किसी भी समुदाय की गिनती उसके व उसकी आने वाले पीढ़ी के अच्छे भविष्य के लिए अहम भूमिका निभाती है। जगदीप सिंह औलख ने कहा कि बाबा सुखा सिंह के सहयोग से शुरू लिया गया यह सुविधा केंद्र हर प्रकार की पार्टी बाजी व धड़ेबन्दी से ऊपर उठकर आम संगत की सुविधा के लिए है। उन्होंने अपने ऐलान को फिर दोहराया कि हरियाणा सिख एकता दल न तो चुनाव लड़ेगा न ही लड़वाएगा लेकिन केवल सेवा भाव से सिख संगत की ज़्यादा से ज़्यादा वोट बनवाने व सिख हकों की पूर्ति के लिए कार्य करता रहेगा। अमृत पाल सिंह बग्गा ने फ़ार्म दिखाते हुए कहा कि करनाल जिला की गुरुद्वारा कमेटियां, सिख संस्थाएं व सिख नौजवान यहाँ से फ़ार्म ले जायें व हर फ़ार्म के साथ आवेदक की एक फोटो व आधार कार्ड की कॉपी लगाकर अपने एसडीएम कार्यालय अथवा डेरा कार सेवा में जमा करवा दें। गुरतेज सिंह खालसा ने बताया कि हरियाणा सिख एकता दल द्वारा आज पहले सुविधा केंद्र की शुरुआत की गई है व जल्दी ही हरियाणा के अन्य जिलों में भी ऐसे केंद्र शुरू किए जाएँगे। इस अवसर पर इंद्रजीत सिंह बांसा, मनजीत सिंह सोनी, मनिंदर सिंह बब्बू, शमशेर सिंह मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक ने पेड़ पर फंदा लगाकर की आत्महत्या

**घरौंडा (अप्रस/रविन्द्र गिरि)।** घरौंडा के नगला मेगा-अमृतपुर रोड पर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। 22 वर्षीय मनीष पुत्र केहर सिंह ने संदिग्ध हालात में पेड़ पर फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक मोहदीनपुर गांव का रहने वाला था। सुसाइड के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो पाया है। मंगलौरा पुलिस मौके पर पहुंच गई और एफएसएल टीम की मौजूदगी में शव को पेड़ से नीचे उतारा गया और पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि युवक ने पेड़ पर चढ़कर फंदा लगाया हुआ था। युवक के जूते पेड़ के नीचे निकले हुए पाए गए हैं। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मनीष के आत्महत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। मंगलौरा चौकी प्रभारी रोहतास ने बताया कि परिजनों के बयानों के आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है। इस घटना से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए और मनीष के परिजन भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।

### बारना के शहीद को आज श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे ग्रामीण

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** वर्ष 2001 में जम्मू कश्मीर के कारगिल क्षेत्र में कनपटी



पर गोली लगने से शहीद हुए गांव बारना निवासी सुरेंद्र कुमार की याद में 23 नवंबर दिन शनिवार को उमंग समाजसेवी संस्था द्वारा आज शहीद सुरेंद्र कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष देवीलाल बारना ने बताया कि श्रद्धांजलि समारोह में जिला परिषद के वाईस चेयरमैन डीपी चौधरी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगें। वहीं वरिष्ठ समाजसेवी जयकुमार शर्मा अध्यक्षता करेंगें। इनके अलावा गांव के सरकारी स्कूल में पढकर देश विदेश में नाम कमाने वाले इफको के पूर्व डीजीएम मांगेराम और साफ्टवेयर इंजिनियर व मोटिवेशनल स्पीकर राम नारायण मुख्य वक्ता के रूप में बच्चों में हौंसला जागृत करने का काम करेंगें। इस दौरान मेधावी छात्रों को पं. भिक्षा राम वेदवेदांगाचार्य सम्मान से पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होने बताया कि उमंग संस्था द्वारा 24 नवंबर दिन रविवार को बारना के ग्राम सचिवालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगें। शिविर में युवा रक्तदान कर शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगें व आयुष विभाग की ओर से आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा जिसमें मरीजों का चैकअप कर दवाईयां फ्री दी जाएंगी।

### नॉन मेडिकल की छात्रा आरती ने किया पहला स्थान प्राप्त



**मुलाना (अप्रस/सचिन मलिक)।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुलाना से कक्षा 11 वीं व 12 वीं के छात्रों ने अंबाला कॉलेज ऑफ इंजिनियरिंग एंड अप्लाइड रिसर्च मीठापुर अंबाला में आयोजित ऑनलाइन साइंस एंड कंप्यूटर एग्जीबिशन में भाग लिया । जिसमें आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुलाना से 12 कक्षा नॉन मेडिकल की छात्रा आरती ने पहला स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। आयोजकों ने विजेता को पुरस्कारित किया। वहीं विद्यालय प्रधानाचार्य रतन कुमार ने आरती को शुभकामनाएं प्रेषित की। मौके पर साइंस नोडल ऑफिसर निधि सरालाच पीजीटी केमिस्ट्री, पीजीटी सीमा राणा, कंप्यूटर टीचर बलराम धीमान मौजूद रहे।

### विद्यालय में लगाए 200 फूलदार पौधे



**पुंडरी (अप्रस/कृष्ण प्रजापति)।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुंडरी में आज पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य गिरधारी लाल शर्मा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में लगभग 200 फूलदार पौधे लगाए गए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुनील दत्त ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय परिसर में तीसरी बार फूलदार पौधों का रोपण किया गया है। उन्होंने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यालय के वातावरण को हरा-भरा और सुंदर बनाना है। प्रधानाचार्य गिरधारी लाल शर्मा ने फूलदार पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये न केवल पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाते हैं, बल्कि परोपकारी जानवरों को भी आकर्षित करते हैं। उन्होंने कहा कि फूलों का उपयोग पूजा, त्योहार और सजावट के लिए किया जाता है। साथ ही, फूलों में पाए जाने वाले पोषक तत्व जैसे कैरोटीनॉइड, फ्लेवनोइड्स, विटामिन और औषधीय गुण स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं। उन्होंने सदाबहार पौधों के औषधीय गुणों का भी विशेष उल्लेख किया।

## जिला भर में विकास कार्यों में और आएगी तेजी चुनावी वादे भी होंगे साकार : जगमोहन आनंद

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन

**करनाल, 22 नवंबर।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि जिला में विकासकार्यों में और तेजी लाई जाएगी। इसको लेकर निरंतर जिला के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार लगातार लोकहित के फैसले ले रही है। प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कृतसंकल्प है और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार सभी वर्गों को साथ लेकर करनाल जिला को और आगे ले जाने का काम करेगी।



विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि करनाल जिला को सुंदर बनाने के लिए और बेहतर प्रयास किए जाएंगे। इसको लेकर पिछले दिनों नगर निगम की बैठक में अधिकारियों को प्लॉनिंग बनाने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके साथ-साथ शहर में पानी निकासी, सड?ों व नगर निगम से जुड़ी समस्याओं का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के अंतर्गत शहर में करोड़ों रुपये के विकास कार्य चल रहे हैं। इन्हें भी और तेजी से आगे बढ़ाने के लिए कार्य कि जाएगा। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि हरियाणा सरकार बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कर रही है। आगे भी इसी नीति पर विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जाएगा।

## पुलिस टीम के साथ हाथापाई व सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में आरोपी मां-बेटा गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा, 22 नवंबर।** समालखा थाना की समालखा चौकी पुलिस टीम ने पुराना बस अड्डा के नजदीक ट्रैफिक पुलिस टीम के साथ ड्यूटी के दौरान हाथापाई करने व सरकारी कार्य में बाधा डालने मामले में नामजद आरोपी मां बेटा को वीरवार को शामिल जांच कर गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान कैशव व गीता निवासी जौरासी के रूप में हुई।

समालखा चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर जितेंद्र ने बताया कि मामले में दोनों आरोपी माननीय न्यायालय से अग्रिम जमानत पर है। इंचार्ज सब इंस्पेक्टर जितेंद्र ने बताया कि ट्रैफिक जोन समालखा में तैनात ईएचसी सुनील ने थाना चौकी में शिकायत देकर बताया था कि 30 अक्तूबर को सुबह करीब 11:30बजे वह ईएएसआई कर्मबीर, ईएचसी तेजेंद्र, होमगार्ड मनोज व होमगार्ड सोमदत के साथ समालखा पुराना बस अड्डा के नजदीक फ्लाई ओवर पुल के नीचे वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान फुटपाथ के उपर से बगैर नबंर प्लेट एक बाइक सवार युवक आया। जिसको रूकने का इशारा किया युवक ने टक्कर मारने की नीयत से बाइक उनकी तरफ कर दी और अनियंत्रित होकर गिर गया।

युवक ने अपना नाम कैशव पुत्र सरोज निवासी जौरासी खास बताया। उन्होंने युवक की बाइक का 500 रूपए को चालान कर दिया। युवक कहने लगा चालान का जुर्माना कैश कर दो वह पमेंट कर रहा है। बाद में युवक ने फोन कर अपनी मां व दो तीन लड़कों को बुला लिया।

मां के साथ दो तीन अन्य लड़के आए और गाली गलौच करने लगें। उन सभी ने ईएचसी तेजेंद्र का मोबाइल छीनकर सड़क पर गिराकर तोड़ दिया। होमगार्ड मनोज ने पूरी घटना की वीडियों अपने फोन में बना ली। मां बेटे व उनके साथ आए लड़कों ने गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। वहा से गुजरने वाले राहगिरों ने बिच बचाव किया। और ना ही जुर्माना के पैसे दिए। थाना समालखा में ईएचसी सुनील की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ अभियोग दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई थी।

### दा फूड ग्रेन डीलर एसोसिएशन कार्यकारिणी का किया गठन

**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** दा फूड ग्रेन डीलर एसोसिएशन उचाना नवनियुक्त प्रधान विकास नचार द्वारा 21 सदस्यों की कार्यकारिणी का गठन किया गया। नचार ने जानकारी देते हुए बताया कि साहिल बंसल को कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया है। रामनिवास बुडायन, सुशील जैन, सुरेश जैन, वेदप्रकाश घसो, राजेश जैन, शमशेर सिंह, जगदीप बंसल मखंड, सतपाल अत्री, संदीप चौधरी, सतबीर शर्मा, कुलदीप श्योकंद, अशोक खटकड़ छापड़ा, कृष्ण गिल अलीपुरा, रमेश नंबरदार मखंड, राजेश अलीपुरा, अनूप सहरावत, पूर्व सरपंच बृजेंद्र घोघडि?ा, फूल कुमार शर्मा अलीपुरा, दिलबाग माजरा को कार्यकारिणी का सदस्य मनोनित किया गया है। नचार ने कहा कि सभी से सलाह-मश्वरा करके कार्यकारिणी का गठन किया गया है। आढ़तियों, किसानों को किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। जो-जो मांग आढ़तियों, किसानों की होगी उनको संबंधित अधिकारियों से मिलकर दूर करवाने का काम किया जाएगा।

## शिव नगरी काशी के कोतवाल कहे जाते हैं काल भैरव : राजेश
### जय मां दुर्गा-जय श्री महाकाल ट्रस्ट द्वारा भैरव अष्टमी महायज्ञ का आयोजन

अर्थ प्रकाश/अर्पण वधवा



**कुरूक्षेत्र, 22 नवंबर।** जय मां दुर्गा-जय श्री महाकाल ट्रस्ट द्वारा शुक्रवार को भैरव अष्टमी महायज्ञ आरम्भ हुआ। पवित्र मार्गशीर्ष माह और भैरव अष्टमी के उपलक्ष्य में ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित राजेश मौदगिल के मार्गदर्शन में धर्मनगरी में पहली बार कालेश्वर महादेव मंदिर के समीप मां बाला सुंदरी त्रिपुरेश्वरी श्री दुर्गा देवी यज्ञशाला मंदिर में यह अनुष्ठान शुरू हुआ जिसमें काशी,उज्जैन,हरिद्वार और कुरुक्षेत्र के 108 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा यजमानों से आहुतियां डलवाई गई। यज्ञाचार्य पंडित हरीश गोंदिया और अभिषेक कुश ने बताया कि यज्ञ आरंभ से पूर्व क्षेत्रपाल पूजन,प्रायश्चित कर्म,पंचांग,योगिनी, वास्तु एवं नवग्रह पूजन किया गया। तत्पश्चात ब्राह्मणों को तिलक लगाकर वर्ण प्रदान किए गए। इस दिव्य अनुष्ठान में 41 ब्राह्मणों द्वारा काल भैरवाष्टक पाठ,21 ब्राह्मणों द्वारा अघोर यज्ञ,11 ब्राह्मणों द्वारा लघु रुद्र पाठ,11 ब्राह्मणों द्वारा चंडी यज्ञ और 31 ब्राह्मणों द्वारा भैरव यज्ञ में यजमानों से आहुतियां दिलवाई गई। पंडित राजेश मौदगिल ने काल भैरव की पूजा का महत्व बताते हुए कहा की इनकी उपासना से भय,पाप और बुरी शक्तियों का नाश होता है। काशी के कोतवाल कहे जाने वाले काल भैरव की काशी में विशेष आराधना होती है और प्रत्येक मंगलवार व शनिवार को भैरव भक्त उन्हें प्रिय वस्तु नारियल,काले उड़द और काले तिल इत्यादि अर्पित करते हैं। मान्यता है कि इनके भक्तों का अनिष्ट करने वालों को तीनों लोकों में कोई शरण नहीं दे सकता। महायज्ञ में आचार्य आशु भार्गव, गोपाल शर्मा, शिव प्रकाश शर्मा, अंकुश गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, विकास सिंगला, रघुवीर सैनी, नरेश सैनी, गोपाल कृष्ण मित्तल, बरखा राम, नवनीत, दिलबाग सिंह, उग्र सिंह, देवेन्द्र शर्मा और शिवकुमार आदि यजमान परिवार सहित शामिल हुए।

### स्वच्छ क्षय अभियान के तहत किया छात्राओं का हेल्थ चेकअप

**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** प्रधानमंत्री के स्वच्छ क्षय अभियान के तहत जींद सिविल अस्पताल की टीम ने बीरेंद्र सिंह कॉलेज आफ नर्सिंग का दौरा किया। 103 छात्राओं के हेल्थ चेकअप के टेस्ट लिए। हॉस्टल में रह रही छात्राओं और जिन छात्राओं को एक सप्ताह से ज्यादा खांसी थी उनके एक्सरे, बीपी, एचबी सहित अन्य टेस्ट किए। सभी छात्राओं का पूर्ण हेल्थ चेकअप भी कराया गया। डॉ. विक्रम सिंह ने कहा कि इस अभियान के तहत 2025 तक भारत को क्षय रोग मुक्त करना है जिसके लिए पूरे भारत में 100 दिन का यह प्रोग्राम चलाया गया है। प्रिंसिपल डॉ. बाबा वजराला एवं स्टॉफ का सहयोग रहा। इस मौके पर प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. विक्रम सिंह, एसटीएस जगबीर चहल, एचआई जगबीर सिंह, एमओ डॉ. रेखा, रेडियोलॉजी ऑफिसर संदीप, सावन कुमार, नर्सिंग ऑफिसर सोनिया, फार्मासिस्ट नवीन, लैब टेक्नीशियन राकेश, धनंजय, अनिल कुमार, उचाना हॉस्पिटल कम सीएचसी से सत्यवान हेल्थ वर्कर मौजूद रहे।

## जनसंचार में थ्योरी के साथ व्यवहारिक प्रशिक्षण जरूरी : प्रो. सिन्हा

- जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने सेवा भारती पर वृत्तचित्र की शूटिंग शुरू की

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया

**जींद, 22 नवंबर।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने सेवा भारती के भिवानी रोड स्थित सेवा केंद्र पर वृत्तचित्र का फिल्मांकन शुरू किया । जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एस. के. सिन्हा ने बताया कि जनसंचार का मतलब ही एक साथ बड़े स्तर पर मीडिया के किसी माध्यम द्वारा जनता से संवाद करना है और जनसंचार की विषय में कई थ्योरी तो बच्चे पढ़ते हैं पर इसके साथ व्यवहारिक कौशल होना बहुत जरूरी है क्योंकि सिर्फ थ्योरी से यह पता चलता है कि काम को कैसे करना है और प्रैक्टिकल करके उस काम में विशिष्टता लाई जा सकती है।

इसी अनुरूप में जनसंचार विभाग के सहायक प्राध्यापक दीपक अरोड़ा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने सेवा भारती के भिवानी रोड स्थित सेवा केंद्र पर डॉक्यूमेंट्री की शूटिंग शुरू की है जिससे विद्यार्थी वृत्तचित्र बनाने की कला और कैमरा को नियंत्रित करने के बारे में सिख रहे हैं और हमारा लक्ष्य यही है कि बच्चे अधिक से अधिक मात्रा में व्यवहारिक प्रशिक्षण कर सकें क्योंकि प्रैक्टिकल कार्य करने से विद्यार्थी उसे आसानी से नहीं भूल सकते और यह डॉक्यूमेंट्री विश्व संवाद केंद्र, हरियाणा द्वारा सेवा भारती विषय पर आयोजित वृतचित्र और रील प्रतियोगिता में भेजी जाएगी और प्रो. एस. के. सिन्हा ने ज्यादा से ज्यादा ऐसे विषयों पर डॉक्यूमेंट्री बनाने के लिए बच्चों को प्रेरित किया।

## देश में एकता और भाईचारा मजबूत करने के लिए काम कर रहा अल्पसंख्यक आयोग : लालपुरा

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन

**करनाल, 22 नवंबर।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा शुक्रवार को करनाल पहुंचे। उन्होंने सर्वप्रथम पीडब्लूडी विश्राम गृह में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके उपरांत निजी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने शामगढ़ में सिख समुदाय के एक कार्यक्रम में भी शिरकत की। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि देश में एकता और भाईचारा मजबूत करने के लिए अल्पसंख्यक आयोग कार्य कर रहा है। अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने कहा कि आयोग का मुख्य मकसद असुरक्षा, अन्याय और असमानता को लेकर कार्य करना है। कोई भी अल्पसंख्यक देश में असुरक्षा महसूस न करे, किसी के साथ कोई अन्याय न हो इसके साथ-साथ सभी के साथ समान व्यवहार हो, कोई भेदभाव न हो। उन्होंने कहा कि देश में सभी का भाईचारा स्थापित हो, इसके लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। मेधावी छात्रों की की जाती है मदद राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने कहा कि प्रत्येक भारतीय के लिए शिक्षा बेहद जरुरी है। हमें राइट टू एजुकेशन का अधिकार है। 8वीं तक की शिक्षा कोई भी छात्र मुफ्त ग्रहण कर सकता है। वहीं बात करें तो इससे आगे की शिक्षा के लिए जो भी अल्पसंख्यक समाज के मेधावी बच्चे हैं, उनकी मदद के लिए अल्पसंख्यक आयोग आगे रहता है। आयोग निरंतर अल्पसंख्यक समाज से जुड़ी स्कीमों की जागरूकता फैलाता है। केंद्र के साथ-साथ राज्य सरकारों द्वारा भी अलग-अलग स्कीम का क्रियान्वन किया जाता है। उन्होंनें जिला अधिकारियों को जिला में सर्व धर्म सभा संवाद करने के भी निर्देश दिए। बैठक में करनाल के एसडीएम अनुभव मेहता, जिला कल्याण अधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## देश व प्रदेश को बेहतर बनाने के लिए अपनी आप से करें शुरूआत : प्रीति
### डीसी प्रीती, एसपी राकेश कालिया तथा अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबू लाल करवा ने किया जिला युवा महोत्सव का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/विनीत गर्ग

**कैथल, 22 नवंबर।** कैथल की डीसी प्रीति ने कहा कि देश व देश व प्रदेश को बेहतर बनाने की शुरूआत अपने आप से करें। डीसी प्रीति शुक्रवार को राजकीय आईटीआई कैथल में दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थी।

उन्होंने कहा कि हमें स्वामी विवेकानंद से सीख लेते हुए अपने व्यक्तित्व को उंचा उठाना चाहिए। जिंदगी भले ही छोटी हो लेकिन श्रेष्ठ हो। युवाओं को चाहिए कि वे स्वामी विवेकानंद के सीख लेकर जीवन में आगे बढें।

उन्होंने कहा कि हमें बडे सपने देखने चाहिए तथा उनको पूरा करने के लिए सोशल मीडिया से दूर रहकर तैयारी करनी चाहिए।

एसपी राजेश कालिया ने कहा कि युवा को अपनी ताकत सही दिशा में लगानी चाहिए। एसपी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम तथा खेलों के माध्यम से युवा वर्ग को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है।




इस प्रकार के कार्यक्रम करवाए जाते रहने चाहिए। उन्होंने युवा वर्ग को साइबर क्राइम से बचना चाहिए। उन्होंने सभी को यातायात नियमों की पालना करने का आह्वान किया।

अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबू लाल करवा ने कहा कि जिला युवा महोत्सव के माध्यम से जिला भर के युवाओं को अपनी प्रतिभा का मंचन करने का अवसर मिला। युवा महोत्सव का सफल मंच संचालन मीनाक्षी तथा रणधीर सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त प्रीति, अतिरिक्त उपायुक्त तथा एसपी ने राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता, राज्य युवा पुरस्कार तथा विजेता रहे प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

साइंस मेले में प्रथम प्रदीप, हिमानीश नंदा द्वितीय तथा वमन तृतीय रहा। फोटोग्राफी में महवीश प्रथम, प्रिंस द्वितीय तथा यश तृतीय रहे। पेंटिंग में रवीना प्रथम, हर्शप्रीति द्वितीय तथा आकाश तृतीय रहे। कविता लेखन में कोमल प्रथम, खुशी द्वितीय तथा स्मृति व संजना तृतीय रहे। कहानी लेखन में नैंसी प्रथम, स्नेहा द्वितीय तथा नीशू तृतीय रहे। सोलो सांग में साकेत प्रथम, सीमा द्वितीय तथा सिमरन तृतीय रहे। लोक नृत्य एकल में राकेश प्रथम, पायल द्वितीय रहे। अप्रतियोगिता में पूर्णिमा ग्रुप प्रथम, दैविक ग्रुप द्वितीय तथा कीर्तिमान ग्रुप तृतीय रहे। भाषण प्रतियोगिता साक्षी प्रथम, हिमानी द्वितीय तथा नूर गांधी तृतीय रहे। साईंस मेला एकल में देवांश प्रथम रहे। लोक नृत्य ग्रुप में रिंदिमा ग्रुप प्रथम, तनवी शर्मा ग्रुप द्वितीय तथा मनीता ग्रुप तृतीय रहे।

सुभाष शर्मा, अनिल भारती, वैशाली, श्याम सुंदर शर्मा, रमेश सिंह, रविंद्र कुमार, अमरजीत, डा. मोनिका जाखड, मामला राम, डा. प्रद्युमन भल्ला, अरूणा, बीरबल सिंह, परमजीत कौर, अश्वनी कुमार, रूपा शर्मा, डा. विजय चावला, संदीप कुमार, नरेश कुमार, निशांत कुमार, सुनीता गुलाटी, डा. पूनम, डा. नीलम शामिल थे। जिला युवा समन्वयक अधिकारी ने कार्यक्रम सफलता के लिए सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी दीक्षा मिश्रा, अधीक्षक सोहन लाल, गुरांदत्ता, कर्मबीर, राजबीर, सुरेंद्र सिंह, शमशेर सिंह, अनिल धीमान, अनिल ढुल, संजीव कुमार, कर्मचंद, सतीश कुमार, कर्मबीर, निशांत दांगी आदि उपस्थित थे।

# रेलवे और गतिशक्ति : एक अजेय साझेदारी

एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली ने संयुक्त रूप से 26 शतक लगाकर एक शानदार जोड़ी बनाई थी। जिस तरह क्रिकेट के मैदान पर इन दोनों खिलाड़ियों का दबदबा था, उसी तरह भारतीय रेलवे और पीएम गतिशक्ति-नेशनल मास्टर प्लान (पीएमजीएस-एनएमपी) के बीच की साझेदारी भारत के बुनियादी ढांचे के विकास में मांग के अनुरूप एक परिवर्तनकारी (गेम-चेंजर) भूमिका निभा रही है।

यह परिवर्तनकारी दृष्टिकोण विभिन्न विभागों, मंत्रालयों, राज्यों और केन्द्र-शासित प्रदेशों के बीचमौजूद अवरोधों को तोड़ने की सुविधा प्रदान करता है। गतिशक्ति अब बुनियादी ढांचे की योजना बनाने और निर्णय लेने की आधारशिला है। इसका कार्यान्वयन इस राष्ट्रीय परिवाहक (ट्रांसपोर्टर) के मंडल-स्तरीय निर्माण संगठनों तक फैला हुआ है। इसके माध्यम से, रेलवे ने पीएमजीएस के संचालन के दो प्रमुख तत्वों - संस्थागत ढांचे और भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) के डेटा-आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म को पूरी तरह से आत्मसात कर लिया है।

जहां गतिशक्ति गांगुली की कलात्मकताएवं दृढ़ नेतृत्व को प्रदर्शित करती है, वहीं रेलवे, तेंदुलकर की अनुकूलनशीलता की तरह, विविध चुनौतियों का कुशलता से सामना करता है।

इस एकीकृत दृष्टिकोण ने बुनियादी ढांचा से जुड़े मंत्रालयों और रेलवे ज़ोन के बीच समन्वय को उल्लेखनीय तरीके से बेहतर बनाया है, जिससे परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करने में तेजी आई है। इस पहल ने परियोजनाओं के सर्वेक्षण को मंजूरी देने मेंआम तौर पर लगने वाले 4-5 महीनों के समय को घटाकर केवल सात दिन कर दिया है। इससे पूरे रेलवे नेटवर्क की दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2022-23 के दौरानकुल 458 परियोजनाओं के सर्वेक्षणों को मंजूरी दी गई, जबकि पहले यह संख्या लगभग 50 ही थी।

जहां रेलवे ने ऐतिहासिक रूप से अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय किया है, वहीं पीएमजीएस के माध्यम से उन्नत डिजिटल प्लेटफार्मों एवं वास्तविक समय में निगरानी का लाभ उठाते हुए परिवहन के विभिन्न साधनों के एकीकरणने भारत के बुनियादी ढांचे के इकोसिस्टम में क्रांति ला दी है। विभिन्न रेलवे जोन, विभागों और क्षेत्रों के बीच बेहतर समन्वय के माध्यम से, पीएमजीएस अब बुनियादी ढांचे से संबंधित समग्र योजना निर्माण एवं कार्यान्वयन का एक आदर्श मॉडल बन गया है।

पीएमजीएस का सबसे व्यापक प्रभाव विभागीय अवरोधों को तोड़ना है। परंपरागत रूप से, सात अलग-अलग विभाग रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर स्वतंत्र रूप से काम करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप अनावश्यक देरी और अक्षमताएं पैदा होती हैं। अंतर-विभागीय संवाद को बढ़ावा देने और डिजिटल प्लेटफार्मों का लाभ उठाने से, परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान करने में तेजी आई है और नौकरशाही से जुड़ी अनावश्यक बाधाएं समाप्त हो गई हैं।

पीएमजीएस के कार्यान्वयन से योजना निर्माण में काफी सुधार आया है। गतिशक्ति के आने से पहले जहां प्रत्येक वर्ष मात्र 6-7 परियोजनाएं ही स्वीकृत होती थीं, वहीं वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरानजहां 73 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। यह एक वित्तीय वर्ष में अब तक का सर्वाधिक रिकॉर्ड है! कुल 5,309 किलोमीटर की नई लाइन,



दोहरीकरण और गेज परिवर्तनकी परियोजनाओं के पूरा होने के साथ, परियोजनाओं केअंतिम रूप से कार्यान्वित होने का रिकॉर्ड भी काफी ऊपर पर पहुंच गया। रेल विद्युतीकरण 7,188 रूट किलोमीटर (आरकेएम) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया हैऔर ट्रैक कमीशनिंग की गति 4 किलोमीटर प्रति दिन से बढ़कर 15 किलोमीटर प्रति दिन हो गई है।

प्रभावी रूप से, पीएमजीएस-एनएमपी कहां, क्या और कब की विस्तृत मैपिंग के माध्यम से बुनियादी ढांचे की भविष्योन्मुखी योजनाएं बना रहा है। इसमें सामाजिक एवं आर्थिक बुनियादी ढांचे, ट्रंक एवं उपयोगिता नेटवर्क, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी, पर्यटन स्थल, भूमि राजस्व मानचित्र और वन सीमाओं से जुड़े सटीक एवं व्यापक आंकड़ों का समावेश है। ये जानकारियां परियोजनाओं के योजना निर्माण और कार्यान्वयन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण हैं।

सभी परियोजनाओं की जांच (एनपीजी) नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप द्वारा की जाती है, जिसमें अतिरेक और निर्माण के बाद केबल/पाइप बिछाने के लिए नई बनी सड़कों को तोड़ने जैसी स्थितियों से बचते हुए समन्वित योजना निर्माण हेतु बुनियादी ढांचा से संबंधित सभी मंत्रालय शामिल हैं।

उदाहरण के लिए, हाउसिंग सोसाएटियां अब निवासियों के आने से पहले सीवेज, बिजली तथा अन्य सुविधाओं से लैस होंगी और कार्रवाई के लिए पहले शिकायतों के आने का इंतजार नहीं किया जाएगा। मांगों के बढ़ने से पहले ही विस्तारित हो रहे उपनगरों के पास स्थित गोदामों (वेयरहाउसिंग) को समय पर सड़क कनेक्टिविटी मिलेगी और विस्तार के दौर से गुजर रहे बंदरगाहों को पर्याप्त रेलवे निकासी और मल्टीमॉडल लिंक का लाभ मिलेगा।

योजना निर्माण की इस कुशल क्षमता को भास्कराचार्य नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस एप्लिकेशन एंड जियो-इंफॉर्मेटिक्स (बीआईएसएजी-एन) द्वारा समर्थित किया गया है, जिसने पीएमजीएस-एनएमपी को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

गतिशक्ति की सफलता का एक महत्वपूर्ण पहलू बुनियादी ढांचे की उन प्रमुख परियोजनाओं को प्राथमिकता देने में निहित है, जिनका कनेक्टिविटी, दक्षता और लॉजिस्टिक्स को बेहतर बनाने पर अधिकतम प्रभाव पड़ेगा। रेलवे अब शुरुआती और अंतिम छोरतक की कनेक्टिविटी के लिए आर्थिक केन्द्र, खदानें, बिजली संयंत्र और लॉजिस्टिक्स हबजैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान कर सकता है और मांग से पहले माल ढुलाई गलियारे एवं बंदरगाह कनेक्टिविटी परियोजनाओं की योजना बना सकता है। भारत में आर्थिक विकास को गति देने तथा व्यापार करनाऔर अधिक आसान बनाने की क्षमता के आधार पर इस बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दी गई है।

कुल 16 रेलवे ज़ोन के सभी 68 मंडलों के बीच बेहतर सहयोग के माध्यम से होने वाला सुधार स्पष्ट दिखाई देता है। गतिशक्ति के आने से पहले, प्रत्येक रेलवे जोन व विभाग एक हद तक अलग-थलग रूप से संचालित होते थे। इससे देरी, अक्षमताएं और समन्वय की कमी की समस्याएं पैदा होती थीं। पीएमजीएस-एनएमपी के माध्यम से डिजिटल इंटरफेस की शुरूआत ने क्रॉस-जोन सहयोग का एक एकीकृत मंच प्रदान किया, जिससे समस्याओंका त्वरित समाधान और परियोजनाओं का सुचारू कार्यान्वनका संभव हुआ।

हालांकिमैं पीएमजीएस और भारतीय रेलवे, दोनों को सचेत करना चाहूंगा। जहां सचिन और सौरव ने क्रिकेट के मैदान पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, वहीं राजनीतिक क्षेत्र में उन्हें चुनौतियों का सामना करना पड़ा। वैसे ही, पीएमजीएस की शक्ति और रेलवे के दृढ़ संकल्प को वैसी राजनीतिक परियोजनाओं से कमजोर नहीं प?ने दिया जाना चाहिए जिनमें दीर्घकालिक लाभ का अभाव हो, क्योंकि भारत जल्द ही अपनी आजादी के सौ वर्ष पूराकरने वाला है।

**-ए के खंडेलवाल**
**पूर्व सदस्य इंफ्रा रेलवे बोर्ड**

# प्रदेश के 71 महाविद्यालयों में प्राचार्य से लेकर ग्रेड फोर तक के सभी पद होंगे सरकारी

**उच्च शिक्षा को और सुदृढ़ बनाने के लिए यूपी में एक और निजी विश्वविद्यालय को मिली मंजूरी**

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित मंत्री परिषद की बैठक में प्रदेश में उच्च शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए शुक्रवार को दो महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। इसके अंतर्गत 71 नवनिर्मित/निर्माणाधीन महाविद्यालयों को राजकीय महाविद्यालय के रूप में संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जबकि बिजनौर जिले में विवेक विश्वविद्यालय के गठन को भी मंजूरी प्रदान की गई है। ये निर्णय प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण और वहनीय उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे।

बैठक के बाद उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि विभाग के द्वारा वर्तमान में 171 राजकीय महाविद्यालय संचालित हैं। इनमें 71 महाविद्यालय नवनिर्मित अथवा निर्माणाधीन हैं। इनमें से 17 संगठक महाविद्यालय के रूप में चयनित थे। पहले विश्वविद्यालयों द्वारा इनका संचालन किया जाता था। पिछले दिनों कुछ विश्वविद्यालयों द्वारा इनके सुचारू संचालन को लेकर असमर्थता जाहिर की गई थी।



जिसके बाद ये प्रस्ताव लाया गया कि 71 महाविद्यालयों का संचालन अब सीधे सीधे प्रदेश सरकार करेगी। अबतक इनमें संविदा के आधार पर लोग रखे जाते थे, अब सभी 71 महाविद्यालयों में 71 प्राचार्य के पद और प्रत्येक महाविद्यालय में 16-16 के आधार पर 1136 सहायक आचार्य के पद, 639 क्लास थ्री और 710 क्लास फोर के पद सृजत होंगे। इससे रोजगार के अवसर मिलेंगे साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता भी बढ़ेगी।

## बिजनौर में खुलेगा विवेक विश्वविद्यालय

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि बिजनौर में विवेक विश्वविद्यालय को संचालन का प्राधिकार पत्र प्रदान किया गया है। इससे अब प्रदेश में एक और निजी विश्वविद्यालय का संचालन शुरू होगा। इससे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा, जिससे सरकारी विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता और बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि यूपी में पिछले दो-ढाई साल में सर्वाधिक ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय उभर कर सामने आए हैं। फिलहाल नैक ग्रेडिंग में यूपी के 7 विश्वविद्यालय ए डबल प्लस, 4 ए प्लस हैं। इसके साथ ही 6 निजी विश्वविद्यालय ए प्लस और 4 निजी विश्वविद्यालय ए ग्रेड में शामिल हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि पहले यूपी का पहले कोई भी विवि टॉप 500 में भी नहीं था। आज टॉप 100 में प्रदेश के 3 विवि आ गये हैं। मंत्री ने बताया कि योगी सरकार का लक्ष्य अगले 5 साल में प्रदेश के सभी जिलों में एक-एक विश्वविद्यालय खोलने का है।

# एबीवीपी के 70 वें राष्ट्रीय अधिवेशन के कार्यक्रम स्थल का भूमि पूजन

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का 70वां राष्ट्रीय अधिवेशन 23 से 24 नवंबर के बीच होने जा रहा है । इसी क्रम में आज कार्यस्थल का भूमि पूजन किया गया।

यहां दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल पर वैदिक वेद मंत्रो के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोरक्ष प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश, सह प्रांत प्रचारक सुरजीत, केंद्रीय विश्वविद्यालय साउथ विहार, गया के कुलपति प्रो. के. एन. सिंह, राजा महेंद्र प्रताप सिंह अलीगढ़ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. चंद्रशेखर, गोरखपुर विश्वविद्यालय प्रति कुलपति प्रो. शांतनु रस्तोगी, एबीवीपी पूर्वीउत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही एवं अभाविप गोरक्ष प्रांत अध्यक्ष डॉ. राकेश प्रताप सिंह सपत्नीक भूमि पूजन मे शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि तीन दिनों तक आयोजित होने वाले अभाविप के 70वें राष्ट्रीय अधिवेशन में सहभागी होने वाले प्रतिनिधि शिक्षा क्षेत्र में विभिन्न परिवर्तनों की समसामयिक स्थिति पर चर्चा करेंगे। साथ ही संगठनात्मक, रचनात्मक एवं आंदोलनात्मक विषयों तथा लक्ष्यों का निर्धारण करने हेतु मंथन करेंगे। विद्यार्थी परिषद् को भारत की युवाशक्ति के प्रतिनिधि संगठन होने के नाते इस दायित्व का बोध भी है की भारत के समसामयिक मुद्दों और चुनौतियों के समाधान में युवाओं की भूमिका क्या होगी, यह तय किया जाये। इसको ध्यान में रखते हुए, एबीवीपी का 70वां राष्ट्रीय अधिवेशन एक मील का पत्थर साबित होने जा रहा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गोरक्ष प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने आधुनिकता के साथ अपनी मूल जड़ों से भी विद्यार्थी परिचित रहें तथा भारत की एक राष्ट्र के रूप में सतत् प्रवाहमान यात्रा के स्वरूप को समझ सकें, इसके लिए अधिवेशन में विभिन्न प्रयास करने की योजना बनाई है। गुरु गोरक्षनाथ की पावन धरा पर आयोजित हो रहे अभाविप का 70 वां राष्ट्रीय अधिवेशन ऐतिहासिक रूप से अत्यंत ही महत्वपूर्ण होने जा रहा है, जहाँ एक ओर गोरखपुर धर्म और संस्कृति का महत्वपूर्ण केंद्र है वही ऐसे महत्वपूर्ण केंद्र पर समूचे देश से आने वाली छात्रशक्ति का संगम भारत की अनेकता में एकता के भाव को प्रदर्शित करेगी।

# हार्दिक भट्ट बने देहरादून के ड्रग इंस्पेक्टर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**रांची।** कठिन मेहनत और लगन के बूते पर पंकज भट्ट ड्रग इंस्पेक्टर बने हैं। देहरादून के लिए ड्रग इंस्पेक्टर के रूप में हुए पंकज भट्ट के चयन को लेकर देश के वितरक समाज में खुशी की लहर दिखाई दे रही है। राष्ट्रीय वितरक महामंच के राष्ट्रीय संरक्षक पंकज भट्ट के सुपुत्र हार्दिक भट्ट को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। वितरक पलायन के इस दौर में यह एक सुखद संदेश है। वितरक समाज के लिए पंकज भट्ट एक नाम है। वितरक समाज के लिए स्वर्गीय राकेश पांडे के बाद देश भर



के वितरक समाज के सुख दुख सहित वितरक भाइयों को राष्ट्रीय स्तर पर एक पहचान बनाने में इनकी कलम का जोर रहा है। देश भर में सैकड़ों उदाहरण हैं। पंकज भट्ट के कलम से निकल कर वितरक भाइयों की परेशानियों का समाधान होता रहा है।

# पीएसी का पद छीनना लोकतंत्र का काला दिन : ताटीपर्थी चंद्रशेखर

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेडड्डी

**अमरावती।** ताडेपल्ली मै पार्टी मुख्य केन्द्रिय कार्यालय में वाईएसआर पार्टी के प्रवक्ता और विधायक ताटीपर्थी चंद्रशेखर ने आज जो चंद्र बाबू ने आंध्र विधानसभा में हुई लोक लेखा समिति इसे संसदीय लोकतंत्र का काला दिन बताते हुए गठबंधन सरकार पर आरोप लगाया कि उसने विपक्षी पार्टी से लोक लेखा समिति (पीएसी) के अध्यक्ष का पद गलत योजना बनाकर छीन लिया है।

उन्होंने कहा कि सरकार का एकमात्र उद्देश्य राज्य के वित्त प्रबंधन में अनियमितताओं पर सवाल उठाना नहीं है। शुक्रवार को यहां मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में विपक्ष के सदस्य को पीएसी का अध्यक्ष नियुक्त करना परंपरा और प्रथा रही है,और यह व्यवस्था कई राज्यों में है और था भी लेकिन गठबंधन सरकार ने इसे खत्म कर दिया और संस्था का मजाक उड़ाया।

हालांकि नामांकन मांगे गए थे और हमारे नेता पेड्डीरेड्डी रामचंद्र रेड्डी मैदान में थे, लेकिन सत्तारूढ़ दल ने बेईमानी की और विपक्ष को उसके उचित स्थान से वंचित कर दिया। संसदीय इतिहास बताता है कि पीएसी अध्यक्ष का पद विपक्ष को दिया गया, चाहे वह कांग्रेस, भाजपा, टीडीपी या कोई अन्य पार्टी हो।

दो सदस्यों के साथ भी, भाजपा ने संसद में उस पद को संभाला और अटल बिहारी वाजपेयी, पीवी नरसिम्हा राव, ज्योतिर्मय बसु, मुरली मनोहर



जोशी और अन्य जैसे दिग्गजों ने इस पद को संभाला और बोफोर्स, 2 जी स्पेक्ट्रम, राष्ट्रमंडल खेल और अन्य जैसे विभिन्न घोटालों को जनता के ध्यान में लाया। सरकार की मंशा बहुत स्पष्ट प्रतीत होती है, वे राज्य के वित्त पर सवालों का सामना नहीं करना चाहते हैं और धन का कुप्रबंधन करना चाहते हैं जैसा कि बजट आवंटन में पहले ही देखा जा चुका है। ग्यारह सीटों के साथ वाईएसआरसीपी विधानसभा में एकमात्र विपक्ष बचा है और इसे पीएसी पद से वंचित करना उस संस्था पर हमला करने के अलावा कुछ नहीं है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक वित्त और सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा इसे कैसे खर्च किया जा रहा है, इस पर निगरानी रखना है। उन्होंने कहा कि यह कदम बिना किसी सवाल के भ्रष्ट आचरण की अपनी नीति को आगे बढ़ाने और विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए है। उन्होंने दलित नेता और पूर्व सांसद नंदीगामा सुरेश की नजरबंदी और जिस तरह से सोशल मीडिया कार्यकर्ताओं को परेशान किया जा रहा है, उस पर भी चिंता व्यक्त की।

# प्रशासन बिना शौचालय घरों को करेगा चिन्हित

**हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान के तहत 5 सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत घरेलू शौचालय को किया जाएगा सम्मानित**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। प्रशासन की ओर से जिले में बिना शौचालय घरों को चिन्हित किया जाएगा, ताकि वहां शौचालय की सुविधा सुनिश्चित की जा सके। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि जिला परिषद पंचकूला विश्व शौचालय दिवस से लेकर 10 दिसम्बर 2024 मानव अधिकार दिवस तक जिले की सभी ग्राम पंचायतों में हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान हमें सभी ग्राम पंचायतों में से वो नाम चिन्हित करने है, जिनके घरों में किसी कारणवश आज भी शौचालय की सुविधा नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे परिवारों को जागरूक करके उनके घरों में शौचालय निर्माण कराया जा सकें।

उपायुक्त ने बताया कि इस अभियान में आमजन की शत प्रतिशत भागीदारी रहेगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य बेहतर स्वच्छता और स्वच्छता संबंधी आदतों को बढ़ावा देना और बीमारियों की रोकथाम और स्वास्थ्य सुधार में स्वच्छता की भूमिका को समझना है। उन्होंने बताया कि घरेलू शौचालय प्रतियोगिता करवाई जाएगी। प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर सर्वश्रेष्ठ दो का चुनाव कर खंड को भेजगी।



## तीन सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत घरेलू शौचालय का चयन

खंड द्वारा सभी पंचायतों में से तीन सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत घरेलू शौचालय का चयन कर जिला को भेजगा व खंड स्तर तीन सर्वश्रेष्ठ को सम्मानित किया जाएगा। जिला स्तर पर सभी खंडों से प्राप्त सर्वश्रेष्ठ एन्ट्री में से जिला के 5 सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत घरेलू शौचालय का चयन व सम्मानित करेगा। मोनिका गुप्ता ने बताया कि सामुदायिक स्वच्छता परिसर शौचालय प्रतियोगिता में प्रत्येक खंड से 3 सर्वश्रेष्ठ सामुदायिक स्वच्छता परिसर शौचालय का चयन कर जिला को भेजा जाएगा। जिला स्तर पर जिले की दो सामुदायिक सर्वश्रेष्ठ स्वच्छता परिसर शौचालय का चयन किया जाएगा। इसके अलावा अनेक कार्यक्रम पर नागरिकों को जागरूक किया जाएगा।

**भाजपा का राष्ट्रव्यापी संगठन पर्व कार्यशाला दिल्ली में आयोजित**

# सदस्यता सिर्फ अभियान नहीं बल्कि पार्टी की नींव को मजबूत करने का है एक मिशन : नड्डा

**टंडन ने राष्ट्रव्यापी संगठन पर्व कार्यशाला में लिया भाग**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पार्टी के सदस्यता अभियान और संगठनात्मक चुनावों के पर्व के संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रव्यापी संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन पार्टी के दिल्ली स्थित मुख्यालय में आयोजन हुआ जिसमे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने भाग लिया और कार्यशाला में सम्मलित अन्य गणमान्य पदाधिकारियों से भेंटवार्ता भी की। कार्यशाला का नेतृत्व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा द्वारा किया गया और भाजपा राष्ट्रीय महासचिव (संगठन)। बी.एल. संतोष ने इसमें विशेष रूप से भाग लिया।

कार्यशाला की जानकारी प्रदान करते हुए टंडन ने बताया कि इस कार्यशाला में हिमाचल प्रदेश के पार्टी के प्रभारी श्रीकान्त शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष राजीव



बिंदल, भाजपा हिमाचल महासचिव (संगठन) सिद्धार्थन, डॉ. राजीव सैजल, संजीव कटवाल और अन्य राष्ट्रीय स्तर के पार्टी पदाधिकारियों ने इसमें भाग लिया और अपने अपने प्रदेशों का नेतृत्व किया ।

कार्यशाला में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को पार्टी द्वारा चलाये जा रहे सदस्यता अभियान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ एक अभियान नहीं है बल्कि पार्टी की नींव को मजबूत करने का एक मिशन है। इस पहल का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक से जुड़ना, उनका भाजपा परिवार में स्वागत करना और पार्टी के राष्ट्र निर्माण के दृष्टिकोण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। प्रत्येक नए सदस्य के साथ, हम लोगों की सेवा करने और विकसित भारत के विकास में योगदान देने के अपने संकल्प को मजबूत करते हैं। कार्यशाला के दौरान संजय टंडन ने पूरे भारत के राष्ट्रीय भाजपा पदाधिकारियों, नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों के साथ बातचीत करके संगठनात्मक विकास को बढ़ाने और हर स्तर पर पार्टी की गतिविधियों को मजबूत करने के लिए परस्पर विचार साझा किये।

# एडमिनिस्ट्रेटर कप फुटबॉल टूर्नामेंट स्थगित

**चंडीगढ़, 22 नवंबर (अप्रस)।** बीती 20 नवंबर से 28 नवंबर तक आयोजित होने वाले एडमिनिस्ट्रेटर कप फुटबॉल टूर्नामेंट के 20वें संस्करण को स्थगित कर दिया गया है। इस फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन को चुनौती देने वाली याचिका में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने खिलाड़ियों की आयु निर्धारित करने के लिए विस्तृत चिकित्सा जांच का आदेश दिया है। इस संबंध में, खेल विभाग ने प्रतिभागियों के लिए जीएमसीएच-32 और जीएमएसएच-16, चंडीगढ़ के साथ चिकित्सा परीक्षण कराने के लिए समन्वय किया। भाग लेने वाली 17 टीमों के लगभग 300 खिलाड़ियों ने अस्थि परीक्षण, अस्थि परीक्षण और दंत परीक्षण करवाया है, हालांकि, भाग लेने वाली टीमों की चिकित्सा रिपोर्ट का इंतजार है और इसमें कुछ समय लगने की संभावना है। भाग लेने वाली टीमों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, इस टूर्नामेंट को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

# महिला कबड्डी लीग 2025 के उत्तर क्षेत्रीय चयन ट्रायल्स का चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में आयोजन

अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल

मोहाली। महिला कबड्डी लीग 2025 ने अपने क्षेत्रीय चयन ट्रायल्स की शुरुआत चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में सफलतापूर्वक की। यह ट्रायल्स उत्तर भारत की महिला कबड्डी खिलाड़ियों को हिस्सा लेने के लिए ट्रायल पॉइंट बनाया गया है, जिसमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, जम्मू और राजस्थान शामिल हैं।

उत्तर भारत में लगभग 15,000 महिला कबड्डी खिलाड़ी हैं, और यह ट्रायल्स लीग के मिशन का अहम हिस्सा हैं, जो महिलाओं को इस खेल में उत्कृष्टता हासिल करने के अवसर प्रदान कर रहे हैं। इनमें से करीब 800-1,000 खिलाड़ी राज्य, राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर चुकी हैं, और ये चयन प्रक्रिया का मुख्य केंद्र हैं। चंडीगढ़ में आयोजित ट्रायल्स में 600 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण




कराया, जिनमें से 450 खिलाड़ी सक्रिय रूप से शामिल हुए। इस प्रतिभाशाली समूह से 100-150 खिलाड़ियों को अगले चरण के लिए चुना गया है।

महिला कबड्डी लीग की सीईओ डॉ. सीमा ने महिला खिलाड़ियों को सशक्त बनाने की दिशा में लीग की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा महिला कबड्डी लीग एक क्रांतिकारी पहल है, जिसका उद्देश्य भारत में महिला खेलों के परिदृश्य को बदलना है। ये ट्रायल्स हमारे देश में छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करने का एक उदाहरण हैं। हम सिर्फ एक लीग नहीं बना रहे, बल्कि हम युवा महिलाओं के लिए नए अवसर उत्पन्न कर रहे हैं।

महिला कबड्डी लीग के मीडिया प्रवक्ता डॉ. जीतेंद्र कुमार ने उत्साही प्रतिक्रिया पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा महिला कबड्डी लीग सिर्फ एक खेल पहल नहीं है, बल्कि यह भारत में महिला खिलाड़ियों को सशक्त बनाने का आंदोलन है। हमें उत्तर क्षेत्र से इतनी जबरदस्त उत्साह और प्रतिभा देखकर खुशी हो रही है। हमारा उद्देश्य इन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मजबूत मंच देना है।

भारतीय कबड्डी महासंघ के कृष्ण लाल महासचिव (हिमाचल प्रदेश) भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए और महिला कबड्डी लीग जैसी पहलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उत्तर क्षेत्र में कबड्डी की एक समृद्ध परंपरा है, और यह देखना दिलचस्प है कि युवा महिलाएं इस खेल को मजबूती से अपना रही हैं।

बता दें कि आने वाले समय में, ट्रायल्स का आयोजन पुणे, जमशेदपुर, हैदराबाद (रीजनल ट्रायल्स) और अंतिम दौर में सोनीपत (फाइनल ट्रायल्स) जैसे विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा, जिससे भारत भर की महिला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के और भी अवसर मिलेंगे।

# सराहनीय कार्य करने वाली बालिकाओं को किया जाएगा सम्मानित, 30 नवंबर तक करें आवेदन : उपायुक्त

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**पलवल।** हर वर्ष की भांति राज्य स्तर पर बालिका दिवस पर प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली बालिकाओं को नकद पुरुस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए जिला उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ, ने बताया कि विभिन्न श्रणियों में राज्य स्तर पर खेलकूद में 20 अवार्ड, सांस्कृतिक गतिविधि में 10 अवार्ड, सामाजिक कार्य में 2 अवार्ड, मीडिया एवं साहित्य में 2 अवार्ड, बहादुरी में 3 अवार्ड, दिव्यांग एवं विशेष बच्चें में 5 अवार्ड एवं चाइल्ड केयर संस्थान के बच्चों के लिए 5 अवार्ड घोषित किए गए है। इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी नुपुर ने बताया कि आवेदन की शर्तो को पूरा करने वाली बालिकाएं अपना पूर्ण बायोडाटा, उपलब्धियों सिहत अपना आवेदन 30 नवंबर 2024 तक जिला सचिवालय, पलवल के प्रथम तल पर स्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय के कमरा नंबर 110 में जमा करवाएं। उन्होंने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली बालिकाओं को पुरस्कार दिए जाते है।

इनमें की हो उपलब्धि हासिल

खेलकूद गतिविधि- राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर कोई भी स्थान एवं जिला खेल एवं युवा विभाग द्वारा अनुशंसा की गई हो।

सांस्कृतिक गतिविधि- गाने, संगीत, नृत्य, फोक, कला, पेंटिंग एवं लेखन में अनुकरणीय उपलब्धि। इनमें राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रथम स्थान या अन्तराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेना एवं जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी द्वारा अनुशंसा की गई हो। सामाजिक कार्य- सामाजिक कार्यो, शिक्षा, पौधारोपण एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनुकरणीय उपलब्धि एवं माननीय उपायुक्त महोदय, पलवल द्वारा अनुशंसा की गई हो।

अवैध खनन गतिविधियों को रोकने के लिए एक और पहल

# खनन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने 'पंजाब माइंस इंस्पेक्शन' मोबाइल ऐप लॉन्च की

नई एंड्रॉइड ऐप खनन नियमों को अधिक मज़बूती से लागू करने और अवैध खनन पर रोक लगाने में सहायक होगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंजाब के खनन एवं भू-विज्ञान मंत्री बरिंदर कुमार गोयल 'पंजाब माइंस इंस्पेक्शन' मोबाइल ऐप को लॉन्च करते हुए

**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** खनन क्षेत्र में आधुनिक प्रौद्योगिकी को लागू करने की तरफ एक ओर अहम कदम उठते हुए पंजाब के खनन एवं भू-विज्ञान मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने 'पंजाब माइंस इंस्पेक्शन' मोबाइल ऐप को लॉन्च किया है। यह मोबाइल ऐप पूरे राज्य में खनन गतिविधियों की निगरानी और चेकिंग बढ़ाने के लिए डिज़ाइन की गई है।

खनन और भू-विज्ञान विभाग द्वारा तैयार की गई यह एंड्रॉइड आधारित ऐप विभागीय अधिकारियों के लिए खनन स्थलों की सटीक जांच और उनके दस्तावेज़ीकरण के लिए सशक्त उपकरण साबित होगी। यह ऐप प्रदेश में खनन नियमों और पारदर्शिता को और मज़बूत करने के लिए कई नवाचारी विशेषताओं से लैस है। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए श्री बरिंदर कुमार गोयल ने बताया कि यह ऐप पारदर्शी और कुशल चैकिंग प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करेगी और अवैध खनन के खिलाफ हमारी लड़ाई में एक महत्वपूर्ण हथियार के रूप में काम करेगी। उन्होंने कहा कि विभाग में इस प्रौद्योगिकी पहुंच से खनन नियमों का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कर प्रदेश के राजस्व को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि यह ऐप ज़िला खनन अधिकारियों, उप-मंडल अधिकारियों और जूनियर इंजीनियरों को खनन स्थलों के 200 मीटर के क्षेत्र के लिए विस्तृत निरीक्षण रिपोर्ट तैयार करने में सक्षम बनाएगी।

ऐप लॉन्च के अवसर पर रामपुरा फूल के विधायक बलकार सिद्धू, खनन और भू-विज्ञान विभाग के सचिव गुरकीरत किरपाल सिंह, खनन विभाग के निदेशक अभिजीत कपलिश और खनन विभाग के मुख्य अभियंता डॉ. हरिंदरपाल सिंह बेदी समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### 500-मीटर निगरानी क्षेत्र को स्वतः चिह्नित करेगी ऐप

यह ऐप पहचाने गए हॉटस्पॉट्स के आसपास 500-मीटर निगरानी क्षेत्र को स्वतः चिह्नित करेगी, छापेमारी के दौरान भौगोलिक स्थिति को दर्शाएगी और अधिकारियों को तस्वीरें व वीडियोज़ अपलोड करने में मदद करेगी। इस ऐप की मुख्य विशेषता यह है कि इसमें साथ जाने वाले अधिकारियों के दस्तावेज़ीकरण सहित अवैध खनन गतिविधियों के अनसुलझे मामलों को उच्च स्तर पर भेजने के लिए ऑटो-एस्केलेशन प्रक्रिया भी शामिल है। इस ऐप की व्यापक पहुँच में कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने की कार्यक्षमता और सार्वजनिक खनन साइटों (पी.एम.एस.) और वाणिज्यिक खनन साइटों (सी.एम.एस.) दोनों की रीयल-टाइम निगरानी शामिल है। उन्होंने कहा कि यह तकनीकी पहल पूरे प्रदेश में स्थायी खनन गतिविधियों और बेहतर प्रशासन को प्रोत्साहित करते हुए नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायक सिद्ध होगी।

## जबरदस्त गोलीबारी के बाद लंडा गैंग के दो गैंगस्टर काबू; 7 हथियार बरामद

गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्ति और दो पुलिस अधिकारी मुठभेड़ के दौरान घायल: डी.जी.पी. गौरव यादव

दोनों गैंगस्टर लंडा के इशारे पर विरोधी गैंग के दो गुर्गों को खत्म करने की साजिश रच रहे थे: सी.पी. स्वप्न शर्मा

अर्थ प्रकाश संवाददाता






**चंडीगढ़/जालंधर, 22 नवंबर।** संगठित अपराध के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ी सफलता दर्ज करते हुए, जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने जालंधर के गांव फोलरीवाल के बाहरी इलाके में एक जबरदस्त मुठभेड़ के बाद कथित लंडा गिरोह के दो ख़तरनाक गैंगस्टरों को गिरफ्तार किया है। इन गैंगस्टरों के कब्जे से 7 हथियारों समेत छह मैगज़ीन और छह कारतूस बरामद किए गए हैं।

इस संबंध में और जानकारी देते हुए पुलिस के डायरेक्टर जनरल (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने शुक्रवार को यहां बताया कि पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान जसकरन उर्फ़ करन वासी भीखा नंगल करतारपुर और फगवाड़ा के मेहली गेट स्थित मुहल्ला थानेदार से रहने वाले फतेहदीप सिंह उर्फ़ प्रदीप सैणी के रूप में हुई है। दोनों मुलजिमों को थाना सदर, जालंधर में दर्ज केस के संबंध में गिरफ्तार किया गया है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पुलिस को जालंधर कमिश्नरेट क्षेत्र में लंडा गिरोह से संबंधित अपराधियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया सूचना मिली थी, जिसके आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस कमिश्नर (सी.पी.) जालंधर स्वप्न शर्मा की निगरानी में पुलिस टीमों ने एक व्यापक अभियान चलाया और गांव फोलरीवाल के निकट दोषियों का ठिकाना पता लगाने में सफलता प्राप्त की।

उन्होंने बताया कि कार्रवाई को अंजाम देने के लिए पुलिस टीमों ने बड़ी मेहनत से काफी दूर तक दोषियों का पीछा किया और इसी दौरान गैंगस्टरों ने पीछा कर रही पुलिस टीमों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी, जिसके कारण पुलिस पार्टियों को भी जवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चलानी पड़ी। इस गोलीबारी के दौरान दोनों मुलजिमों के साथ-साथ दो पुलिस अधिकारी भी गोली लगने से घायल हो गए। डी.जी.पी. गौरव यादव ने बताया, 'ऑपरेशन के दौरान दोनों ओर से 50 से अधिक गोलियां चलाई गईं।'

अधिक जानकारी साझा करते हुए सी.पी. जालंधर स्वप्न शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति जबरन वसूली, हत्या और इरादतन हत्या समेत कई घिनौने अपराधों में शामिल थे।

उन्होंने आगे कहा कि उक्त दोषी, गिरोह के अन्य सदस्यों को लॉजिस्टिक सहायता प्रदान करने और आपराधिक संगठनों को हथियारों की सप्लाई करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे।

## बच्चों को भीख मांगने से बचाने के लिए प्रयास तेज करें अधिकारी: डॉ. बलजीत कौर

कहा-अगर किसी बच्चे के भीख मांगने का मामला सामने आता है तो उसकी सूचना जिला बाल सुरक्षा यूनिट या बाल भलाई कमेटी को दी जाए

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** पंजाब सरकार द्वारा बाल भीख जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए राज्य के सामाजिक सुरक्षा, महिला और बाल विकास विभाग के माध्यम से जीवनजोत परियोजना चलाई जा रही है। इस पहल का उद्देश्य भीख मांगने वाले बच्चों को बचाना, उनका पुनर्वास और पुनर्निर्माण करना और यह सुनिश्चित करना है कि उन्हें शोषणमुक्त जीवन का रास्ता दिखाया जा सके। यह शब्द कैबिनेट मंत्री डा. बलजीत कौर ने कहे।

इस बारे में और जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री ने बताया कि जीवनजोत परियोजना के तहत राज्य में भीख मांगने वाले बच्चों को बचाने और उनका पुनर्वास करने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान हर महीने के दूसरे हफ्ते में चलाया जाता है।

उन्होंने यह भी खुलासा किया कि इस अभियान के तहत जुलाई महीने से अब तक विभिन्न जिलों में कुल 187 बच्चों को बचाया गया है, जिनमें से 18 बच्चों को किसी आश्रय स्थल का न होने के कारण राज्य में चल रहे बाल गृहों में भेजा गया है। इन बाल गृहों में बच्चों को शिक्षा, भोजन, स्वास्थ्य सुविधाएं आदि प्रदान की जा रही हैं। बाकी बच्चों को बाल भलाई समिति के माध्यम से उनके माता-पिता को सौंप दिया गया है। इनमें से 15 बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ, 80 बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलवाने के लिए कार्रवाई की जा रही है और 3 बच्चों को आंगनवाड़ी में दाखिला कराया गया है।

मंत्री ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा जुवेनाइल जस्टिस केयर एंड प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन एक्ट 2015 के तहत राज्य में 07 सरकारी चिल्ड्रन होम और 39 गैर सरकारी होम रजिस्टर्ड किए गए हैं, जिनमें अनाथ, बेसहारा और संरक्षित बच्चों को रखा जाता है।

## 30 हजार की रिश्वत लेते पीएसपीसीएल का जेई रंगेहाथ काबू

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने सूबे में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही मुहिम के दौरान आज पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पी.एस.पी.सी.एल.) सब डिवीजन काहनूवान, जिला गुरदासपुर में तैनात रविंदर कुमार को 30,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उपरोक्त आरोपी को गुरदासपुर के गांव सठियाली के निवासी सरूप सिंह द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने आगे बताया कि शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो को संपर्क कर आरोप लगाया है कि उसने अपने घर के पास पाइप फैक्ट्री बना रखी है पर उपरोक्त आरोपी ने वाणिज्यिक बिजली मीटर लगाने के बदले रिश्वत के तौर पर 30,000 रुपये की मांग की है।

प्रवक्ता ने बताया कि इस शिकायत की पड़ताल के बाद विजिलेंस ब्यूरो यूनिट ने जाल बिछाया, जिसके दौरान आरोपी को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 30,000 रुपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि उपरोक्त आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के तहत विजिलेंस ब्यूरो के थाना अमृतसर रेंज में मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि आरोपी को जल्द ही अदालत में पेश किया जाएगा और अन्य पूछताछ जारी है।

### 24 हजार रुपये रिश्वत लेते पंचायत अधिकारी रंगे हाथों काबू



पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने सूबे में भ्रष्टाचार के खिलाफ छेड़े गए अभियान के दौरान आज पंचायत अधिकारी-कम प्रशासनिक ब्लॉक वेरका, जिला अमृतसर में तैनात गुरिंदर सिंह ग्रोवर को 24,000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को ब्लॉक कत्थूनंगल, जिला अमृतसर के गांव माहनियां कोहाड़ा निवासी जोगिंदर सिंह द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि उक्त शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो के पास आकर बताया है कि वह साल 2019-2024 तक गांव माहनियां कोहाड़ा का सरपंच था और केंद्र तथा राज्य सरकारों से विकास ग्रांटें प्राप्त हुई थीं। आरोपी ने उनके खाते में कुल 1,27,800 रुपये ट्रांसफर किए थे और बाद में उसे नकद रूप में ले लिया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि अब पंचायत अधिकारी द्वारा उक्त विकास फंडों से 12,50000 रुपये के यूजर सर्टिफिकेट (यू.सी.) जारी करने के बदले 2 प्रतिशत रिश्वत के रूप में 24,000 रुपये की मांग की जा रही है। प्रवक्ता ने आगे बताया कि इस शिकायत की जांच के पश्चात विजिलेंस ब्यूरो यूनिट अमृतसर ने जाल बिछाया, जिसके दौरान आरोपी को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 24,000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। उन्होंने आगे बताया कि इस संबंध में विजिलेंस ब्यूरो थाना रेंज अमृतसर में भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि आरोपी को भावी अदालत में पेश किया जाएगा और इस केस की आगे कार्रवाई जारी है।

## श्मशान घाट की जगह पर डंपिंग ग्राउंड शिफ्ट करने को लेकर लोगों ने किया विरोध

अर्थ प्रकाश/राजेश गर्ग



डंपिंग ग्राउंड शिफ्ट करने को लेकर विरोध करते क्षेत्र निवासी

**जीरकपुर, 22 नवंबर।** ओल्ड कलका रोड पर स्थित गाजीपुर जट्टां गांव के लोगों द्वारा उनके गांव के श्मशान घाट की जगह पर डंपिंग ग्राउंड शिफ्ट करने को लेकर विरोध किया गया। इस दौरान गांव निवासोयों द्वारा नगर परिषद के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। रोष प्रदर्शन कर रहे गांव निवासियों ने आरोप लगाया की नगर परिषद द्वारा उनके गांव के श्मशान घाट की जगह पर डंपिंग ग्राउंड बनाया जा रहा है, जहां सोसायटीयों का गंदा कूड़ा गिराया जाएगा। जिसे वह किसी भी कीमत पर पूरा नही होने देंगे। इस सबंध में जानकारी देते हुए गांव निवासी रणजीत सिंह गाजीपुर, सुखविंदर सिंह, कर्मजीत सिंह, बहादुर सिंह, प्रकाश चौधरी, प्रदीप कुमार, धरमिंदर सिंह, एसपी शर्मा, रविंदर कोहली व अन्य ने बताया कि उनके गांव की तकरीबन साढ़े तीन एकड़ जमीन है जिसकी कीमत करोड़ो रूपये है। यह जमीन मुरब्बेबंदी के दौरान गांव के सांझे कार्यों के लिए रखी थी। जिसमें धर्मशाला, मंदिर, शमशान घाट, आदि शामिल थे। रोष प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आरोप लगाया कि नगर परिषद कि मिली भगत के चलते उनके गांव कि दो एकड़ बहु करोड़ी जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जे कर लिए है। जिसकी गांव निवासियों द्वारा कई बार शिकायत भी कि है लेकिन बावजूद इसके उस जमीन को छुड़वाने के लिए नगर परिषद ने एक बार भी कदम नही उठाया जबकि उनके गांव के श्मशान घाट की जमीन पर कब्जे करने की कोशिश की जा रही है। जिससे परेशान होकर गांव के लोगों ने अदालत में केस डाला था जो अभी विचार अधीन है। लोगों ने बताया कि उनके गांव की साढ़े तीन एकड़ जमीन में से केवल दो बीघे दस बिसवे जमीन बची है, जिस में श्मशान घाट है और अब नगर परिषद उस पर भी कब्जा करना चाहता है। जबकि नगर परिषद द्वारा इससे करीब आधा किलोमीटर आगे भी पंचायती जमीन पर एक डंपिंग ग्राउंड बनाया हुआ है, शमशनघाट कि जमीन पर कब्जे करने कि बजाए उस जमीन पर ही कूड़ा क्योंनही गिराया जा रहा।

लोगों ने कहा कि वह गांव के श्मशान घाट पर किसी भी कीमत पर कब्जा नही होने देंगे।

हमने ओल्ड कालका रोड पर नगर परिषद की जगह पर कब्जे करने के लिए पुलिस मदद मांगी थी। जो हमने किसी कारण नही मिली थी। लेकिन अब हमने 27 नवंबर को दुबारा समय रखा है। पुलिस के सहयोग के साथ अब आगामी कार्रवाई की जाएगी।

**अशोक पथरिया, कार्यकारी अधिकारी जीरकपुर।**

## नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने पर कार्यशाला-सोलर पावर इंस्टालेशन पर केंद्रित

**चंडीगढ़, 22 नवंबर (अप्रस)।** क्लाइमेट चेंज सेल, पर्यावरण विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा चंडीगढ़ रिन्यूएबल एनर्जी साइंस एंड टेक्नोलॉजी प्रमोशन सोसाइटी और ग्लोबल यूथ फेडरेशन के सहयोग से रनवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने पर कार्यशाला-सोलर पावर इंस्टालेशन पर केंद्रित' का आयोजन कम्युनिटी सेंटर, सेक्टर-42, चंडीगढ़ में किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना और इसके लाभों को जनता तक पहुंचाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवीन के. श्रीवास्तव (आईएफएस), उप वन संरक्षक और पर्यावरण के अतिरिक्त निदेशक, विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं नवीकरणीय ऊर्जा के निदेशक, ने प्रधानमंत्री सूर्य घर फ्री बिजली योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सौर ऊर्जा के पर्यावरणीय और आर्थिक लाभों को विस्तार से समझाया। इसके साथ ही उन्होंने इस योजना के तहत सोलर पैनल की स्थापना प्रक्रिया, इसके लाभ और चंडीगढ़ के नागरिकों के लिए इस योजना की अद्वितीय सुविधाओं पर भी चर्चा की। उपस्थित रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देकर प्रशासन ने इस योजना को सफलतापूर्वक लागू करने का वादा किया।

## संधवां ने अमन अरोड़ा व शैरी कलसी को दी बधाई

**चंडीगढ़, 22 नवंबर (अप्रस)।** पंजाब विधान सभा स्पीकर स. कुलतार सिंह संधवां ने आम आदमी पार्टी के प्रधान और कार्यकारी प्रधान की ज़िम्मेदारी मिलने पर कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा और विधायक शैरी कलसी को बधाई दी है।

यहाँ से जारी एक प्रैस बयान में स. संधवां ने अमन अरोड़ा और श्री शेरी कलसी को नयी ज़िम्मेदारी मिलने पर बधाईयाँ देते हुये कहा कि, ''मुझे पूर्ण आशा है कि अरोड़ा और कलसी पार्टी सुप्रीमो अरविन्द केजरीवाल, मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान और सन्दीप पाठक के दिशा-निर्देशों अनुसार संगठन के काम को और सुचारू ढंग के साथ संभालेंगे।

स. संधवां ने दोनों नेताओं को समर्थ बताते हुये कहा कि दोनों ही बतौर मंत्री और बतौर विधायक लोगों की लगातार सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन दोनों के नेतृत्व से पार्टी को और मज़बूती मिलेगी।

## शहर के विकास कार्यों पर लगी पाबंदियों के लिए राणा जिम्मेदार

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं, 22 नवंबर।** जगराओं के पार्षदों की आपसी गुटबाजी के कारण शहर में रंग-बिरंगे लिफाफों के ढेर में अव्यवस्था देखने को मिल रही है। दोनों गुटों के पार्षद एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं. जगराओं शहर के रुके हुए विकास को लेकर आज बड़ी संख्या में पार्षदों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें उन्होंने नगर परिषद अध्यक्ष को आड़े हाथों लिया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अमरजीत सिंह मालवा ने कहा कि राष्ट्रपति जगराओं के लोगों को गुमराह कर रहे हैं. जगराओं के विकास कार्यों पर प्रधान और उनके पार्षदों ने माननीय अदालत में रिट दायर करके रोक लगा दी है, या हमारे द्वारा कोई रोक लगाई गई है।

मालवा ने कहा कि जगराओं से विधायक सरबजीत कौर मानूके ने जगराओं के विकास के लिए दोनों गुटों की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें दोनों पक्षों के चार-चार पार्षदों को बैठकर आपसी सहमति से विकास कार्य पूरा करने पर चर्चा करनी थी. बैठक में प्रधान गुट के चार सदस्यों की जगह नौ सदस्य पहुंचे, जिससे बैठक पूरी नहीं हो सकी. मालवा ने कहा कि राणा विकास कार्यों की जिम्मेदारी स्वयं लेते हैं। लोगों पर इतने बड़े-बड़े बोर्ड लगाकर वे केवल ड्रामा कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि वे क्या खाते-पीते हैं, उसके बढ़ने या घटने के बारे में उन्हें कुछ नहीं पता. मालवे ने कहा कि अध्यक्ष राणा ने मंडी में एक सरकारी जगह के बगल में बैठकर अवैध रूप से दुकान का निर्माण कर लिया है, जिसकी शिकायत विभाग को दी गई है और जो विचाराधीन है।

मालवा ने कहा कि अगर वे इतने ही ईमानदार हैं तो जब रायकोट रोड पर स्टील मोल्डिंग इंटरलॉक टाइल्स लगाई जानी थी, जिसके स्थान पर टाइलें बिछाकर स्टील मोल्डिंग टाइलें लगाई जा रही थीं, तब उनकी ईमानदारी कहां थी। कई वर्ष बीत जाने के बाद भी उस सड़क का काम आज भी अधूरा है।

इस मौके पर बोलते हुए पार्षद कमरपाल और रविंद्र कुमार सबरवाल ने कहा कि वे हम पर बेईमान होने और कमीशन लेने का आरोप लगा रहे हैं, उन्होंने कहा कि किसी को बेईमान कहने से कोई बेईमान नहीं हो जाता, हमारी बेईमानी साबित होती है. अगर हमारे 11 पार्षदों में से किसी ने भी नगर परिषद की संपत्ति पर अवैध कब्जा किया है तो हम अपना सिर मुंडवा लेंगे. उन्होंने कहा कि उन्हें देखना चाहिए कि उन्होंने कहां-कहां कब्जा किया है. इस मौके पर जानकारी देते हुए पार्षद सतीश कुमार पप्पू और पार्षद जग्गी ने बताया कि जो सड़कें पहले अध्यक्ष राणा ने बनाई थीं, उनके टेंडर दोबारा लगाए गए ताकि भ्रष्टाचार किया जा सके।

## श्याम बाबा पर अटूट विश्वास, चमत्कार देख रोने लगी महिला

महिला का खोया पर्स 4 दिन बाद, हिंदू भाई ने किया वापिस, महिला व पर्स लौटाने वाला दोनो श्याम बाबा के निकले भक्त, - रोजाना होते है खाटू धाम मंदिर खन्ना नतमस्तक

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण



महिला को पर्स वापिस लौटाते हुए

**खन्ना, 22 नवंबर।** कलयुग के जमाने में आज भी ईमानदारी और इंसानियत जिंदा है। इसकी जीती जागती मिसाल खन्ना में सामने आई है। जानकारी के अनुसार खन्ना निवासी सीमा रोजाना की तरह अपने घर के काम से अपने छोटे बेटे के साथ मार्केट में थे। सीमा ने बताया की वह अपने पारिवारिक सदस्य को जरूरी सामान कनाडा कोरियर करके मार्केट के और काम कर रहे थे। जीटी रोड पर वह कुछ सामान ले रहे थे। सामान लेकर जब वह जाने लगे तो उन्हे बिल्कुल भी पता नहीं लगा, की उसका पर्स गिर गया है। पर्स में कुछ पांच हजार के पास कैश और कैनेडियन डॉलर और कुछ जरूरी कागजात थे।

घटना के बाद खन्ना निवासी विनीत बत्ता जहां पर महिला का पर्स गिरा था। उसके पास ही उनकी दुकान है। खुशकिस्मती से वह पर्स उनके हाथ लग गया। उन्होंने पर्स में ढूंढा पर उन्हें मालिक का कोई संपर्क नंबर नहीं मिला। जिस पर वह संपर्क करके पर्स महिला मालिक को वापिस दिया जा सके। उन्होंने जब पर्स को दोबारा चेक किया तो उसमे उन्होंने पाया की यह परस हिंदू परिवार से संबंध रखती महिला का है और उसमे खाटू धाम मंदिर खन्ना में की गई सेवा की पर्ची थी तो वनीत बत्ता ने अपनी इंसानियत, हिंदू धर्म और भक्ति दिखाते हुए ये थान लिया की किसी भी तरह से यह परस उन महिला को ढूंढकर वापिस करके रहेंगे। क्योंकि वनीत भी खाटू धाम मंदिर खन्ना बाबा के दर्शन करने जाते रहते है।

परस मालिक महिला ने जो कुछ जरूरी सामान बाहर कनाडा कोरियर किया था। उसकी रसीद परस में थी तो वनीत ने कहा की उनके भी कुछ पारिवारिक सदस्य बाहर कनाडा में रहते है रसीद में कनाडा में भेजे गए समान की रसीद पर बाहर का संपर्क नंबर था। तो उन्होंने अपने पारिवारिक सदस्यों से इस घटना को सांझा किया तो बाहर रहते हुए उन्होंने भी इस सेवा वाले नेक कार्य में अपना पूर्ण योगदान डाला। अंत में सभी की मेहनत रंग लाई।

4 दिन बाद वनीत बत्ता का परस मालिक महिला से संपर्क हुआ। वनीत ने महिला का सारी कहानी बताई की ऐसे ऐसे करके जो आपका परस खो गया था वो हमारे पास है। इतना सुनते ही महिला की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था। उन्होंने आपस में ताल मेल करके एक जगह इक्कठे हुए और वनीत बत्ता ने परस मालिक महिला सीमा को उनका परस सही सलामत वापिस किया। सीमा ने कहा की परस में सभी कागज़ाद और पैसे जो जो था सब वैसे ही पूरा था। सीमा और उनके परिवार ने वनीत बत्ता का दिल से धन्यवाद किया।

सीमा ने बताया की वह भी खाटू धाम मंदिर जाते है और बाबा के अनन्य भक्त है। उन्होंने मंदिर में बाबा के समक्ष भी दिल से अरदास की थी, की उनका खोया परस उन्हे सही सलामत वापिस मिल जाएं। उन्होंने कहा की किस्मत का खेल देखिए की जिन्हे परस मिला वो भी श्याम बाबा के भक्त निकले। हमारी श्याम बाबा ने अरदास सुन पूरी की। हम जिन्दगी भर बाबा के कर्जदार रहेंगे। उन्होंने कहा की आज के कलयुग जमाने में जहां कोई किसी के गिरे हुए 100 रुपए उठाकर वापस नहीं करता। वहीं वनीत बत्ता जैसे हिंदू धर्म में सच्चे सनातनी भाई देशभर में रह रहे लोगों के लिए मिसाल है। जिन्होंने अपना धर्म समझते हुए 3 से 4 दिन खुद मेहनत कर सात समुंद्र पार रह रहे उनसे सेवा कार्य में अपना हिस्सा डलवाकर खोया परस उन्हे वापिस किया। अंत में सीमा ने वनीत बत्ता और श्याम बाबा का दिल से आभार व्यक्त किया। इस शुभ मौके सीमा, वनीत बत्ता और परवीन धवन मौजूद थे।

# अडानी मामले की करवाई जाए जेपीसी जांच : प्रतिभा

अमरीका में अडानी के खिलाफ उच्च मूल्य वाले सौर ऊर्जा अनुबंधों को हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को 2236 करोड़ की घूस देने के आरोप पर अरैस्ट वारंट जारी होने को गंभीर बताया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने कारोबारी गौतम अडानी मामले में जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) से जांच करवाने की मांग की है, ताकि सच्चाई देश के सामने आ सके। उन्होंने अमरीका में अडानी के खिलाफ उच्च मूल्य वाले सौर ऊर्जा अनुबंधों को हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को 2236 करोड़ की घूस देने के आरोप पर अरैस्ट वारंट जारी होने को गंभीर बताया। शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि कांग्रेस पहले से ही देश में अडानी के कामकाज पर सवाल उठाती रही है, पर न तो कभी जांच एजैंसियों ने कोई कार्रवाई की और न ही सरकार ने कभी कोई जांच के आदेश दिए। अब अमरीका की अदालत से अडानी के इस कथित घूस कांड के बाद गिरफ्तारी वारंट जारी होने से स्पष्ट है कि अडानी प्रतिभूति धोखाधड़ी में शामिल रहे हैं।

प्रतिभा सिंह ने कहा है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले से ही अडानी के प्रतिभूत धोखाधड़ी, शेयर बाजार को प्रभावित करने व सेवी से उनके कथित सम्बंधों की जांच की मांग करते रहे हैं परंतु अफसोस है कि भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ कथित तौर पर अडानी की नजदीकियां होने की वजह से आज दिन तक उन पर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा प्रतिभा सिंह ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की सेवी प्रमुख को उनके पद से तुरंत हटाने व अडानी को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग का पुरजोर समर्थन किया है।

## भाजपा नेता सत्ता के लालच में हुए राजनीतिक दिवालियापन का शिकार : अवस्थी

विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश भाजपा के नेता सत्ता के लालच में राजनीतिक दिवालियापन का शिकार हो चुके हैं तथा उन्हें आज न प्रदेश के लोगों की चिंता है और न ही राज्य के हितों की। शिमला से जारी बयान में उन्होंने कहा कि गत 5 वर्ष में जयराम ठाकुर सत्ता में रहते हुए सोए रहे और प्रदेश हितों की अनदेखी की तथा लोगों को डबल इंजन की सरकार का हवाला देकर बरगलाने की कोशिश के अलावा और कुछ नहीं किया। लेकिन अब जनता को बरगलाने में लगी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार राज्य के हितों को सुरक्षित रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और इसके लिए विभिन्न मोर्चों पर लड़ाई लड़ी जा रही है। अवस्थी ने कहा कि आपदा के दौरान पूरी प्रदेश सरकार प्रभावित परिवारों की मदद के लिए ग्राऊंड जीरो पर काम कर रही थी, वहीं भाजपा नेता सियासी रोटियां सेंकने में व्यस्त थे।

## शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**सोलन (अप्रस)।** राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर सोलन में कालेज केन्द्रीय छात्र संगठन का 'शपथ ग्रहण समारोह' आयोजित किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर राजिंदर कश्यप ने नव गठित केंद्रीय छात्र संगठन के सभी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। महक ने अध्यक्ष , प्रियांशी ने उपाध्यक्ष, आरुषी ने सचिव तथा दिवांशी ने संयुक्त सचिव के पद की शपथ ग्रहण की तथा कक्षा प्रतिनिधियों व मनोनीत सदस्यों ने भी शपथ ग्रहण की । शपथ ग्रहण के बाद कॉलेज अध्यक्ष महक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्रों को अपने उदेश्य की प्राप्ति के लिए ध्यान केंद्रित रखने के लिये प्रेरित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने नव गठित केंद्रीय छात्र पारिषद के सभी सदस्यों को बधाई दी और कॉलेज प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर लगभग 100 विद्यार्थी , शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहे। मंच का कुशल संचालन प्रोफेसर हिमांशी गर्ग के द्वारा किया गया।

## सोलन के शमरोड़ प्राइमरी स्कूल को हेट्रो लैब बद्दी ने दिए 10 कंप्यूटर



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन।** जिला सोलन के राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला शमरोड़ को हेट्रो लैब लिमिटेड बद्दी ने कंप्यूटर लैब बनाने के लिए 10 कंप्यूटर दिए हैं। स्कूल के केंद्र अध्यक्ष मनोहर सिंह ने बताया कि स्कूल को हेट्रो लैब द्वारा 10 कंप्यूटर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक शशिपॉल शर्मा द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किया जा रहे उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए यह कंप्यूटर दिए गए हैं। अध्यापक द्वारा ही हेटेरो लैब प्रबंधक वेंकट रेड्डी से अपने स्तर पर पत्राचार किया गया जिसमें पाठशाला को 10 कंप्यूटर प्रदान करने का प्रस्ताव रखा गया था जिसे हेट्रो लैब ने स्वीकार किया। अब अगले वर्ष से इस पाठशाला में नियमित कंप्यूटर कक्षाएं चलाने के लिए केंद्र अध्यक्ष मनोहर सिंह व पाठशाला के अध्यापक राजेश शर्मा, शशि पॉल व पुष्पा देवी ने अपनी प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर शिक्षा के माध्यम से छात्र नई जानकारियां प्राप्त करेंगे व उज्वल भविष्य के लिए तैयार होंगे। नई कंप्यूटर लैब छात्रों को कंप्यूटर सीखने की बेहतर सुविधाओं व उनके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। अध्यापक शशि पाल शर्मा पिछले 14 वर्षों में जिस भी पाठशाला में रहे हैं वहां उन्होंने कंप्यूटर कक्षाएं अपने स्तर पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और स्कूलों को स्मार्ट स्कूल बनाया है।

## तेंदुए का आतंक, पशुशाला में घुसकर 2 बकरों व एक बकरी को बनाया शिकार

**स्वारघाट (अप्रस)।** बिलासपुर जिला के उपमंडल स्वारघाट के तहत आने वाली ग्राम पंचायत कुटैहला में तेंदुए के आतंक से ग्रामीण सहम गए हैं। गत रात्रि तेंदुए ने कुटैहला (सतगढ़) गांव में हरनाम सिंह की पशुशाला में घुसकर 2 बकरों व एक बकरी को मार दिया है। इससे बकरी पालक हरनाम सिंह को करीब 70 से 80 हजार रुपए का नुक्सान हुआ है। सूचना मिलने के बाद शुक्रवार सुबह ही स्थानीय ग्राम पंचायत कुटैहला के प्रधान व उपप्रधान ने घटनास्थल का दौरा कर पीड़ित बकरी पालक को वन विभाग एवं सरकार से उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है। बकरी पालक हरनाम सिंह ने बताया कि वह बकरी पालन का काम कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। गत रात्रि करीब अढ़ाई बजे तेंदुआ उसके घर के साथ बनी पशुशाला में घुस गया, जहां 12 बकरियों को बांधा गया था। कुत्तों के भौंकने पर जब परिवार के लोग जागे तो तेंदुआ मौके से भाग गया। तेंदुआ 2 बड़े बकरों को मारकर जंगल की तरफ ले गया था जबकि तीसरी बकरी को मारकर ले जा रहा था।

## जयनगर कॉलेज रोड सेफ्टी क्लब ने सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का किया आयोजन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन।** छात्रों के बीच सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से, कॉलेज के रोड सेफ्टी क्लब ने 22 नवंबर 2024 को एक स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को एक रचनात्मक गतिविधि में संलग्न करना था, जो सुरक्षित ड्राइविंग अभ्यास और जिम्मेदार सड़क व्यवहार को प्रोत्साहित करती है।

प्रतिभागियों को ÷सड़क सुरक्षा आपकी जम्मिेदारी÷ थीम के तहत अपने स्लोगन तैयार करने और जमा करने के लिए एक घंटे का समय दिया गया। स्लोगनों का मूल्यांकन मौलिकता, रचनात्मकता और थीम से प्रासंगिकता के आधार पर किया गया। क्लब की संयोजक, प्रोफेसर प्रगति कश्यप के अनुसार, प्रतियोगिता काफी सफल रही जिससे छात्रों की सड़क सुरक्षा के प्रति समझ में उल्लेखनीय सुधार हुआ और सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति एक मजबूत जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा मिला। छात्रों की उत्साही भागीदारी ने इस तरह की पहलों के महत्व को रेखांकित किया, जो युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने में सहायक हैं।

# कांग्रेस सरकार ने किया लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की आवाज दबाने का दुर्भाग्यपूर्ण कार्य, भाजपा करती है कड़ी निंदा : नंदा

मीडिया के संस्थानों पर लगातार दबाव बनाती है कांग्रेस

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा सुबह से मुख्यमंत्री के कैबिनेट रैंक मित्र मीडिया सलाहकार की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है , उसमें साफ दिख रहा है कि जिस प्रकार से एक मीडिया कर्मी जनता की आवाज कांग्रेस के कैबिनेट रैंक मित्र तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है उसके साथ कांग्रेस नेता ने जिस प्रकार का व्यवहार किया है वह दुर्भाग्यपूर्ण है। अगर कोई मीडिया कर्मी नेता से प्रश्न पूछता है तो उसका उसको जवाब देना चाहिए, ना की अपना आपा खोते हुए उसका कैमरा बंद करने एवं उसको अपने दफ्तर से बाहर का रास्ता दिखने का प्रयास करना चाहिए।

नंदा ने कहा कि भाजपा लगातार सरकार से पूछ रही है कि जिस प्रकार से पर्यटन विभाग को लेकर उच्च न्यायालय का एक निर्णय आया है उसको लेकर सरकार क्या करने वाली है ? क्या वह होटल सरकार के प्रधान अपने मित्रों को तो नहीं देना चाह रहे है ? अगर इस विषय को लेकर मीडिया कर्मी कांग्रेस नेताओं से सवाल पूछते हैं, कि क्या यह होटल बंद हो जाएंगे ? तो उसमें पत्रकारों का क्या दोष है ?

उन्होंने कहा कि पत्रकार जनता एवं नेता के बीच में संवाद सेतु का काम करता है और अगर किसी सरकार ने इस सेतु को खंडित करने का प्रयास किया है तो वह केवल कांग्रेस की सरकार ही है। पत्रकारों की आवाज दबाने का जो प्रयास लगातार सरकार कर रही है वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है, अगर मीडिया में कुछ खबरें प्रकाशित हो जाए या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में चल जाए तो उससे इस सरकार के पेट में दर्द हो जाती है। पत्रकारिता के जुड़े संस्थाओं को लगातार दबाने का प्रयास किया जाता है, यह लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की आवाज दबाने का दुर्भाग्यपूर्ण कार्य है जिसकी भाजपा कड़ी निंदा करती है।

ऐसे ही कुछ प्रकरण को लेकर जब विधानसभा में भाजपा के विधायक रणधीर शर्मा ने आवाज उठाई थी तब भी मुख्यमंत्री ने किसी भी प्रकार का जवाब नहीं दिया था, उसी दिन सीएम की चुप्पी से यह स्पष्ट हो गया था की कांग्रेस सरकार मीडिया विरोधी है और सच से भागने का काम करती है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के मीडिया सलाहकार स्वयं मीडिया को लंबे समय से देख रहे हैं अगर वह मुख्यमंत्री की आवास बनाकर मीडिया कर्मियों के साथ इस प्रकार का व्यवहार करते हैं तो कांग्रेस की असली छवि जनता के सामने उजागर हो जाती है।

## आंगनवाड़ी सहायिकाओं के 12 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ऊना।** ग्राम पंचायत संतोषगढ़ के वार्ड 2, 4, 7, 8 व 9, बसदेहड़ा के 13, सनोली राजपूत जट मुहल्ला 2, त्यूड़ी 3, भटोली 1, बदोली 1, बसोली नाले मुहल्ला तथा नंगल सलांगड़ी में रिक्त आंगनवाडी सहायिकाओं के पदों को भरने के लिए महिला उम्मीदवारों 18 दिसम्बर, 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए सीडीपीओ हरोली शिव सिंह वर्मा ने बताया कि इन पदो के लिए कम से कम जमा दो उत्तीर्ण 18 से 35 आयुवर्ग और आंगनवाड़ी सर्वे क्षेत्र की स्थाई निवासी की महिलाएं पात्र होंगी। उम्मीदवार के परिवार की वार्षिक आय सभी संसाधनों से 50,000 रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। आय प्रमाण पत्र संबंधित तहसील के तहसीलदार अथवा नायव तहसीलदार द्वारा जारी ही मान्य होगा। उम्मीदवार का चयन मैरिट के आधार पर 25 अकों में होगा, जिसमें जमा दो में प्राप्त अंक प्रतिशतता में भाग दस में अधिकतम 7, स्नातक को 2 अतिरिक्त अंक और इससे अधिक योग्यता के लिए एक अतिरिक्त अंक शामिल होगा। में से निम्न प्रकार से किया जाएगा।

वे उम्मीदवार जिन के पास एक वर्ष का आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका, बालसेविका, बालवाड़ी टीचर, नर्सरी टीचर, सिलाई टीचर जो उसी पंचायत में कार्यरत हो तथा 10 माह के लिए शिशुपालक केन्द्र चलाने का अनुभव हो, को अनुभव के प्रत्येक बर्ष के लिए 1 अंक तथा अधिकतम 3 अंक। ये अंक तभी मान्य होगें, जब प्रार्थी को नर्सरी ट्रेंनिंग टीचर का मान्यता प्राप्त संस्थान से डिप्लोमा कोर्स से सम्बन्धित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र शिक्षा विभाग के उप निदेशक या जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होना अनिवार्य है, प्रार्थी द्वारा सम्बन्धित ग्रमपंचायत के अर्नतगत स्थित नर्सरी स्कूल में अध्यापन कार्य का अनुभव हो।

## न्यूज ब्रीफ

### सुन्हानी स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन



**शाहतलाई (अप्रस)।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्हाणी में वार्षिक पारितोषित वितरण समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रधानाचार्य रवि चंद्र बैंस ने की। वहीं, इस कार्यक्रम में झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने स्कूल के मेधावी बच्चों को सम्मानित भी किया। वहीं, उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, इन्हें संजोये रखने में सभी लोगों को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों की हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखें। उन्होंने कहा कि वर्तमान का समय प्रतिस्पर्धा है। बिना मेहनत के किसी भी क्षेत्र में सफलता नहीं मिल पाती है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि बच्चे कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ें। उधर, इससे पहले स्कूल पहुंचने पर मुख्य अतिथि का स्कूल स्टाफ सदस्यों ने स्वागत किया। स्कूल प्रधानाचार्य ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। उन्होंने भी बच्चों से आह्वान किया कि बच्चे कड़ी मेहनत करें। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष पवन डोगरा, प्रकाश शर्मा, कौशल, हरीदास, भूपेंद्र महाजन, पूर्व प्रधान गायत्री, स्थानीय बीडीसी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने स्कूली बच्चों को 5100 रुपये की राशि प्रदान की। वहीं, स्कूल में जल्द ही स्टेज बनाने की स्कूल प्रशासन की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया।

### जिला परिषद ऊना की त्रैमासिक बैठक 28 नवंबर को

**ऊना (अप्रस)।** जिला परिषद ऊना की त्रैमासिक बैठक 28 नवंबर को पूर्वाह्न 11.30 बजे जिला परिषद सभागार में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद की अध्यक्ष करेंगी। जिला पंचायत अधिकारी एवं सचिव, जिला परिषद ऊना, श्रवण कुमार ने बताया कि बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, आय-व्यय का अनुमोदन, 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत कार्य योजनाओं में बदलाव तथा अनुपूरक कार्य योजनाओं का अनुमोदन जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों से संबंधित मामलों और अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और सदस्यों से निर्धारित समय और स्थान पर उपस्थित होकर बैठक में भाग लेने का अनुरोध किया है।

### पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**नेरचौक (गोविन्द ठाकुर)।** गोविन्द बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, हिमाचल क्षेत्रीय केंद्र, मोहल-कुल्लू में उद्यान विभाग की महक परियोजना द्वारा वित्त पोषित सुगन्धित पौधों के रोपण एवं कटाई के पश्चात प्रबंधन एवं विपणन शीर्षक पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुंदरनगर और बल्ह , जिला मंडी के 38 किसानों ने प्रतिभाग लिया तथा सुगन्धित पौधों की खेती से सम्बंधित समस्त आयामों पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस कार्यक्रम में किसानों को विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा सैद्धांतिक तथा व्यावहारिक दोनों माध्यमों से प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एक प्रशिक्षण पुस्तिका भी तैयार की गई जिसका वितरण समस्त किसानों को किया गया तथा कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गए।

# ओल्ड सनावरियन सोसाईटी द्वारा एनुअल क्रिकेट का आयोजन मुल्लांपुर स्टेडियम में

## देश के टाप पांच प्रतिष्ठित स्कूलों के पूर्व छात्रों की टीमें ले रही हैं भाग

अर्थ प्रकाश /यशपाल कपूर

**सोलन।** ओल्ड सनावरियन सोसाईटी (ओएसएस) द्वारा आयोजित किये जा रहे नौवें एनुअल क्रिकेट बैश (एसीबी) 2024 का आयोजन 22 नवंबर से 24 नवंबर तक चंडीग? के निकट मुल्लांपुर स्थित महाराजा यादवेन्द्र सिंह इंटरनैश्नल क्रिकेट स्टेडियम में किया जायेगा। यह एक वार्षिक आयोजन है जिसमें भाग रहे देश के प्रतिष्ठित स्कूलों/कालेजों के पूर्व छात्र इस क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेते हैं। इसी क?ी में गुरुवार को सनावर स्थित दी लारेंस स्कूल में भाग ले रही टीमों, ओएसएस सदस्यों और स्कूल प्रबंधकों के बीच ट्राफी का अनावरण किया गया। ओएसएस प्रेजिडेंट पंकज सप्रू ने अनावरण समारोह के दौरान प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुये बताया कि टूर्नामेंट की मेजबानी इस वर्ष दी लारेंस स्कूल, सनावर कर रहा है जिसमें मेजबान सहित चार अन्य टीमें भाग ले रही हैं।

एसीबी का पहला संस्करण 2015 में करवाया गया था जिसमें टूर्नामेंट को वर्ष दर वर्ष व्यापक रिस्पांस मिल रहा है। दी सनावर स्कूल, लारेंस की कप्तानी आदित्य जैन करेंगे जबकि सिंधिया स्कूल, ग्वालियर की कमान कुनाल मिसरा के हाथों में हैं। वीर विक्रम यादव मायो कॉलेज, अजमेर की अगुवाई करेंगे जबकि डेली कॉलेज, इंदौर की कप्तानी तेजवीर जुनेजा करेंगें। दून स्कूल, देहरादून के कप्तान श्रीवत्स चन्द्र होंगें। सप्रू ने बताया कि हर टीम में 18 सदस्यों का स्क्वाड है जिसमें चार प्लेयर्स तीस वर्ष से कम जबकि दो प्लेयर्स पचास वर्ष से अधिक होना अनिवार्य है। स्कूल /कालेज अधिकारिक तौर पर इस टूर्नामेंट के लिये अपनी टीम भेजता है। तीन दिनों में बीसीसीआई अम्पायर्स की देखरेख में फाइनल सहित कुल 11 टी-20 मैच खेले जायेंगें। प्रत्येक जीत पर दो अंक मिलेंगे जबकि रद्द व टाई होने पर एक एक अंक बटेंगें। लीडरबोर्ड पर टाप दो टीमों के बीच फाइनल आयोजित होगा। टूर्नामेंट के अंत में बेस्ट बेटर, बॉलर, फील्डर, विकेटकीपर के साथ साथ टूर्नामेंट आफ दी प्लेयर को भी पुरस्कृत किया जायेगा। हर मैच की अपडेट क्रिकहीरोज एप पर उपलब्ध रहेगी। टूर्नामेंट को ओएसएस के साथ दी लारेंस स्कूल, सनावर, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड का समर्थन प्राप्त है जबकि अन्य स्पांसर्स में डायजियो, कोका कोला, साईना ज्यूल्स और गोपाल स्वीट्स शामिल हैं।

इससे पूर्व गुरुवार को ओएसएस और स्कूल प्रबंधकों ने भाग ले रही टीमों का स्कूल परिसर में भव्य स्वागत किया। टीमों को स्कूल का दौरा करने के बाद टीमों के कप्तानों ने वार मेमोरियल में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद स्कूल चैपल (चर्च) में आयोजित कोएर (समूह गान) में स्कूली बच्चों नें टीमों का स्वागत किया। इसके बाद स्कूल के ऐतिहासिक मैदान - पीसस्टेड में स्कूल हेडमास्टर हिम्मत सिंह ढिल्लों और आमंत्रित अतिथियों की मौजूदगी में टीमों का परिचय और ट्राफी का अनावरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल बेंड ने अपनी प्रस्तुति भी दी। अंत में, स्कूल हेडमास्टर हिम्मत सिंह ढिल्लों ने वोट ऑफ थैंक्स में भाग ले रही टीमों को शुभकामनायें व्यक्त की।

## दबंगई ,व्यवस्था परिवर्तन का नया अविष्कार मीडिया को धमका रही प्रदेश सरकार : विवेक शर्मा

मीडिया पर निरंतर, अंकुश के पश्चात दबंगई नई व्यवस्था हिमाचल प्रदेश में मीडिया पर घोषित इमरजेंसी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने नरेश चौहान मीडिया सलाहकार हिमाचल सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा मीडिया का प्रश्न पूछना सरकार को इतना परेशान क्यों कर रहा, इस परेशानी का सबब जाना जरूरी है। प्रश्न के बीच छुपी प्रदेश की जन भावनाओं ने सरकार को आखिर इतना विचलित क्यों कर दिया है यह प्रदेश वासी जानना चाहते है।

क्या सोशल मीडिया पर प्रदेश की वर्तमान मित्रों की सरकार की विदाई की धुन ने प्रदेश की वर्तमान सरकार के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान को परेशान तो नहीं कर दिया है?

अभी तक वर्तमान सरकार के ऊपर भूमि माफिया, तबादला माफिया, ड्रग माफिया, शराब माफिया, खनन माफिया, के इल्जाम लग रहे थे अब दबंग माफिया भी दिखने लगा है।

कभी मीडिया के ऊपर सेंसरशिप की टिप्पणियां होती हैं। कभी उन्हें नोटिस देकर धमकाया जा रहा है,तो कहीं मुख्यमंत्री की छवि सुधारने के लिए डायरेक्टर पब्लिक इनफॉरमेशन ऑफिस की तरफ से फोटो छापने तक के अधिकार से मीडिया को वंचित किया जा रहा है।

सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिकारियों की

न्यायालय में आवाज नहीं निकलती हैं। कांग्रेस के प्रवक्ता और मीडिया एडवाइजर चैनल व प्रिंट मीडिया के पत्रकारों को धमकाते हैं। यह भी एक नई व्यवस्था परिवर्तन है।

न्यायालय के फैसले में 25 नवंबर को इन सभी हिमाचल पर्यटक निगम के 18 होटल को बंद करने का आदेश जारी कर दिया है। फैसला लिखने से पूर्व न्यायाधीश महोदय ने सरकार से इन व्यावसायिक संस्थान, होटलों को प्रॉफिटेबिलिटी में कन्वर्ट करने की योजना मांगी थी जो सरकार प्रस्तुत नहीं कर पाई या नहीं करना चाहती थी

**लोकगीतों में जनजीवन पर आधारित पुस्तक भेंट, उपायुक्त बिलासपुर ने की सराहना**

# पुस्तक हमारी संस्कृति के विविध आयामों को समझने और उसे संजोने में होगी सहायक सिद्ध

अर्थ प्रकाश/ अजय मल्होत्रा

**शाहतलाई।** वरिष्ठ साहित्यकार रामलाल पाठक ने अपनी हाल ही में प्रकाशित पुस्तक 'लोकगीतों में जनजीवन' वीरवार को उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक, पुलिस अधीक्षक संदीप धवल और अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. निधि पटेल को भेंट की। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने पुस्तक के लिए रामलाल पाठक की सराहना करते हुए इसे लोक संस्कृति और परंपराओं को सहेजने का उत्कृष्ट प्रयास बताया।

**उपायुक्त ने की पुस्तक की प्रशंसा**
उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने पुस्तक की प्रशंसा करते हुए कहा कि 'लोकगीतों में जनजीवन' पुस्तक जिला बिलासपुर की युवा पीढ़ी को समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, लोकगीत, लोकनृत्य और लोक परंपराओं से परिचित कराने का अनूठा प्रयास है। उन्होंने कहा, 'यह पुस्तक हमारी संस्कृति के विविध आयामों को समझने और उसे संजोने में सहायक सिद्ध होगी। रामलाल पाठक का यह प्रयास प्रेरणादायक है और आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने में मदद करेगा।'

**पुलिस अधीक्षक ने सांस्कृतिक संरक्षण की सराहना :** पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने लेखक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी संस्कृति और रीति-रिवाजों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। उन्होंने कहा, 'इस पुस्तक में संकलित कहानियां और तथ्य युवा पीढ़ी को हमारी पुरानी संस्कृति और परंपराओं को समझने में मदद करेंगे। यह प्रयास समाज और संस्कृति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।'



प्रकाशित पुस्तक 'लोकगीतों में जनजीवन' भेंट करते हुए।

**लेखक की उपलब्धियां और पृष्ठभूमि :** गांव निहारखन बासला (चिड़की), डाकघर ब्रह्मपुखर, तहसील सदर निवासी रामलाल पाठक एक किसान और प्रख्यात लेखक हैं। उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में चार दशकों तक उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनके दर्जनों लेख प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं जैसे वीर प्रताप, जनसत्ता, दैनिक ट्रिब्यून, अजीत समाचार और हिमाचल दस्तक में प्रकाशित हो चुके हैं। गिरिराज साप्ताहिक, हिमप्रस्त, पंचजगत, सोमसी और हिमभारती में भी उनका योगदान सराहनीय रहा है।

**पुस्तक का महत्व :** 'लोकगीतों में जनजीवन' पुस्तक न केवल जिला बिलासपुर के लोकगीतों की समृद्ध परंपरा को उजागर करती है, बल्कि समाज के सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन की झलक भी प्रस्तुत करती है। इसमें जन्म संस्कार गीत, विवाह संस्कार गीत, लोक नाटक दहजा, मोहना गीत, गंभरी देवी की जीवनी, गुगा गाथा, फूला चंदेल के पारंपरिक लोक नृत्य और हिमाचल की बोलियों का संकलन किया गया है।

### अतिरिक्त उपायुक्त ने दी शुभकामनाएं

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. निधि पटेल ने कहा कि रामलाल पाठक ने लोक संस्कृति के संरक्षण के लिए जो प्रयास किए हैं, वे अत्यंत प्रशंसनीय हैं। उन्होंने कहा, 'यह पुस्तक न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखने में सहायक है, बल्कि परंपराओं को अगली पीढ़ियों तक पहुंचाने का मार्ग भी प्रशस्त करती है।'

# सत्ता की भूख में लोकतंत्र को भूल गई भाजपा : कुमारी सैलजा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने



महाराष्ट्र और झारखंड चुनाव के नतीजों पर कांग्रेस की जीत का दावा करते हुए कहा कि भाजपा में सत्ता की भूख इस कदर हावी है कि वह लोकतंत्र और संविधान तक को भूल गई, आज भाजपा लोकतंत्र मिटाने में लगी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता के मद में चूर भाजपा ने लोकतंत्र और संविधान को ताक पर रख दिया है।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा का लोकतंत्र में विश्वास रहा ही नहीं है, देश ने महाराष्ट्र में भाजपा का असली चेहरा देख लिया है, किस प्रकार से मतदाताओं को लुभाने के लिए उनके वोट खरीदें गए। एक वरिष्ठ भाजपा नेता पर नोट बांटने के आरोप लगे सभी ने देखा, कैसे लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सत्ता के लिए राजनीतिक दलों में तोडफोड का काम शुरू कर रखा है, महाराष्ट्र में किस प्रकार शिवसेना और एनसीपी में तोड़फोड़ कर सरकार बनाई क्योंकि भाजपा को लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास रहा ही नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सदा ही जनता को गुमराह करती आई है पर अब जनता भाजपा के जाल में फंसने वाली नहीं है, जनता सच जान चुकी है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रहा है, उन चुनाव में भी इंडिया गठबंधन शानदार प्रदर्शन करने जा रहा है।

कुमारी सैलजा ने कहा कि ईवीएम का मुद्दा कांग्रेस की ओर से चुनाव आयोग के समक्ष उठाया गया था पर चुनाव आयोग ने जो जवाब दिया उससे सब हैरान है। उन्होंने कहा कि ईवीएम को लेकर कांग्रेस अपना पक्ष हर मंच पर उठाती रहेगी। उन्होंने कहा कि सत्ता की भूख में भाजपा लोकतंत्र को भूल चुकी है। उन्होंने कहा कि मेरा परिवार कांग्रेस है और वे कांग्रेस को छोड़कर कभी भी कहीं जाने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता को गुमराह करने में लगी हुई है, झूठी घोषणाएं करना और फिर उन्हें पूरा न करना यही भाजपा की विशेषता है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव नतीजे बता देंगे कि जनता बदलाव चाहती है।

## प्राईवेट बस के पीछे कार की हुई टक्कर, 6 घायल

**सफीदों, (दीवान)।** सफीदों-असंध मार्ग पर गांव आफताफगड़ के मोड़ के पास प्राईवेट बस के पीछे कार की जबरदस्त टक्कर हो गई। इस टक्कर में कार में सवार 6 लोग बुरी तरह से घायल हो गए। राहगीर घायलों को सफीदों के नागरिक अस्पताल में लेकर आए। जहां पर डाक्टरों ने उनकी गंभीरावस्था को देखते हुए प्राथमिक उपचार देकर उन्हे पीजीआई रैफर कर दिया। घायलों की पहचान ज्योति (35), नर्मदा (31), संदीप (35), शिव (13), सौरव (31) व मानवी (15) निवासी रोहतक के रूप में हुई है। ये सभी लोग समालखा से बारात में सफीदों उपमंडल के गांव रोहड़ में आए हुए थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस घटना में घायल एक महिला का आरोप था कि उनकी कार ठीकठाक चल रही थी कि अचानक एक ब्रेकर आया और बस चालक ने एकदम से ब्रेक लगा दिए। एकदम से ब्रेक लगने के कारण उनकी कार बस में जा टकराई व चकनाचुर हो गई और वे बुरी तरह से घायल हो गए।

# 275 लोगों को लाल डोरा जमीन की सौंपी उसके मालिकों को रजिस्ट्री

## आदित्य सुरजेवाला ने की विधानसभा में झूठ से शुरूआत: सुरभि गर्ग

अर्थ प्रकाश /ओम प्रकाश



**कैथल।** कैथल नगर परिषद द्वारा आज शहरी क्षेत्र में लाल डोरे के भू-मालिकों को मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के पात्र परिवारों को आज स्वामित्व पत्र (रजिस्ट्री) वितरण की गई। भाई उदय सिंह किले पर आयोजित कार्यक्रम में आज मुख्यातिथि जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़ व चेयरपर्सन सूरभि गर्ग द्वारा 275 लोगों को यह रजिस्ट्री वितरित की गई। इससे पहले 25 लोगों को रजिस्ट्री वितरित की जा चुकी है। जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़ ने कहा कि पहले लाल डोरे के दायरे में रहने वाले लोगों के पास मकान व प्लाट तो थे लेकिन उनके मालिकाना हक का कोई दस्तावेज उनके पास नहीं था, जिस कारण वे अपने मकान व प्लाट का ना तो किसी को बेच सकते थे और ना ही खरीद सकते थे। इसके अलावा अगर उन्हें अपने प्लाट पर कोई लोन लेना हो वो ले सकते थे। कैथल शहर की बात करें तो ऐसे 8500 परिवार हैं, जिनको मालिकाना हक भाजपा सरकार द्वारा दिया जाएगा। मुनीष ने कहा कि इस समस्या से सभी परेशान थे। भाजपा सरकार ने उनकी समस्या को देखते हुए उन्हें उनकी जमीन का मालिकाना हक देने का फैसला लिया था, अब सभी को जमीन की रजिस्ट्री वितरित की जा रही है। चेयरपर्सन सूरभि गर्ग ने कहा कि आज रजिस्ट्री के अलावा लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 50 लोगों को किश्तें पूर्ण होने पर सर्टिफिकेट भी सौंपे गए हैं। रजिस्ट्री व सर्टिफिकेट पाने के बाद लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी भी देखी गई। सभी लाभार्थियों ने स्वामित्व पत्र मिलने पर मुख्यमंत्री नायब सैनी का भी धन्यवाद किया। सूरभि गर्ग ने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीब व जरूरतमंद लोगों को देखते हुए नीतियां बनाई है, ताकि हर व्यक्ति को उसका लाभ मिल सके। इस मौके पर वाइस चेयरमैन सीमा देवी, जिला महामंत्री सुरेश संधु, प्रवीन प्रजापति, पूर्व चेयरमैन यशपाल प्रजापति, पार्षद राज सैनी, पार्षद रिंकू सैनी, रोहन मित्तल, प्रवेश शर्मा, दीपक शर्मा, रजत थरेजा,बलराज उझाना सहित अन्य सैंकड़ों लाभार्थी उपस्थित थे।

### चेयरपर्सन ने दी सुरजेवाला को नसीहत

चेयरपर्सन सूरभि गर्ग ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैथल विधायक आदित्य सुर्जेवाला द्वारा विधानसभा में रखी गई अपनी समस्या पर उन्हें झूठा बताया और कहा कि आदित्य सुर्जेवाला ने विधानसभा में झूठ से शुरूआत की है। सुर्जेवाला ने विधानसभा में कहा कि कैथल शहर के 16 वार्डों में पिछले 2 वर्ष में कोई काम नहीं हुआ है। सूरभि ने कहा कि आदित्य पहले घर से बाहर निकलकर देखें, तभी उन्हें विकास दिखाई देगा। सूरभि गर्ग ने आदित्य को कहा कि अगर वे कैथल के विकास में कोई सहयोग करना चाहते हैं तो वे मुख्यमंत्री नायब सैनी के पास जाएं और शहर के विकास के लिए ग्रांट लेकर आएं, ताकि और तेजी से विकास करवाया जा सके। सूरभि ने कहा कि शहर में ऐसा कोई वार्ड नहीं है, जहां पर पिछले 2 वर्षों में करोड़ों रुपए के विकास कार्य ना हुए हों।

# बेरोजगारी भत्ते हेतु 30 नवंबर तक करें ऑनलाइन आवेदन: विक्रम सिंह

अर्थ प्रकाश /दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि रोजगार विभाग हरियाणा द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश



अनुसार बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत मंडल रोजगार कार्यालय फरीदाबाद में पंजीकृत 12वीं, ग्रेजुएट, पोस्ट-ग्रेजुएट बेरोजगार प्रार्थी जिनके 31 अक्टूबर 2024 तक 3 वर्ष पूरे हो चुके हैं, वे बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने हेतु आगामी 30 नवम्बर 2024 तक HREX पोर्टल https://hre&.gov.in/ पर आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन करने की शर्तें निम्न प्रकार से हैं :** डीसी ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक के पास सम्बन्धित जिले का रिहायशी प्रमाण पत्र होना चाहिए तथा आवेदक का 01 नवंबर 2024 को 03 वर्ष पुराना पंजीकरण होना चाहिए। यदि आवेदक द्वारा अपनी शैक्षणिक योग्यता को अपडेट किया गया हो तो उसे 31 अक्टूबर 2024 को 03 वर्ष पूर्ण होने चाहिए। आवेदक की आयु 21 से 35 वर्ष होनी चाहिए। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय सभी स्त्रोतों से 03 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक के रिहायशी व कमर्शियल संपत्ति की कीमत 10 लाख से अधिक न हो अथवा कृषि भूमि 02 हेक्टेयर से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक की योग्यता 12वीं अथवा 10वीं के पश्चात् दो वर्षीय कोर्स, स्नातक तथा स्नातकोत्तर पास होना चाहिए। वर्तमान में प्रार्थी विद्यार्थी/प्रशिक्षणार्थी /अप्रेन्टिस न हो।

# खबर के प्रकाशन के बाद रेलवे प्रशासन तत्काल हरकत में आया

अर्थ प्रकाश Impact



रेलवे स्टेशन पर उड़ाई जा रही स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां

शौचालय कुछ बंद पड़े हैं तो जो खुले हैं तो उनमें फैली है भयंकर गंदगी

क्या कहते हैं रेलवे विभाग के सीएमआई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सफीदों।** नगर के रेलवे स्टेशन के शौचालयों की सफाई व्यवस्था की पोल खोलती हुई खबर के प्रकाशन के बाद रेलवे प्रशासन तत्काल हरकत में आया है। रेलवे प्रशासन ने स्टेशन के सभी ख्शौचालयों के आननफानन में साफ-सफाई करवाकर उन्हे चख्काचक कर दिया है। गौरतलब है कि सफीदों के रेलवे स्टेशन पर स्वच्छ भारत मिशन की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही थी। स्टेशन के शौचालय भयंकर गदंगी व शौच से भरे पड़े थे। इसके अलावा यहां के शौचालयों में शराब की खाली बोतले व इंजेक्शन पड़े मिले थे। शौचालयों में चारो ओर शौच व मलमूत्र बिखरा हुआ था। माहौल इस कदर खराब था कि



शौचालयों में शौच जाना तो दूर खड़ा रह पाना तक बड़ा मुश्किल था। स्टेशन पर जगह-जगह कुड़े के ढेर लगे हुए थे। ऐसा लग रहा था कि इस स्टेशन का कोई वारिश ही नहीं है। ऐसे खराब हालात को देखकर संवाददाता ने रेलवे विभाग पानीपत के सीएमआई मुकेश कुमार से बात की और सारी समस्या को उनके संज्ञान में लाया। जिस पर उन्होंने बताया था कि सफीदों रेलवे स्टेशन पर सफाई कर्मचारी की नियुक्ति है। उन्होंने आश्वासन दिया था कि रेलवे स्टेशन के सभी शौचालयों की भलीभांति सफाई करवाई जाएगी तथा यात्रियों को किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी। इस समस्या को लेकर समाचार प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद सफीदों रेलवे स्टेशन के सोए पड़े अधिकारियों की आंखे खुली और यहां के शौचालयों को साफ करवाया।

## नाबालिग को ओयो/होटल में ठहराया तो संचालकों की खैर नहीं,होगी कड़ी कार्रवाई : एसपी

**पलवल (अप्रस)।** पुलिस कप्तान चंद्र मोहन ने बताया कि हाल ही में दो-तीन मामलों में देखने में आया है कि ओयो होटल संचालकों ने नियमों की अनदेखी कर नाबालिक लड़की/लड़का को अपने होटल में ठहराया। विधि विरुद्ध स्थिति पाई जाने पर इन होटल संचालक के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए इन्हें जेल की सलाखों के पीछे भी भेजा गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस इस दिशा में तेजी से काम कर रही है। पुलिस अधीक्षक पलवल ने बताया कि ओयो होटल संचालकों को ट्रेडमार्क लाइसेंस, फायर ब्रिगेड से फायर एनओसी, हरियाणा पुलिस से सर्टिफिकेट जैसी कई औपचारिकताएं पूरी करनी जरूरी है। इसके अलावा केवल बालिग महिला/पुरुष को होटल ओयो में ठहराने पर भी सभी जरूरी हिदयातों की पालना करनी होती है।

# समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सरकार का बड़ा कदम है समाधान शिविर: ए. मोना श्रीनिवास

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना में नगर निगम फरीदाबाद द्वारा चारों जोन में प्रत्येक कार्य दिवस प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। नगर निगम फरीदाबाद की निगमायुक्त ए. मोना श्रीनिवास स्वयं नगर निगम मुख्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में मौजूद रहकर शिकायतों को सुन रही हैं।

शुक्रवार को आयोजित समाधान शिविरों में कई शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके समाधान की समय सीमा निर्धारित करके संबंधित अधिकारियों को निगमायुक्त द्वारा निर्देश दिए गए हैं। शिविर में प्रॉपर्टी टैक्स डाटा सुधार संबंधी शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया जा रहा है, जबकि जिन शिकायतों में कुछ समय लगना है, उनकी समय सीमा निर्धारित करके अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए जा रहे हैं कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर शिकायत का समाधान सुनिश्चित करें तथा शिकायतकर्ता को भी समय-समय पर अवगत कराते रहें।

**निगमायुक्त की नागरिकों से अपील** निगमायुक्त ए. मोना श्रीनिवास ने फरीदाबाद के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि शहर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान का चौथा चरण लागू हो गया है। ऐसे में हम सभी की यह जिम्मेदारी है कि हम प्रदूषण के स्तर को कम करने में अपना योगदान दें। इसके तहत केन्द्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा लागू किए गए प्रतिबंधों की पालना सभी सुनिश्चित करें और कोई भी ऐसी गतिविधि ना करें जिससे प्रदूषण का स्तर बढ़े। आयोग द्वारा सभी प्रकार के निर्माण एवं तोड़फोड़ कार्यों पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया गया है। इसके साथ ही कचरे में आग लगाना, बिना ढके निर्माण सामग्री व मलबे को रखना या परिवहन करना, सार्वजनिक स्थान पर कचरा या मलबा फैंकना तथा कोयला या लकड़ी जलाना पूरी तरह से बैन है। अगर कोई व्यक्ति इस प्रकार की गतिविधियां करता है, जिससे प्रदूषण का स्तर बढ़े।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रीमद्भगवद्गीता पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता




**फरीदाबाद (अप्रस)।** श्रीमद्भगवद्गीता जयंती के अंतर्गत राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन किया गया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में इस पतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्रिंसिपल रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि विद्यालय की फाइन आर्ट्स प्राध्यापिका गीता और धर्मपाल शास्त्री द्वारा छात्राओं और छात्रों की विद्यालय स्तर की श्रीमद्भगवद्गीता की प्रतियोगिता का संचालन किया जा रहा है। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार श्लोकोच्चारण, संवाद, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर, निबंध आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय बंद होने के कारण विद्यार्थियों की ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। विद्यालय के विद्यार्थी सभी गतिविधियों में प्रतिभागिता कर रहे हैं। श्रीमद्भगवतगीता जीवन का सार एवं जीवन दर्शन है तथा हमें निष्काम कर्म करने के लिए प्रेरित करती हैं। आज छात्र और छात्राओं ने पेंटिंग द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता की शिक्षाओं को जीवन शैली में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता में हमारे दैनिक जीवन की सभी समस्याओं का निदान निहित है। श्रीमद्भगवद्गीता जीवन दर्शन है तथा हमें आदर्श जीवन जीने के लिए मार्ग प्रशस्त करती है। श्रीमद्भगवद्गीता सदैव ही धर्म से अधिक जीवन के प्रति अपने दार्शनिक दृष्टिकोण को लेकर भारत में ही नहीं विदेशों में भी जनमानस का ध्यान अपनी और आकर्षित कर रही है।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**फरीदाबाद (अप्रस)।** स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा स्थानीय मैट्रो अस्पताल, फरीदाबाद के सहयोग से आज नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर मैट्रो अस्पताल के चिकित्सकों की एक टीम जिसमें डॉ शिखा, स्त्री रोग विशेषज्ञ तथा डॉ. मोहित, जनरल फिजिशियन द्वारा कुशल पैरामेडिकल स्टाफ के सहयोग से शिविर का संचालन किया। कार्यक्रम को चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा के देखरेख में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए ब्लड प्रेशर चेक-अप, ब्लड शुगर चेक-अप और ईसीजी की जांच नि:शुल्क की गई।

## सुषमा स्वराज पुरस्कार के लिए पात्र महिलाएं करें 2 दिसंबर तक आवेदन करें : उपायुक्त

**पलवल (अप्रस)।** जिला उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी नुपुर ने बताया कि इसी कड़ी में विभाग ने विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को सुषमा स्वराज पुरुस्कार देने के लिए 2 दिसंबर 2024 तक आवेदन मांगे हैं। ये पुरुस्कार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च 2025 को प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाली व महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिलाओं को सुषमा स्वराज पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार में 5 लाख रूपए नकद, एक प्रशस्ति पत्र और एक शॉल शामिल है।

उन्होंने बताया कि आवेदक का जन्म हरियाणा में हुआ हो और महिलाओं के हित के लिए कम करती हो। नामांकन करने के दौरान नामांकित व्यक्ति जीवित होना चाहिए। पात्र महिलाएं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, पलवल कार्यालय कमरा नंबर 110-11 प्रथम तल सचिवालय कुश्लिपुर में 2 दिसंबर 2024 तक स्वयं उपस्थित होकर विभाग द्वारा निर्धारित प्रर्फोमा अनुसार आवेदन करें।

# जनता कॉलेज ने जीते 8 गोल्ड मेडल, 2 सिल्वर मेडल व एक ब्रोंज मेडल



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल।** बाबू अनंत राम जनता कॉलेज कौल के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने बताया कि हमारे कॉलेज के होनहार खिलाड़ियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित महिला एवं पुरुष अंतर-कॉलेज बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ गोल्ड मेडल, दो सिल्वर मेडल व एक ब्रोंज़ मेडल जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि हमारे कॉलेज में वॉलीबॉल, कुश्ती व बॉक्सिंग आदि खेलों में अतीत से ही खिलाड़ी श्रेष्ठ प्रदर्शन करके कॉलेज और यूनिवर्सिटी का नाम रोशन करते रहे हैं। हमारे खिलाड़ियों ने पूर्व में अनेकों बार राष्ट्र एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागिता करके अपनी प्रतिभा का लोहा बनवाया है। शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. बृजेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि पुरुष वर्ग में उदय सिंह 75 किलोग्राम गोल्ड मेडल, पुष्कर 86 किलोग्राम गोल्ड मेडल, पंकज कुमार 63 किलोग्राम गोल्ड मेडल, अनमोल 60 किलोग्राम गोल्ड मेडल, गंगा 54 किलोग्राम गोल्ड मेडल, विशेष कुमार 92 किलोग्राम सिल्वर मेडल व योगेष 51 किलोग्राम सिल्वर मेडल प्राप्त किया। महिला वर्ग में लक्ष्मी 52 किलोग्राम गोल्ड मेडल, तमन्ना 63 किलोग्राम गोल्ड मेडल, मुस्कान 48 किलोग्राम गोल्ड मेडल व वंशिका 70 किलोग्राम ब्रोंज़ मेडल प्राप्त करके सफलता प्राप्त की। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने शारीरिक शिक्षा विभाग में डॉ. बृजेंद्र सिंह, विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर पारसमणी, डॉ. अमित कुमार, बलकार सिंह व रॉबिन सिंह को हार्दिक बधाई दी।

# चादर में बंद मिली लाश की शनिवार दूसरे दिन भी नहीं हो पाई शिनाख्त

अर्थ प्रकाश /दीवान



**सफीदों।** सफीदों-असंध सड़क मार्ग पर गांव पाजू मोड़ के पास चादर में बंद मिली लाश की शनिवार दूसरे दिन भी शिनाख्त नहीं हो पाई। उधर पुलिस ने गांव पाजू कलां के चौकीदार सत्यवान के ब्यान पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दिए ब्यान में चौकीदार सत्यवान ने कहा कि सफीदों से असंध रोड़ पर उनके गांव के मोड के पास किसी व्यक्ति की लाश पड़ी होने की सूचना पाकर मौके पर पहुंचा। लाश को एक क्रीम रंग के कपड़े में बांधकर हरे व पीले धागे से चारों तरह से सिला हुआ था तथा ऊपर की तरफ गांठ भी लगी हुई थी। एक स्थान से सिलाई थोड़ी खुली हुई थी। उसमें से उसने देखा कि किसी अज्ञात 40 वर्षीय व्यक्ति की लाश थी। लाश को पुलिस व सीन ऑफ क्राईम टीम ने भी चैक किया। लाश को देखकर पाया कि वह उनके गांव व आसपास के किसी व्यक्ति की नहीं थी। ऐसा प्रतीत होता है कि अज्ञात लोगों ने इस व्यक्ति को मारकर कपड़े में डालकर व चारो तरफ से सिलाई करके इसको रात के अंधेरे में यहां फेंक दिया गया है। ब्यान के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। शव के निरीक्षण के दौरान पुलिस ने पाया कि मृत्तक के शरीर पर जामुनी रंग की शर्ट डाली हुई थी। पुलिस ने उसकी पहनी हुई पेंट की जेब से माचिस के टुकडे पर 9812989523 नंबर लिखा मिला। इसके अलावा मृतक के हाथ पर बीकेएल व ओम लिखा हुआ है। इस मामले के जांच अधिकारी एसआई दीपक ग्रोवर ने बताया कि लाश की शिनाख्त की काफी कोशिश की गई है लेकिन कुछ अता पता नहीं चल पाया है। पुलिस शिनाख्त के हरसंभव प्रयास कर रही है। उसके पास जो मोबाइल नंबर लिखा मिला है, उससे भी कोई संपर्क नहीं हो पाया। वह फोन नंबर बंद आ रहा है।

# महर्षि वाल्मीकि विश्वविद्यालय में छात्रों और शिक्षकों का धरना 33वें दिन भी जारी

## 26 नवंबर को शांतिपूर्ण मार्च की घोषणा

अर्थ प्रकाश /कृष्णा प्रजापति

**पुंडरी।** महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय में हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास और राजनीति विज्ञान जैसे विषयों को शास्त्री पाठ्यक्रम में पुनः शामिल करने की मांग को लेकर छात्रों और शिक्षकों का संयुक्त धरना 33वें दिन भी जारी रहा। विश्वविद्यालय प्रशासन की उदासीनता पर नाराजगी जाहिर करते हुए छात्रों और शिक्षकों ने संघर्ष को और तेज करने का ऐलान किया है। छात्रों और शिक्षकों ने सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान शिवचरण के साथ बैठक कर निर्णय लिया कि 26 नवंबर को शांतिपूर्ण पैदल मार्च आयोजित किया जाएगा। यह मार्च




विश्वविद्यालय परिसर से शुरू होकर डीसी कार्यालय तक पहुंचेगा। मार्च के दौरान क्षेत्र की जनता को बच्चों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ से अवगत कराने के लिए पर्चे वितरित किए जाएंगे। धरने में शामिल शिक्षकों ने स्पष्ट किया कि छात्रों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक हम अपना आंदोलन समाप्त नहीं करेंगे। छात्रों और शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम डीसी को ज्ञापन सौंपने की योजना बनाई है। इस ज्ञापन के माध्यम से वे पाठ्यक्रम में विषयों की बहाली की मांग करेंगे। शिक्षकों और छात्रों का कहना है कि यह आंदोलन सिर्फ उनके हित के लिए नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के बच्चों के भविष्य को बचाने के लिए है। धरने पर मौजूद शिक्षकों और छात्रों ने स्थानीय जनता व जनप्रतिनिधियों से भी अपील करते हुए कहा कि वे भी आंदोलन में शामिल होकर शिक्षा के अधिकार की इस लड़ाई को समर्थन दें।

# विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाली लड़कियों से सिफारिशें आमंत्रित: नरेंद्र कुमार

अर्थ प्रकाश /सुकरमपाल

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ऐसी लड़कियों के नामों की सिफारिश आमंत्रित की गई है, जिन्हें सामाजिक मुद्दों, शिक्षा, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य बारे जागरूकता पैदा करने तथा मीडिया और साहित्य में अनुकरणीय कार्य किया हो। ऐसी लड़कियों को राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। यह अवार्ड केवल लड़कियों के लिए है। नामांकन जमा करवाने की अंतिम तिथि 29 नवंबर 2024 है। नामांकन जमा करवाने अथवा किसी प्रकार की जानकारी के लिए स्थानीय जिला विकास भवन स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला



कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय कमरा संख्या 5 में संपर्क किया जा सकता है। यह पुरुस्कार अलग-अलग 9 श्रेणियों में दिए जाएंगे।







## गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब को जाने वाली सड़कों को 'पैच मुक्त' बनाने के लिए 95.54 लाख रुपए किए जारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों की शहादत को समर्पित शहीदी सभा के दौरान गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने गुरुद्वारा साहिब को जाने वाली सड़कों की मरम्मत (पैच मुक्त बनाने) के लिए 95.54 लाख रुपए जारी किए हैं।

मुख्यमंत्री ने यह फंड बसी संघोल रोड, जोधपुर से महिदियां रोड, सरहिंद चुन्नी रोड से घुमंडगढ़, सरहिंद चुन्नी रोड से दुफेरा, नोगांवां से लोहाड़ी रोड, बसी से डडहेड़ी वाया जेरखेला खेड़ी, फिरोजपुर, बाग सिकंदर, खरड़ बसी रोड से घुमंडगढ़, बसी संघोल रोड से कोटला मकसूदां वाया अब्दुल्लापुर महिदूदा, खेड़ी नौध सिंह से बसी पठाना तक मेक लिमट वाया बोर और अन्य सड़कों को पैच मुक्त करने के लिए जारी किए हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस उद्देश्य के लिए आवश्यक फंड जिला प्रशासन को जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस काम को तेजी से पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि शहीदी सभा के दौरान पवित्र स्थल के दर्शन करने आए श्रद्धालुओं को सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल राज्य सरकार की ओर से दशम पिता के परिवार द्वारा दी गई महान और अद्वितीय कुर्बानी के प्रति राज्य सरकार की विनम्र श्रद्धांजलि है। उन्होंने जोर देकर कहा कि फतेहगढ़ साहिब की पवित्र धरती केवल सिख समुदाय को ही नहीं बल्कि समूची मानवता को प्रेरणा देती है, जहां हर साल लाखों श्रद्धालु छोटे साहिबजादों और माता गुजरी जी के शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करने यहां आते हैं। छोटे साहिबजादों की अद्वितीय कुर्बानी का जिक्र करते हुए भगवंत सिंह मान ने कहा कि ऐसी मिसाल दुनिया के इतिहास में कहीं और नहीं मिलती।





















Bathinda: Santi 9780809351, Ludhiana 1: Raj 9814688000, Ludhiana 2: D.L Medical 9855603111, Sangrur 1: Ambay 9463559867, Sangrur 2: Rama 7696897760, Batala: Anmol 9464731685, Rampura: Deepak 9478759676, Rajpura: Deepak 9872213317, Jagron: Dr. Gupta 9417086337, Amritsar 1: G.S Medicine 9888453620, Amritsar 2: Khushab 7837215211, Amritsar 3: New Punjab 9876050155, Ferozpur 1: Ganpati 9463427229, Ferozpur 2: Parwaz 9417380555, Barnala 1: Garg 9815143319, Barnala 2 : Krishna 9815014111, Barnala 3: Om Prakesh 8146947152, Rahon: Gee Medical 9814940353, Tapa: Gill Medical: 9417638448, Hoshiarpur: Gokal 9814093906, Mansa 1: Goyal 9815563046, Mansa 2: Durga 9815131467, Kharar 1: Jain 9988378785, Kharar 2: P.C Jain 9988389896, Pathankot: Khanduja 9814133798, Jalandhar 1: Maddan 9815200866, Jalandhar 2: SR. Agencies 9815011423, Kotakpura: Mahadev 9872761234, Abohar: Mohit 9464205979, Nabha: Jain 9815251507, Moga: Romy 9417231231, Patiala: Raman 9888941352, Mour Mandi: SR. Agencies 9417581575, Kapurthala: SK. Traders 9417313133, Rama Mandi: SS. Pharma 9988224445, Malerkotla: Sher Trading 9814446658, Patiala: Shivom 9463074891, Bhagta: Yash 9815958279, Muktsar: Avinash 9814913366, Mansa: Satish 9878956037, Nawashehr: Friends 9815990901, Samana: Arora 9855710052, Tarantaran: Anmol 9256156672, Firozpur Cantt: Shiva 9855243377, Firozpur City 1: Varinda 9417448148, Firozpur City 2: Kamal 9877186485, Khanna: Gill 9872482735, Khanna: Vishal 9329800007, Rampura Phul 1: Panna Lal 9317557705, Rampura Phul 2: Prem Kumar 9815771690, Rampura Phul 3: Bharat 9876540399, Rampura Phul 4 : Deepak 9478459676, Faridkot 2: Labha Ram 8556800090, Faridkot 3: Kanshi Ram 8054270764, Ambala: Ram Kishan 9255151333, Fatehbaad 3: Rameshwer 9812490666, Rohtak: Jaswant 9996797007

अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)